डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार । 10 जून 2026 । वर्ष-32, अंक-234, पृष्ठ-12
अधिक ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10, संवत 2083 । डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते
पेज 12
www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर






| मेदिनीनगर | गढ़वा |
|---|---|
| अधि. 41.4° | अधि. 43.4° |
| न्यून. 29.6° | न्यून. 32.3° |

## दृष्टिपात

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 15 को

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 15 जून को दिन में 04:00 बजे से होगी। कैबिनेट की यह बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने मंगलवार को दी। कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई जा सकती है। ज्ञात हो कि पिछली बार राज्य कैबिनेट की बैठक 27 मई 2026 को हुई थी।

### रामपुर गोलीकांड के मुख्य आरोपित ने किया आत्मसमर्पण

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के चर्चित रामपुर गोलीकांड मामले में मुख्य आरोपित मंटू सिंह ने मंगलवार को पलामू सिविल कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। मामले की जांच में जुटी पुलिस अब उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। चैनपुर थाना प्रभारी लालजी ने आत्मसमर्पण की पुष्टि करते हुए बताया कि न्यायालय की अनुमति मिलने के बाद मंटू सिंह को पुलिस रिमांड पर लेकर मामले के विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांड में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।गौरतलब है कि 23 मई को रामपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। विवाद के दौरान हुई गोलीबारी में सिकंदर चौधरी की मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए थे। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।इस मामले में पुलिस ने 17 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए 25 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

### आज / कल




पेयजल व स्वच्छता विभाग की कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान सीएम ने कहा-

# घरों तक पेयजल पहुंचाने की योजना जल्द करें पूरी

**- बोले सीएम**

- पेयजल संकट की संभावना वाले क्षेत्रों की विशेष निगरानी रखी जाए
- जल जीवन मिशन योजना का एक बेहतर फ्रेमवर्क बनाएं
- वाटर रिचार्ज के लिए सोकपिट सहित अन्य प्रभावी पहलुओं का आधुनिकीकरण करें


बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद भी थे उपस्थित

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाते हुए राज्य के प्रत्येक घर में पाइपलाइन एवं नल के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य को समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद उपस्थित थे।
मुख्यमंत्री सोरेन ने जलापूर्ति व्यवस्थाओं के आवश्यक रख-रखाव और मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल की उपलब्धता जनजीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है, इन कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल संकट की संभावना वाले क्षेत्रों की विशेष निगरानी रखी जाए। जहां भी पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है, उन क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां त्वरित कार्रवाई कर आम जनों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए।

शेष पेज 11 पर...

### जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जवाबदेह व्यवस्था विकसित करने का निर्देश

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी शहरी क्षेत्रों की तरह बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए पेयजल आपूर्ति से संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं को गति प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य में जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्द्धन पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण तथा भू-जल स्तर को बनाए रखने के लिए प्रभावी एवं दीर्घकालिक योजनाएं तैयार की जाएं। साथ ही, लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को योजनाओं की नियमित मॉनीटरिंग करने, कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने तथा जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान के लिए जवाबदेह व्यवस्था विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रत्येक परिवार सुरक्षित पेयजल एवं बेहतर स्वच्छता सुविधाओं का लाभ प्राप्त करे। इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता और बेहतर कार्ययोजना साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

# धरती आबा को राज्यपाल और सीएम ने दी श्रद्धांजलि



- बिरसा चौक, रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित, विधायक कल्पना सोरेन भी थीं मौजूद

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर राजधानी रांची के कोकर स्थित उनके समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने बिरसा चौक, रांची स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कोटि-कोटि नमन करते हुए भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया।
भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का त्याग, संघर्ष एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

शेष पेज 11 पर...



“धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए विदेशी हुकूमत के विरुद्ध अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया। उनका पूरा जीवन जनजातीय समाज के स्वाभिमान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा को समर्पित रहा। मातृभूमि के लिए सर्वस्व त्याग करने की उनकी गाथा देश की हर पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति का संचार करती रहेगी।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री (सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर)**



“भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर, मैं 'धरती आबा' को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिनका जीवन साहस, आत्म-सम्मान और न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। ऐतिहासिक 'उलगुलान' के माध्यम से, उन्होंने दमन के विरुद्ध प्रतिरोध की भावना जगाई और आदिवासी समुदायों को अपने अधिकारों, पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए प्रेरित किया।

**- सीपी राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति (सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर)**

# 20 घंटे बाद खुला बालूमाथ स्टेट हाईवे

- जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी की पहल पर समाप्त हुआ आंदोलन

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ के बिरहोर टोला के समीप तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आकर एक आदिम जनजाति ग्रामीण की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा लगभग 20 घंटे से किए जा रहे स्टेट हाईवे जाम को मंगलवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी की पहल पर समाप्त कराया गया। लंबे समय से बाधित यातायात को बहाल कराने के लिए अनीता देवी स्वयं मौके पर पहुंचीं और प्रशासन, कंपनी प्रबंधन तथा ग्रामीणों के बीच लगातार वार्ता कर समाधान का रास्ता निकाला।
करीब चार घंटे चली त्रिपक्षीय वार्ता के बाद कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी। समझौते के तहत पीड़ित परिवार को तत्काल पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त वाहन की बीमा कंपनी से नियमानुसार अतिरिक्त मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति बनी। बैठक में मृतक की पत्नी को कंपनी की ओर से आजीवन तीन हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देने तथा सरकारी विधवा सम्मान पेंशन से जोड़ने का निर्णय लिया गया। वहीं मृतक के पुत्र को रोजगार उपलब्ध कराने और बिरहोर टोला में पेयजल संकट दूर करने के लिए बोरिंग कराने पर भी सहमति बनी।

शेष पेज 11 पर...

### चतरा के गिद्धौर में 1.38 किलोग्राम अफीम बरामद तस्कर गिरफ्तार

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर पुलिस ने अवैध अफीम तस्करी के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1.380 किलोग्राम अवैध अफीम, एक मोबाइल फोन तथा तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपये बताई गई है।
सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नागरगोजे शुभम भाऊ साहब ने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि चतरा-इटखोरी मुख्य सड़क स्थित बेलगाछ के समीप एक व्यक्ति अफीम की खरीद-बिक्री करने वाला है। सूचना के आधार पर छापेमारी टीम का गठन किया गया।
कार्रवाई के दौरान चतरा सदर थाना क्षेत्र के कसियाडीह टीकर गांव निवासी 35 वर्षीय उदय दांगी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके पास से सफेद प्लास्टिक में रखी 1.380 किलोग्राम अफीम, काले रंग का ओप्पो मोबाइल फोन तथा लाल-काले रंग की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (जेएच-13एच-5234) बरामद हुई।
छापेमारी टीम में एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊ साहब, अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा तथा थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। अभियान में सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे।

झारखंड हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# दुष्कर्म पीड़िता के 'टू फिंगर टेस्ट' पर तत्काल प्रतिबंध लगाएं

- आदेश के उल्लंघन पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को यौन हिंसा और दुष्कर्म पीड़िताओं के अधिकारों की सुरक्षा, त्वरित न्याय, पुनर्वास और मुआवजा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार, पुलिस प्रशासन, न्यायपालिका और संबंधित विभागों के लिए 19 अहम दिशा निर्देश जारी किए हैं।
यह मामला यौन हिंसा पीड़िताओं की सुरक्षा, पुनर्वास और न्याय तक उनकी आसान पहुंच सुनिश्चित करने से संबंधित था।मामले में न्यायमित्र (एमिकस क्यूरी) के रूप में अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने अदालत को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिन्हें न्यायालय ने अपने आदेश का हिस्सा बनाया।हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में दुष्कर्म एवं यौन हिंसा पीड़िताओं के मेडिकल परीक्षण के दौरान किए जाने वाले 'टू फिंगर टेस्ट' पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस आदेश का उल्लंघन पेशेवर कदाचार माना जाएगा और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।खंडपीठ ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 173 के तहत राज्यभर में जीरो एफआईआर की व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि इस व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय एवं दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, यौन अपराधों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया है।

शेष पेज 11 पर...




### दुष्कर्म पीड़िताओं के बच्चों को 12वीं तक मिलेगा फ्री एजुकेशन

झारखंड हाईकोर्ट ने प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया है, जो दुष्कर्म से जन्मे बच्चों की शिक्षा और कल्याण की निगरानी करेगा। ऐसे बच्चों को कक्षा 12 तक निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त, यदि कोई छात्र आईआईटी, एनआईटी, एम्स, आईआईएम या अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित होता है, तो उसे छात्रवृत्ति प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है।

# लापता नाबालिग के मामले में जांच की धीमी प्रगति पर हाईकोर्ट नाराज

- बोकारो से लापता हुई नाबालिग की मां ने हाईकोर्ट में दायर की है याचिका

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बोकारो जिले से अक्टूबर 2020 से लापता नाबालिग के मामले में जांच की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए मंगलवार को सीआईडी के एडीजी मनोज कौशिक को तलब किया। सुनवाई के दौरान एडीजी ने अदालत को बताया कि वह स्वयं मामले की निगरानी कर रहे हैं और सीआईडी की टीम जांच को आगे बढ़ा रही है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है। इस संबंध में लापता नाबालिग लड़की की मां ने हैबियस कॉर्पस याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति प्रदीप श्रीवास्तव की खंडपीठ ने इसपर सुनवाई करते हुए एडीजी से पूछा कि अब तक की जांच में क्या परिणाम आया है। एडीजी ने बताया कि जांच को गति देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और उपलब्ध सभी तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर मामले की पड़ताल की जा रही है। इससे पहले, सोमवार को हुई सुनवाई में सीआईडी और पिंड्राजोड़ा थाने में दर्ज मामले के अनुसंधानकर्ता अदालत में सशरीर उपस्थित हुए थे। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया था कि अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह में इस मामले की जांच सीआईडी को सौंप दी गई थी। सीआईडी की ओर से जानकारी दी गई कि 5 मई 2026 को मामला दर्ज कर औपचारिक रूप से जांच शुरू की गई। सोमवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने उपस्थित सीआईडी इंस्पेक्टर से अब तक की जांच की स्थिति के बारे में जानकारी मांगी थी।

**क्रिकेट**

उद्घाटन समारोह में कणिका कपूर की प्रस्तुति, खेल के साथ मनोरंजन का भी तड़का

# आज से टी-20 महाकुंभ शुरू, 23 जून को फाइनल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के क्रिकेट इतिहास में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तर्ज पर आयोजित हो रही झारखंड टी-20 क्रिकेट लीग का आगाज 10 जून से जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा। राज्य के छह क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। दो सप्ताह तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबलों के साथ मनोरंजन का भी भरपूर अवसर मिलेगा। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसजे अपलिफ्ट के निदेशक संभव जैन ने बताया कि उद्घाटन समारोह को भव्य और यादगार बनाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। बॉलीवुड की प्रसिद्ध गायिका कणिका कपूर अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देंगी। इसके अलावा झारखंड के स्थानीय कलाकार भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। उन्होंने कहा कि क्रिकेट और मनोरंजन का यह अनूठा संगम आयोजन को विशेष बनाएगा।

**रोजाना दो मुकाबले, 23 जून को फाइनल :** टूर्नामेंट के लीग चरण में प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला दोपहर 12 बजे और दूसरा शाम 7:30 बजे शुरू होगा। 22 जून को दोनों सेमीफाइनल मुकाबले आयोजित होंगे, जबकि 23 जून की रात फाइनल मैच के साथ पहले झारखंड टी-20 चैंपियन का फैसला होगा।



### दर्शकों के लिए मुफ्त प्रवेश

आयोजकों ने क्रिकेट प्रेमियों को बड़ी सौगात देते हुए टूर्नामेंट के सभी मुकाबलों के लिए स्टेडियम में प्रवेश निशुल्क रखा है। दर्शक मैच शुरू होने से दो घंटे पहले स्टेडियम में प्रवेश कर सकेंगे। जो लोग स्टेडियम तक नहीं पहुंच पाएंगे, वे जियो हॉटस्टार और डीडी स्पोर्ट्स पर मैचों का सीधा प्रसारण देख सकेंगे।

### स्थानीय प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच

आयोजकों के अनुसार झारखंड टी-20 लीग केवल एक क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि राज्य की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं को पहचान और अवसर देने का मंच है। लीग से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा और राज्य में क्रिकेट संस्कृति को नई मजबूती मिलेगी।

**छह टीमें लेंगी हिस्सा :** टूर्नामेंट में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के नाम पर गठित छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें रांची टाइटंस, धनबाद डायमंड्स, जमशेदपुर स्टीलर्स, संथाल स्ट्राइकर्स, कोयलांचल सुपर किंग्स और छोटानागपुर रॉयल्स शामिल हैं। टीमों की जिम्मेदारी अनुभवी कोचों को सौंपी गई है। शेष पेज 11 पर

विनीत तिवारी हत्याकांड

# प्रदीप की संपत्ति का आकलन जमीन और मकान की जांच

- आकलन के बाद शुरू होगी संपत्ति जब्ती की कार्रवाई : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विनीत तिवारी अपहरण एवं हत्याकांड के फरार मुख्य आरोपित प्रदीप तिवारी उर्फ महाकाल पर अब पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। गिरफ्तारी से बचकर फरार चल रहे महाकाल की संपत्ति का आकलन शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को पलामू पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम उसके घर पहुंची और मकान तथा जमीन की विस्तृत जांच-पड़ताल की।सदर अंचल कार्यालय और पुलिस की टीम ने महाकाल के आवास की मापी कर यह जांच की कि मकान किस जमीन पर बना है, जमीन का वास्तविक मालिक कौन है तथा कहीं किसी भूमि पर अवैध या जबरन कब्जा तो नहीं किया गया है। टीम ने संपत्ति से जुड़े विभिन्न बिंदुओं का भौतिक सत्यापन भी किया।
पलामू के पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने बताया कि फरार आरोपित प्रदीप तिवारी उर्फ महाकाल की संपत्तियों का आकलन किया जा रहा है। प्रक्रिया पूरी होते ही संपत्ति जब्ती की कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। गौरतलब है कि 25 अप्रैल को टाउन थाना क्षेत्र से विनीत तिवारी का अपहरण किया गया था।

शेष पेज 11 पर...

## जैप-8 कैंप के पास पुलिस का सघन वाहन जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं सड़क सुरक्षा को लेकर मंगलवार को जैप-8 कैंप के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने किया। जांच के दौरान पुलिस ने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की गहन जांच करते हुए हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। कई वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत भी दी गई। पुलिस की इस कार्रवाई से बिना वैध कागजात एवं नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों में हड़कंप की स्थिति रही। एसडीपीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अपराध नियंत्रण के साथ-साथ लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि नियमित जांच से असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान में लेस्लीगंज थाना के एसआई विक्रम शील, राजू मांझी, रामानंद प्रसाद सहित पुलिस बल के जवान सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

### केंद्रीय टीम ने जलापूर्ति योजनाओं का किया निरीक्षण, जलसहियाओं की कार्यशैली की सराहना

# हैदरनगर में बंद पड़ी योजनाओं को शीघ्र चालू करने का निर्देश

- ग्रामीणों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** केंद्र सरकार की ओर से जलापूर्ति योजनाओं की प्रगति और उपयोगिता का आकलन करने पहुंची केंद्रीय टीम ने मंगलवार को हैदरनगर प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्य पराग मजुमदार ने सड़ेया, काजीनगर, हेमजा एवं बहेरा गांव में संचालित जलापूर्ति योजनाओं का निरीक्षण किया और जहां योजनाएं अपेक्षित गति से संचालित नहीं पाई गईं, वहां संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता वीरेंद्र कुमार सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन योजनाओं में तकनीकी या अन्य कारणों से जलापूर्ति बाधित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र चालू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं का उद्देश्य केवल संरचनाओं का निर्माण नहीं, बल्कि हर घर तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करना है। केंद्रीय टीम ने जल गुणवत्ता परीक्षण के कार्य में जुटी जलसहियाओं दमयंती देवी, संजू देवी और बीभा देवी के कार्यों का भी अवलोकन किया। जल गुणवत्ता की जांच और निगरानी में उनकी सक्रिय भूमिका एवं समर्पण की सराहना करते हुए पराग मजुमदार ने कहा कि योजनाओं की सफलता में जलसहियाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जल गुणवत्ता की नियमित जांच से ही लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सकता है। प्रखंड वॉश समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने बताया कि केंद्रीय टीम का यह दौरा जल जीवन मिशन एवं अन्य पेयजल योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने बताया कि कबरा कला मल्टी विलेज पेयजलापूर्ति योजना के तहत हैदरनगर प्रखंड के विभिन्न गांवों में जलमीनार और पाइपलाइन निर्माण का कार्य प्रगति पर है। उम्मीद है कि केंद्रीय टीम के निर्देशों के बाद योजनाओं के क्रियान्वयन में और तेजी आएगी। ग्रामीणों ने भी उम्मीद जताई कि निरीक्षण के बाद जलापूर्ति योजनाओं की गति बढ़ेगी और जल्द ही प्रत्येक घर तक नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।



**परीक्षण के कार्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ रखने की अपील**

सभी जलसहियाओं से अपील की कि वे जल गुणवत्ता परीक्षण के कार्य को पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ जारी रखें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी लोगों तक पहुंचेगा जब जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मी पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

## रखरखाव के अभाव में जमींदोज होने के कगार पर पहुंचा दैनिक बाजार का पहला चापाकल

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय दैनिक बाजार क्षेत्र का सबसे पुराना चापाकल रखरखाव के अभाव में जमींदोज होने की स्थिति में पहुंच गया है। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण और मिट्टी भराई के दौरान चापाकल की ऊंचाई नहीं बढ़ाई गई, जिसके कारण उसका हैंडल जमीन के करीब पहुंच गया और आसपास गंदा पानी जमा होने लगा। धीरे-धीरे इसका उपयोग कम होता गया और वर्तमान में जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। स्थानीय लोगों ने चापाकल की मरम्मत, ऊंचाई बढ़ाने अथवा उखाड़-गाड़ योजना के तहत पुनर्स्थापित करने की मांग की है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चापाकल की ऊंचाई बढ़ाकर उसे जल्द चालू कराने का प्रयास किया जाएगा।



# नगर पंचायत की दो निविदाओं को रद्द करने की मांग

- वार्ड पार्षदों ने लगाया मानकों की अनदेखी का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा जारी दो अति अल्पकालीन निविदाओं को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। एक दर्जन से अधिक वार्ड पार्षदों ने निविदा प्रक्रिया में तकनीकी मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए इसे रद्द करने की मांग की है। वार्ड पार्षदों द्वारा भेजे गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि निविदा सूचना संख्या एनपीएच/01/2026-27 एवं एनपीएच/02/2026-27 के अंतर्गत प्रस्तावित पीसीसी सड़कों की मोटाई 4 इंच निर्धारित की गई है, जो उनके अनुसार प्रचलित मानकों के अनुरूप नहीं है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जिन मार्गों पर निर्माण प्रस्तावित है, वहां नियमित रूप से छोटे एवं बड़े वाहनों का आवागमन होता है। ऐसे में कम मोटाई वाली सड़कें अधिक समय तक टिकाऊ नहीं होंगी। वार्ड पार्षदों ने परिमाण विपत्र (बीओक्यू) की बिक्री पर रोक लगाने तथा निविदा प्रक्रिया की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि नगर विकास मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव तथा पलामू उपायुक्त को भी भेजी गई है।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत में नजारत प्रभार को लेकर बढ़ा विवाद

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत में नजारत (कैश एवं वित्तीय अभिलेख) के प्रभार को लेकर प्रशासनिक विवाद गहराता जा रहा है। राज्य सरकार एवं नगर प्रशासन निदेशालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद नजारत से जुड़े सभी अभिलेख और संचिकाएं संबंधित कर्मी को हस्तांतरित नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार वित्त विभाग और नगर प्रशासन निदेशालय ने वित्तीय कार्यों से जुड़े कर्मियों के कार्य परिवर्तन एवं संविदा कर्मियों को नजारत कार्यों से अलग रखने का निर्देश जारी किया था। इसके आलोक में नगर पंचायत कार्यालय ने 5 मई 2026 को आदेश जारी कर नजारत संबंधी कार्य दूसरे कर्मी को सौंप दिया था। आवेदन में दावा किया गया है कि 81 संचिकाओं में से केवल 16 संचिकाएं ही उपलब्ध कराई गई हैं।

## नशामुक्त झारखंड अभियान को मिलेगी धार पलामू के मास्टर ट्रेनर्स ने रांची में लिया प्रशिक्षण

**सतबरवा।** झारखंड सरकार के नशामुक्त झारखंड अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से रांची के डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम में पलामू जिले के शिक्षकों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम गृह विभाग, सीआईडी एवं रिनपास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश के मार्गदर्शन में पलामू से एपीओ मनोज मिश्रा, शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी, दिलीप प्रसाद एवं दीपक कुमार ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान तथा नशे की रोकथाम के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि 11 जून को पलामू में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें शिक्षकों, नोडल पदाधिकारियों, फील्ड कर्मियों तथा विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि नशामुक्ति अभियान को गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके।

### महुडंड पंचायत में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# बैंकिंग सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नक्सल प्रभावित एवं सुदूरवर्ती महुडंड पंचायत सचिवालय में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया मीना देवी ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, डिजिटल लेन-देन तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। मुखिया मीना देवी ने कहा कि वित्तीय साक्षरता केवल धन के प्रबंधन तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भर और सशक्त समाज के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब गांव का प्रत्येक व्यक्ति बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ेगा और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करेगा, तभी समावेशी विकास की परिकल्पना साकार हो सकेगी। कार्यक्रम में अग्रगति संस्था के सीएफएल प्रखंड समन्वयक धन्नजय कुमार सिंह ने संस्था द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता अभियान का उद्देश्य दूरस्थ एवं वंचित परिवारों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। सीएफएल प्रखंड प्रशिक्षक सतीश शर्मा ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, बैंकिंग लोकपाल, बीमा लोकपाल, केवाईसी एवं सी-केवाईसी की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कृषिका एप के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कृषि सेवाओं एवं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया भी समझाई। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव को लेकर लोगों को विशेष रूप से जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, स्क्रीन शेयरिंग से बचें, सोशल मीडिया खातों को सुरक्षित रखें तथा ओटीपी, यूपीआई पिन और एटीएम पिन किसी के साथ साझा न करें। कार्यक्रम में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, भारतीय रिजर्व बैंक हेल्पलाइन 14448 एवं सी-केवाईसी हेल्पलाइन नंबर 7799022129 की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई और बैंकिंग एवं डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।



## स्टेशन रोड के नहर चौक से हटाया गया जलजमाव





- आवागमन हुआ सुगम, लोगों ने जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेशन रोड के नहर चौक के समीप लंबे समय से बने जलजमाव की समस्या का समाधान हो गया है। स्थानीय लोगों ने इसे 3 जून को प्रकाशित समाचार का सकारात्मक प्रभाव बताया है। लोगों के अनुसार भाली निवासी कंचन कुमार सिंह ने पहल करते हुए जलजमाव हटाने और नाली की सफाई का कार्य कराया, जिससे सड़क पर आवागमन सामान्य हो गया। स्थानीय लोगों ने इसे सराहनीय एवं अनुकरणीय कदम बताया है। हालांकि लोगों ने कहा कि सड़क किनारे कई स्थानों पर नालियों का अभाव तथा नियमित सफाई नहीं होने के कारण भविष्य में फिर जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने सड़क के पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण की भी मांग की।

# मुख्य नहर की लाइनिंग के साथ किनारे की सड़क के पक्कीकरण की उठी मांग

### बरसात में कीचड़ और जलजमाव से ग्रामीणों को होती है भारी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल मुख्य नहर की लाइनिंग कार्य के साथ-साथ उसके दाहिने किनारे स्थित कच्ची सड़क का भी पक्कीकरण कराने की मांग क्षेत्र के ग्रामीणों ने उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि दशकों पूर्व नहर निर्माण के दौरान बनाई गई यह सड़क आज भी कच्ची अवस्था में है, जिससे बरसात के दिनों में आवागमन बेहद कठिन हो जाता है। ग्रामीणों के अनुसार भीमबराज से निकलने वाली मुख्य नहर के दाहिने किनारे जीरो आरडी से गाजीबिहरा तक सड़क का निर्माण वर्षों पहले किया गया था, लेकिन चार दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इसका पक्कीकरण नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप बरसात के मौसम में सड़क पर जलजमाव और कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जबकि गर्मी के दिनों में धूल के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नहर के दाहिने किनारे पक्की सड़क का निर्माण कर दिया जाए तो कादलकर्मी-दंगवार वाया जपला मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिलेगी। साथ ही नहर किनारे बसे गांवों तक लोगों का आवागमन भी आसान हो जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व नहर के बाएं किनारे गाजीबिहरा से कोसीआरा तथा जपला से नवीनगर तक पक्की सड़क का निर्माण कराया गया था, जिससे अंतरराज्यीय संपर्क बेहतर हुआ और लोगों को आवागमन में सुविधा मिली। इसी तर्ज पर अब दाहिने किनारे की सड़क को भी विकसित किए जाने की आवश्यकता है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में मुख्य नहर की लाइनिंग का कार्य चल रहा है। ऐसे में यदि इसी परियोजना के साथ सड़क निर्माण को भी शामिल कर लिया जाए तो क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने सरकार एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि नहर लाइनिंग कार्य के साथ-साथ सड़क के पक्कीकरण की योजना को भी स्वीकृति दी जाए, ताकि बरसात के मौसम में भी ग्रामीणों का आवागमन बाधित न हो और क्षेत्र के विकास को नई गति मिल सके।



## जनसमस्याओं को लेकर ऊंटारी रोड बीडीओ की कार्यशैली पर उठे सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न जनसमस्याओं, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर जिला परिषद प्रत्याशी एवं युवा समाजसेवी अजय कुमार गुप्ता ने प्रखंड प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठाया गया। अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि अधिकारी जनता और जनप्रतिनिधियों के फोन तक नहीं उठाते हैं तो इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पेयजल, आवास, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, जिनके समाधान के लिए प्रभावी प्रशासनिक पहल की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि समस्याओं के समाधान को लेकर अपेक्षित तत्परता नहीं दिख रही है, जिसके कारण आम लोगों में निराशा बढ़ रही है। विकास योजनाओं की निगरानी और जनहित के मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर लोगों तक पहुंच सके। अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि वे क्षेत्र की समस्याओं को लगातार उठाते रहेंगे और जनता के अधिकारों एवं विकास से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के साथ संवाद की प्रक्रिया को और मजबूत बनाया जाए। वहीं इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी का पक्ष जानने के लिए संपर्क किए जाने पर उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में जनता की सैकड़ों समस्याएं हैं और हर कॉल रिसीव कर पाना संभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को यदि कोई समस्या या शिकायत है तो वह कार्यालय में आकर लिखित आवेदन दे सकता है, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस

# नुक्कड़ नाटक व सुरक्षा संवाद के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के विभिन्न समपार फाटकों पर विशेष सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के निर्देश पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य आमजन को समपार फाटकों पर सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना था। इस दौरान लोगों से बंद फाटक पार नहीं करने, चेतावनी संकेतों का पालन करने तथा रेल पथ पार करते समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों और आम नागरिकों से संरक्षा नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में सहयोग करने का आग्रह किया।





**सावधानियों व सुरक्षा नियमों की जानकारी दी**

अभियान की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर नुक्कड़ नाटक के मंचन से हुई, जिसमें लोगों को समपार फाटक पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। मंडल के विभिन्न समपार फाटकों पर बैनर प्रदर्शित किए गए तथा पंपलेट बांटकर सड़क उपयोगकर्ताओं को जागरूक किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता, अनुभाग अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, यातायात निरीक्षक एवं संरक्षा सलाहकारों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने डीडीयू-डेहरी ऑन सोन-गया, सासाराम-आरा तथा सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड के कुल 52 समपार फाटकों पर अभियान चलाया।


## रेलवे फाटकों पर जाम से राहत का इंतजार

- निरीक्षण के महीनों बाद भी शुरू नहीं हो सका वैकल्पिक मार्ग निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत हैदरनगर स्टेशन से जुड़े रेलवे फाटक संख्या 50 बीटी एवं 51 सीई पर वर्षों से लग रहे जाम से लोगों को अब तक राहत नहीं मिल सकी है। संयुक्त निरीक्षण और कई प्रस्तावों के बावजूद वैकल्पिक मार्ग एवं अंडरपास निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। गत 2 मई को सांसद विष्णु दयाल राम की पहल पर रेलवे और प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण कर लिमिटेड हाइट सबवे, बाईपास सड़क, सर्विस लेन तथा आरओबी निर्माण जैसे प्रस्तावों पर चर्चा की थी। अधिकारियों ने वैकल्पिक मार्ग का कार्य शीघ्र शुरू करने का आश्वासन भी दिया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिदिन हजारों लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। मरीजों, छात्रों और नौकरीपेशा लोगों को विशेष परेशानी होती है। लोगों ने रेलवे प्रशासन से प्रस्तावित कार्यों की समयसीमा सार्वजनिक करने तथा शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।






# अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर होगी कड़ी कार्रवाई : उपायुक्त

- पीसीपीएनडीटी एक्ट की समीक्षा, औचक निरीक्षण के दिए निर्देश
- लिंग जांच रोकने को लेकर चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी (प्री-कन्सेप्शन एंड प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स) एक्ट के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन, निरीक्षण व्यवस्था तथा कन्या भ्रूण हत्या रोकने को लेकर चलाए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जिले में संचालित पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी प्राप्त की तथा पीसीपीएनडीटी टीमों को नियमित रूप से औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना पंजीकरण के संचालित किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड मशीन संचालित होती पाई जाती है तो मशीन को तत्काल सील करते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के सभी प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किए बिना किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र का संचालन नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निगरानी व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि जिले के सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों में "लिंग भ्रूण जांच अपराध है" संबंधी सूचना बोर्ड एवं जागरूकता पोस्टर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किए जाएं। साथ ही प्रत्येक केंद्र पर चिकित्सक का नाम, उपलब्धता का समय तथा अन्य आवश्यक जानकारियां स्पष्ट रूप से अंकित हों, यह सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने कन्या भ्रूण हत्या को सामाजिक अपराध बताते हुए आम नागरिकों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र में प्रसव पूर्व लिंग जांच या कन्या भ्रूण हत्या से संबंधित गतिविधि की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल स्वास्थ्य विभाग अथवा जिला प्रशासन को दें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि बेटियों का संरक्षण और लैंगिक समानता समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पीसीपीएनडीटी एक्ट का प्रभावी अनुपालन कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम, जिला सलाहकार समिति की सदस्य इंदुलेखा भगत, नीलम होरो सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी से तप रहा पलामू 41.4 डिग्री पहुंचा तापमान

- अगले 4-5 दिनों में मानसून की दस्तक की उम्मीद

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में भीषण गर्मी और उमस का दौर लगातार जारी है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह के समय आर्द्रता 56 प्रतिशत एवं शाम को 32 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई। पिछले 24 घंटे के दौरान जिले में वर्षा नहीं हुई और वर्षापात शून्य मिलीमीटर दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिनभर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम रही। गर्मी के कारण पेयजल की मांग बढ़ गई है, वहीं किसान भी मानसून की प्रतीक्षा कर रहे हैं ताकि खरीफ फसलों की खेती की तैयारियां शुरू की जा सकें।

इस बीच मौसम विभाग की ओर से पलामू समेत पूरे झारखंड के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। मौसम विभाग द्वारा जारी दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति संबंधी ताजा अपडेट के अनुसार अगले चार से पांच दिनों के दौरान झारखंड में मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। इसके साथ ही बिहार, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में भी मानसून के विस्तार की संभावना जताई गई है।मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून वर्तमान में देश के विभिन्न हिस्सों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यदि मौसमीय परिस्थितियां अनुकूल बनी रहीं तो अगले कुछ दिनों में झारखंड के विभिन्न जिलों में मानसून की दस्तक हो सकती है। मानसून के आगमन के साथ राज्य के कई हिस्सों में वर्षा गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी, जिससे तापमान में गिरावट आने और लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। पलामू जिले के किसानों की नजरें भी मानसून पर टिकी हुई हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर मानसून पहुंचने से धान समेत खरीफ फसलों की बुआई का कार्य सुचारू रूप से शुरू हो सकेगा। बारिश की कमी के कारण खेतों में अभी पर्याप्त नमी नहीं है, जिससे किसान बुआई कार्य शुरू नहीं कर पा रहे हैं। मौसम विभाग ने फिलहाल लोगों को गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है। विभाग ने कहा है कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थों का सेवन करें तथा बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखें। यदि मौसम विभाग का पूर्वानुमान सही साबित होता है, तो अगले सप्ताह तक पलामूवासियों को भीषण गर्मी से राहत मिलने के साथ मानसून की पहली बारिश का इंतजार खत्म हो सकता है।

## दृष्टिपात

### शिकायतों के बीच एनएचएआई के परियोजना निदेशक राजीव रंजन मूल विभाग एनटीपीसी लौटाए गए

**मेदिनीनगर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के डाल्टनगंज परियोजना इकाई (पीआईयू) में पदस्थापित महाप्रबंधक (तकनीकी) सह परियोजना निदेशक राजीव रंजन को उनके मूल विभाग एनटीपीसी वापस भेज दिया गया है। एनएचएआई मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा 8 जून 2026 को जारी कार्यालय आदेश संख्या 7876 के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से प्रत्यावर्तित (रिपैट्रिएट) करने का निर्देश दिया गया है। एनएचएआई के आदेश के अनुसार राजीव रंजन को तत्काल अपने मूल विभाग एनटीपीसी में योगदान देने को कहा गया है। साथ ही प्रभार हस्तांतरण एवं ग्रहण करने की रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि राजीव रंजन के कार्यकाल को लेकर हाल के दिनों में शिकायतों का मामला चर्चा में रहा था। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद (एनआरएससी) के सदस्य रविन्द्र तिवारी ने 3 जून 2026 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि डाल्टनगंज में पदभार ग्रहण करने के बाद परियोजना निदेशक द्वारा अनुभवी कर्मियों को हटाने तथा अपने पसंदीदा लोगों को साथ रखने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया था कि पीआईयू डाल्टनगंज के कई कर्मचारियों ने लिखित आवेदन देकर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया है। इससे पहले 29 जनवरी 2026 को भी रविन्द्र तिवारी ने केंद्रीय मंत्री को पत्र भेजकर राजीव रंजन के गुमला कार्यकाल के दौरान कथित अनियमितताओं और प्राप्त शिकायतों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की थी। पत्र में विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए आरोपों तथा परियोजनाओं में कथित अनियमितताओं का भी उल्लेख किया गया था। हालांकि, राजीव रंजन के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और एनएचएआई की ओर से भी किसी जांच रिपोर्ट अथवा आरोप सिद्ध होने संबंधी कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। वहीं, 8 जून को जारी प्रत्यावर्तन आदेश में भी किसी शिकायत, जांच या आरोप का उल्लेख नहीं किया गया है। राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में यह घटनाक्रम चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं रविन्द्र तिवारी ने कहा कि उन्होंने कर्मचारियों और आम लोगों द्वारा उठाए गए मुद्दों को संबंधित मंत्रालय तक पहुंचाने का काम किया है तथा सरकारी संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होना आवश्यक है। एनएचएआई द्वारा जारी आदेश के बाद डाल्टनगंज परियोजना इकाई में प्रशासनिक बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभाग की ओर से नए परियोजना निदेशक की पदस्थापना संबंधी आदेश भी जारी किया जा चुका है।

### राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड का दबदबा सिमरिया के खिलाड़ियों का हुआ भव्य स्वागत

**सिमरिया (चतरा)।** राजस्थान के सिरोही में 4 से 6 जून तक आयोजित एसडीपीएफ भारत की 10वीं नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की अंडर-17 और अंडर-19 टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों का राष्ट्रीय खिताब अपने नाम कर लिया। इस उपलब्धि से राज्यभर में खुशी की लहर है। अंडर-17 वर्ग के फाइनल में झारखंड ने महाराष्ट्र को पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि अंडर-19 वर्ग में मेजबान राजस्थान को हराकर खिताब जीता। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। झारखंड लौटने पर सिमरिया में खिलाड़ियों के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, मुख्य संरक्षक एनुअल हक समेत अन्य पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी लगन के साथ आगे बढ़ते रहने और क्षेत्र तथा देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# नगर निकायों के विकास कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

- जलापूर्ति, आवास और शहरी सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश
- अघोर आश्रम आवास योजना के फ्लैटों का 15 दिनों में गृह प्रवेश कराने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले के विभिन्न नगर निकायों द्वारा संचालित विकास एवं आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेदिनीनगर नगर निगम, छतरपुर, हुसैनाबाद एवं हरिहरगंज नगर पंचायतों के कार्यों की प्रगति का आकलन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की शुरुआत पिछली समीक्षा बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा से हुई। इसके बाद मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में जुडको द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान शहरी जलापूर्ति योजना, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने अघोर आश्रम परिसर में निर्माणाधीन शहरी आवास योजना के फ्लैटों की समीक्षा करते हुए सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं का त्वरित समाधान कर 15 दिनों के भीतर लाभुकों को गृह प्रवेश कराने का निर्देश दिया। बैठक में वार्ड संख्या-23 में निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कार्यादेश जारी होने के बाद निर्माण कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय पर इसे पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा विभिन्न नगर निकायों में शहरी जलापूर्ति, बस एवं ऑटो स्टैंड निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता, स्ट्रीट लाइटों की स्थापना एवं मरम्मत, साफ-सफाई व्यवस्था, होल्डिंग टैक्स एवं प्रॉपर्टी टैक्स वसूली, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी), ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा पार्क निर्माण योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि नगर निकायों का उद्देश्य केवल आधारभूत संरचनाओं का निर्माण नहीं, बल्कि नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश दिया। बैठक में सहायक नगर आयुक्त, विभिन्न नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी तथा अर्बन लोकल बॉडी से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# मध्य विद्यालय रजवाडीह में ताला तोड़कर दो गैस सिलिंडर की चोरी

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में अज्ञात चोरों ने विद्यालय परिसर में घुसकर किचेन का ताला तोड़ दो गैस सिलिंडर चोरी कर लिए। वहीं विद्यालय के कार्यालय का ताला तोड़ने का भी प्रयास किया गया। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन ने मामले की लिखित शिकायत सदर थाना में दर्ज कराई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में ग्रीष्मावकाश चल रहा है। मंगलवार को सुबह आठ बजे से इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू, बसौरा के विद्यार्थियों का 'ग्रास रूट इंटर्नशिप' कार्यक्रम निर्धारित था। इसी सिलसिले में वह सुबह करीब साढ़े सात बजे विद्यालय पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि विद्यालय पहुंचने पर कार्यालय का ताला क्षतिग्रस्त मिला, जिससे ताला तोड़ने के प्रयास की आशंका हुई। इसके बाद विद्यालय परिसर का निरीक्षण करने पर किचेन का ताला टूटा मिला। अंदर जांच करने पर पता चला कि वहां रखे दो गैस सिलिंडर गायब हैं। प्रधानाध्यापक ने बताया कि घटना की सूचना जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू एवं रजवाडीह पंचायत के मुखिया को भी दे दी गई है। साथ ही कानूनी कार्रवाई के लिए सदर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपा गया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर चोरों की पहचान करने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसी घटनाएं विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था और शैक्षणिक माहौल को प्रभावित करती हैं, इसलिए दोषियों पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है।

### भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**चंदवा।** चंदवा पूर्वी पंचायत के गुरी टांड़ स्थित बिरसा मुंडा स्मारक स्थल पर मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए आदिवासी समाज को नई दिशा दी।

# भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष की अमर प्रेरणा : हृदयानंद मिश्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला राजीव गांधी विचार समिति के तत्वावधान में धरती आबा अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मंगलवार को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक गोपाल सिंह ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश राजीव गांधी विचार समिति के अध्यक्ष एवं हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक तथा कांग्रेस शिक्षा विभाग के प्रदेश चेयरमैन श्याम नारायण सिंह शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि हृदयानंद मिश्र ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा शोषण के विरुद्ध संघर्ष की सशक्त चेतना के प्रतीक हैं। उन्होंने ब्रिटिश शासन और अन्यायपूर्ण व्यवस्थाओं के खिलाफ आदिवासी समाज को संगठित कर स्वाभिमान और अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उनका जीवन आज भी सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे की स्थापना के लिए प्रेरणा देता है।

विशिष्ट अतिथि बिट्टू पाठक ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान और अधिकारों की लड़ाई के अमर नायक हैं। उन्होंने अपने संघर्ष से यह साबित किया कि संगठित जनशक्ति किसी भी अन्यायपूर्ण व्यवस्था को चुनौती दे सकती है। उनका जीवन साहस, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणादायक गाथा है। श्याम नारायण सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अल्पायु में ही सामाजिक और वैचारिक क्रांति का सूत्रपात किया। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणादायी पाठशाला है। आज के युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

सभा में उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन त्याग, संघर्ष और राष्ट्रप्रेम का अनुपम उदाहरण है। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को न्याय, समानता और स्वाभिमान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में समीम अहमद राईन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, राजकुमार सिंह, सचितानंद मिश्रा, सुमन तिर्की, सीटू पाठक, अजय साहू, सुरेश पाठक, जतरु उरांव, गिरजा राम, विद्या सिंह चेरो, मुंद्रिका तिवारी, सन्नू खान, खुर्शीद आलम, बलेश्वर भगत, मनीषा कुमारी, हेमंती लकड़ा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नियमितीकरण व बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर/रांची।** पलामू जिले के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय पहुंचकर झारखंड के मुख्यमंत्री को अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में उदय राम, विनोद प्रसाद, कपिल साव, विवेका कुमार शुक्ला, अनिल शुक्ला, अरविंद शुक्ला, रविरंजन शुक्ला, यूसुफ अंसारी, कृष्णा मोची, विनय मेहता, उपेंद्र कुमार ठाकुर एवं सुनील कुमार समेत अन्य कर्मचारी शामिल थे। ज्ञापन में कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उपायुक्त, पलामू के आदेश ज्ञापांक-96/स्था., दिनांक 1 मार्च 2026 के तहत वर्ष 2018 से विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कार्यरत अधिकांश दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को कार्यमुक्त कर दिया गया, जबकि पांच कर्मचारियों को सेवा में बनाए रखा गया। कर्मचारियों ने इसे अन्यायपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण कार्रवाई बताया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कई दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने पुत्री की शादी, मकान निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए बैंकों से ऋण लिया है। नौकरी समाप्त होने के बाद आय का स्रोत बंद हो जाने से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। बैंक ऋण वसूली के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं, जिससे कर्मचारी मानसिक तनाव में हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि आर्थिक तंगी और समुचित इलाज के अभाव में एक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी उपेंद्र कुमार पासवान की हृदयाघात से मृत्यु हो चुकी है। कर्मचारियों ने दावा किया कि कुछ लोगों से अब भी आउटसोर्सिंग व्यवस्था के तहत कार्य लिया जा रहा है, जबकि अन्य कर्मचारी बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने अपने ज्ञापन में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय तथा झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय के निर्देशों के अनुसार लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों के नियमितीकरण पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पलामू जिला प्रशासन द्वारा इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उन्हें सेवा में पुनः बहाल रखते हुए 1 मार्च 2026 से लंबित वेतन का भुगतान कराया जाए। साथ ही बैंकों को निर्देश दिया जाए कि प्रभावित कर्मचारियों पर ऋण वसूली का अनावश्यक दबाव न बनाया जाए। कर्मचारियों ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उचित निर्णय लेगी।

# उपायुक्त ने जनसुनवाई में सुनीं आमजनों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** उपायुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अतिक्रमण, आवास, मुआवजा, रोजगार, मजदूरी भुगतान तथा सरकारी योजनाओं के लाभ से संबंधित मामलों पर सुनवाई की गई। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान मेराल प्रखंड के संगबरिया निवासी संजय कुमार ने गांव के एक व्यक्ति द्वारा आम रास्ते की भूमि पर अतिक्रमण कर भवन निर्माण कराने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पूर्व में अंचल कार्यालय द्वारा निर्माण कार्य रोकने का निर्देश दिए जाने के बावजूद निर्माण कार्य जारी है। उपायुक्त ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। सदर प्रखंड के कल्याणपुर निवासी जुबैर अंसारी ने भूमि नामांतरण से संबंधित मामला उठाते हुए बताया कि सक्षम प्राधिकारी के आदेश के बावजूद नामांतरण की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं, चिनिया प्रखंड के सीदे गांव के ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका चयन के लिए ग्रामसभा आयोजित कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि चयन प्रक्रिया लंबित रहने से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को पोषण संबंधी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मेराल प्रखंड के दुलदुलवा निवासी रामाधार साह ने सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण के बावजूद अब तक न तो कोई नोटिस मिला है और न ही मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। इसके अलावा अन्य फरियादियों ने भी अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सभी मामलों के त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पीटीएम में बच्चों की शिक्षा, अनुशासन और संस्कार पर हुआ मंथन

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के पैराडाइज पब्लिक स्कूल, डंडई में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग (पीटीएम) का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, नियमित उपस्थिति, स्वास्थ्य, डिजिटल शिक्षा एवं अभिभावकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने, घर पर पढ़ाई का अनुकूल वातावरण बनाने तथा पौष्टिक भोजन देने की अपील की। विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रजापति ने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के बेहतर समन्वय से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## दृष्टिपात

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले झामुमो नेता

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने रांची में हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात कर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास संबंधी मुद्दों से अवगत कराया। मुलाकात के दौरान ताहीर अंसारी ने क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य लंबित हैं, जिन पर शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनहित और क्षेत्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्ध है तथा आवश्यक पहल कर समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाएगा। मुलाकात के बाद ताहीर अंसारी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार के सहयोग से भवनाथपुर क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

### आचार्य देव श्री श्री अर्कद्विति चक्रवर्ती का 59वां जन्मोत्सव



**श्री बंशीधर नगर।** सत्संग आश्रम देवघर के वर्तमान आचार्य देव श्री श्री अर्कद्विति चक्रवर्ती का 59वां जन्मोत्सव मंगलवार को सत्संग उपासना केंद्र उर्जीतपा के प्रांगण में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सत्संगियों ने भाग लेकर आचार्य देव के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, शंखध्वनि एवं वंदे पुरुषोत्तम ध्वनि के साथ हुआ। इसके बाद संध्याकालीन विनती-प्रार्थना, समस्त जीवों के कल्याण के लिए सामूहिक नाम-जप एवं ध्यान का आयोजन किया गया। साथ ही सत्यानुसरण और नारीनीति ग्रंथों का पाठ भी किया गया। इस अवसर पर धृति सुंदरलाल एवं नैना ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इष्ट चर्चा के दौरान सत्संगी अखिलेश दा ने कहा कि वर्तमान आचार्य देव सदैव श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी के बताए मार्ग पर चलते रहे हैं, जिसके कारण वे आज लाखों अनुयायियों के प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। उन्होंने स्वस्त्ययनी के पालन को सत्संगियों के सर्वांगीण विकास का आधार बताया। ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि आचार्य देव ने अपना संपूर्ण जीवन श्री ठाकुर जी के आदर्शों के प्रति समर्पित कर दिया है। देश-विदेश के असंख्य सत्संगी उनसे जुड़कर आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने स्वस्थ एवं सात्विक जीवनशैली अपनाने तथा इष्टभृति के नियमित पालन पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे ऋत्विक धृति सुंदरलाल ने आचार्य देव के जीवन और संदेशों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका वास्तविक नाम अर्कद्विति चक्रवर्ती है। उन्होंने कहा कि आचार्य देव ने सत्संगियों को आत्मविकास एवं जीवन में उन्नति के लिए यजन के माध्यम से डीपी वर्क्स की व्यवस्था प्रदान की, जिसका पालन आज भी अनुयायी कर रहे हैं। कार्यक्रम का समापन जयघोष के साथ हुआ, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजकुमार दा, सुमन दा, अजय दा, शक्ति दास सिन्हा, संजय दा, पप्पू जायसवाल, राहुल दा, राकेश दा, भोला प्रसाद, शंकर ठाकुर, अजय कुमार, आकाश कुमार, धृति दीप, हीरा जायसवाल, पीयूष कुमार, सतवंती देवी, कलावती देवी, अनीता देवी, वृंदा देवी, प्रमिला देवी, दीपमाला अंबष्ठ, चंचल गुप्ता सहित बिशुनपुरा, भवनाथपुर एवं श्री बंशीधर नगर क्षेत्र के बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे।

### चंदनी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का सत्यापन, 686 नामों की हुई जांच

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड की चंदनी पंचायत भवन में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चयनित लाभुकों के सत्यापन के लिए ग्राम सभा सह आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। सुबह से ही पंचायत भवन परिसर में लाभुकों की भीड़ उमड़ी रही। अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में योजना से संबंधित सत्यापन प्रक्रिया पूरी की गई। पंचायत के मुखिया रामगहन मेहता एवं पंचायत सेवक उमेश राम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए चयनित 686 संभावित लाभुकों के नामों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सत्यापन किया गया। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में कई पात्र परिवार अब तक योजना के लाभ से वंचित थे, जिन्हें इस प्रक्रिया के माध्यम से चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि सत्यापन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि योजना का लाभ वास्तविक एवं जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचे। पात्र पाए गए लाभुकों को जल्द ही योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों को योजना से संबंधित जानकारी दी गई तथा किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

### जननायक बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि



**केतार (गढ़वा)।** लोहिया समता उच्च विद्यालय परिसर में मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के अधिकार, स्वाभिमान और अस्तित्व की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन संघर्ष को समर्पित कर दिया। उन्होंने अंग्रेजी शासन और शोषणकारी व्यवस्था के खिलाफ आवाज बुलंद कर समाज में नई चेतना का संचार किया। विधायक प्रतिनिधि सुरेश कुमार ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ऐतिहासिक उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व किया था। उनका संघर्ष आज भी सामाजिक न्याय, अधिकार और सम्मान की लड़ाई लड़ने वालों के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। जिला कार्यसमिति सदस्य रामविचार साहू ने कहा कि 9 जून 1900 को रांची जेल में बिरसा मुंडा का निधन हुआ था, लेकिन उनके विचार और आदर्श आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं। उनका बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। मौके पर झामुमो नेता शिवकुमार सिंह, छोटन सिंह, दिनेश वर्मा, सूर्यनाथ सिंह, रामनारायण राम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। वक्ताओं ने युवाओं से बिरसा मुंडा के आदर्शों को आत्मसात कर समाज निर्माण में योगदान देने की अपील की।

# भूमि विवादों के समाधान के लिए हर माह लगेगा 'अंचल दिवस' और 'थाना दिवस'

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में भूमि संबंधी विवादों और राजस्व मामलों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन ने नई पहल शुरू की है। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपतिनाथ मिश्रा के निर्देश पर अब जिले के सभी अंचलों और थाना क्षेत्रों में प्रत्येक माह नियमित रूप से 'अंचल दिवस' और 'थाना दिवस' का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन के अनुसार प्रत्येक माह की 15 तारीख को अंचल कार्यालय परिसर में तथा 30 तारीख को संबंधित थाना परिसर में सुबह 11 बजे से इन कार्यक्रमों का आयोजन होगा। अवकाश की स्थिति में कार्यक्रम एक दिन पूर्व कार्य दिवस पर आयोजित किए जाएंगे। इसका संचालन संबंधित अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी संयुक्त रूप से करेंगे। उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में इन कार्यक्रमों को स्थगित नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से भूमि विवाद, दखल-कब्जा, सीमांकन, नामांतरण, लगान अद्यतन, अतिक्रमण और स्वामित्व संबंधी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा। प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार विवादित नामांतरण मामलों की गहन जांच की जाएगी। भूमि विवाद या कब्जे को लेकर विवाद होने पर नामांतरण नहीं किया जाएगा। वहीं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा उत्तराधिकार एवं आपसी सहमति से होने वाले नामांतरण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। सभी अंचल अधिकारियों को प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को नियमित जनसुनवाई आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम की निगरानी के लिए अपर समाहर्ता को जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। प्रत्येक आयोजन के बाद समेकित प्रतिवेदन उपायुक्त को उपलब्ध कराया जाएगा।उपायुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने जिलेवासियों से अपील की है कि भूमि विवाद, सीमांकन, नामांतरण, लगान एवं अतिक्रमण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित तिथियों पर आयोजित अंचल दिवस और थाना दिवस में भाग लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पारदर्शी, त्वरित और न्यायसंगत समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

## बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने का संकल्प, शहादत दिवस पर जुटे सैकड़ों आदिवासी

**चिनिया।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा की प्रखंड इकाई चिनिया द्वारा मंगलवार को चिरका करम स्थान पर भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह खरवार ने की। इस अवसर पर महासभा के जिला अध्यक्ष चैतु सिंह खरवार ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष किया था। महासभा की केंद्रीय सदस्य कविता सिंह खरवार ने कहा कि आदिवासी समाज को अपनी बोली, भाषा, लिपि, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए जागरूक होना होगा।

# सोहया पहाड़ी में कथित अवैध स्टोन माइनिंग के मामले को लेकर पूर्व मंत्री ने एनजीटी से की हस्तक्षेप की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सोहया पहाड़ी क्षेत्र में कथित अवैध एवं अनियंत्रित स्टोन माइनिंग, पर्यावरणीय क्षति तथा स्थानीय किसानों और ग्रामीणों पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) सहित केंद्र और राज्य सरकार के संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। अपने आवेदन में उन्होंने कहा है कि सोहया पहाड़ी हुसैनाबाद क्षेत्र की पहचान, प्राकृतिक धरोहर और हजारों किसानों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है। लगातार हो रहे खनन से पहाड़ी का स्वरूप बदल रहा है और पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने हाल ही में खनन क्षेत्र में बने जलभराव वाले गड्ढे में एक युवक की डूबकर हुई मौत का उल्लेख करते हुए सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर भी सवाल उठाया। श्री सिंह ने खनन पट्टों की वैधता, पर्यावरणीय स्वीकृतियों एवं प्रदूषण नियंत्रण संबंधी अनुमतियों की जांच कराने तथा जांच पूरी होने तक खनन गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है।


**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, लोहरदगा (मनरेगा कोषांग)**

**मनरेगा से संबंधित आम सूचना**

मनरेगा अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मी (प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक) विगत माह मार्च 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं जिस कारण मनरेगा अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन एवं ग्रामीणों को ससमय रोजगार उपलब्ध कराने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

इस कार्यालय के ज्ञापांक 90/म.को. दिनांक 29.05.2026 द्वारा सभी मनरेगा कर्मियों को निदेश दिया गया था कि वे दिनांक 01.06.2026 तक निश्चित रूप से अपने सेवा में वापस आना सुनिश्चित करेंगे। परन्तु अब तक आपके द्वारा योगदान नहीं दिया गया है।

पुनः सभी मनरेगा कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 15.06.2026 तक निश्चित रूप से अपने सेवा में वापस आना सुनिश्चित करेंगे। उक्त तिथि तक सेवा में वापस नहीं आने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि आप मनरेगा में कार्य करने को इच्छुक नहीं हैं एवं आपके पद को रिक्त मानते हुए नई नियुक्ति हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, लोहरदगा

PR 381919 Lohardaga(26-27)#D



**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), गढ़वा**

**आदेश**

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), गढ़वा के अधीन प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या PR 367820Agriculture (25-26).D एवं लेखापाल–सह–लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या PR 367823Agriculture (25-26)*D प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों से उक्त पदों के लिए दिनांक 20.12.2025 तक आवेदन पत्र प्राप्त किया गया था। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों एवं संलग्न प्रमाण पत्रों के आधार पर कम्प्युटर में विहित प्रपत्र में की गई प्रविष्टि की सूची को गढ़वा जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in तथा atmagarhwa.org.in पर जारी कर दिया गया है। यदि जारी की गई सूची में किसी अभ्यर्थी को उनके द्वारा भरे गये आवेदन एवं आवेदन के साथ संलग्न प्रमाण पत्र के अनुसार कोई अंकनीय एवं टंकनीय त्रुटि हो, तो वैसे अभ्यर्थी अंकनीय एवं टंकनीय सुधार हेतु दिनांक 09.06.2026 से 17.06.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक साक्ष्य सहित दावा आपत्ति कर सकते हैं। दावा आपत्ति e-mail ID (atmagarhwa78@gmail.com) के माध्यम से विहत प्रपत्र Annexure-A में पदवार प्राप्त किया जाएगा। e-mail ID की विवरणी गढ़वा जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in तथा atmagarhwa.org.in पर उपलब्ध है।

अंतिम तिथि के पश्चात किसी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। दिये गये e-mail ID के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। दावा आपत्ति में वैसे कोई भी प्रमाण पत्र/कागजात जो आवेदन के साथ संलग्न नहीं है, अलग से किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा,गढ़वा

PR 381888 Agriculture(26-27).D



**कार्यालयः–जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार**
संयुक्त जिला कृषि भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार–829206
Email :- latehardao@rediffmail.com

हर्ष की बात है कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष 2026–27 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा चलाए जा रहे **"बीज विनिमय एवं वितरण कार्यक्रम तथा उत्पादन योजना"** अन्तर्गत किसानों को धान का बीज 50% अनुदान दर पर लैम्पस/पैक्स, कृषक उत्पादन संगठन (FPO) एवं अधिकृत बीज अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा Block Chain Technology के माध्यम से बीज का वितरण किया जायेगा है। इच्छुक किसान अपने आधार कार्ड एवं मोबाईल नं० के साथ निम्न दर से बीज प्राप्त कर सकते है। इस संबंध में अपने प्रखण्ड के BAO/BTM/ATM एवं कृषक मित्र से सम्पर्क कर सकते है।

| क्र० सं० | फसल | प्रभेद | बीज की मात्रा (क्वीं०में) | स्वीकृत दर (प्रति क्वीं०) | अनुदान की राशि (50%) | कृषक अंशदान की राशि (50%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धान (प्रमाणित) | MTU-1010 | 200.00 | 4350 | 2175 | 2175 |
| 2 | धान (प्रमाणित) | MTU-7029 | 600.00 | 4090 | 2045 | 2045 |

जिला कृषि पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 381976 (Agriculture) 26-27 (D)



**कार्यालय : जिला परिषद्, चतरा।**
(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in)
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)
(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 18/2026-27 दिनांकः 09.06.2026

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः डी.एम.एफ.टी.

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Tandwa | Bachra north | Hesatu | Construction of High level RCC Girder bridge over Habuadah Nala | 22224077 | 10000 | 444500 | 18 months |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20/06/2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 22.06.2026 से 29.06.2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 01.07.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 381957 District(26-27)D



**कार्यालय : जिला परिषद्, चतरा**
(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in)
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)**

ई–निविदा सूचना संख्या – 17/2026-27 दिनांकः 09.06.2026

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः डी.एम.एफ.टी.

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Chatra | Baraini | Miel | Construction of PCC Road from Miel Pakki Sadak Dumuhan to Baraini Bajar | 10202800 | 10000 | 204500 | 04 months |
| 2 | Chatra | Dariyatu | Dariyatu | Construction of PCC Road from H/O Bina Yadav to Simar Aahar via kaunrahi | 10542500 | 10000 | 211000 | 04 months |
| 3 | Tandwa | Kasiyadih | Kumrang kala | Construction of PCC Road from Hargarwa school to dhabalpur | 14683100 | 10000 | 294000 | 04 months |
| 4 | Kunda | Sikidag | Sarjamatu | Construction of road from sarjamatu to soharlat more | 18605600 | 10000 | 372500 | 04 months |
| 5 | Kunda | Sikidag | Lukuiya | Construction of road from main road to butkuia via lukuia | 31066000 | 10000 | 621500 | 04 months |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16/06/2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 17.06.2026 से 23.06.2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 25.06.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 381954 District(26-27)#D

## दृष्टिपात

### आपराधिक न्याय प्रणाली में पुलिस की भूमिका पर छात्रों को मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण



**बरवाडीह।** भीष्म नारायण सिंह विधि महाविद्यालय, भुसड़िया में आयोजित व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को विधि के विद्यार्थियों को आपराधिक न्याय प्रशासन में पुलिस की भूमिका से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बरवाडीह के एसडीपीओ बिरेंद्र कुमार राम एवं थाना प्रभारी अनुराग कुमार ने अतिथि व्याख्याता के रूप में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)-2023 के तहत अपराधों की जांच की समय-सीमा, साइबर अपराध, मोटर वाहन संबंधी अपराधों तथा विभिन्न मामलों में पुलिस के अधिकारों एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी। संवादात्मक सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया। इससे छात्रों को आपराधिक न्याय प्रणाली की कार्यप्रणाली को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। महाविद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार ने कहा कि विधि शिक्षा केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को व्यवहारिक एवं पेशेवर रूप से सक्षम बनाना संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम में श्यामली शर्मा, सोनम कुमारी, संध्या कुमारी, संदीप कुमार ठाकुर, प्रभात कुमार, उत्तम कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### आवास प्लस के 608 लाभुकों का सत्यापन शुरू, बिचौलियों से सावधान रहने की अपील



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड की बारियातू पंचायत में मंगलवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पीएमएवाई-जी) के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में आवास प्लस सूची में चयनित 608 लाभुकों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए गए। बैठक में योजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए लाभुकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सूची को प्रखंड प्रशासन को भेजा जाएगा। इसके पश्चात प्रशासनिक स्वीकृति के लिए प्रस्ताव जिला स्तर पर अग्रसारित किया जाएगा। मुखिया डेगन गंझु ने बताया कि चयनित सभी लाभुकों से आवश्यक कागजात प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। दस्तावेजों का संकलन पूरा होने के बाद सूची प्रखंड प्रशासन को सौंप दी जाएगी, ताकि स्वीकृति की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके और पात्र लोगों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने लाभुकों से किसी भी प्रकार के बिचौलियों के झांसे में नहीं आने की अपील की। मौके पर पंचायत सचिव खुशबू लता, अबुल कलाम, महानंद यादव, प्रकाश पासवान सहित पंचायत कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### थाना पीएलवी जितेंद्र दास के प्रयासों से बढ़ रही विधिक जागरूकता



**गिद्धौर (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के निर्देशन में प्रखंड के पांडेयटांड़ प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना पीएलवी जितेंद्र दास ने किया। कार्यक्रम में उन्होंने बाल शिक्षा, बाल विवाह निषेध, नशा उन्मूलन, विधिक अधिकारों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया। डीएलएसए के 90 दिवसीय आउटरीच अभियान के तहत वह लगातार गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उनके प्रयासों से ग्रामीणों और बच्चों में शिक्षा तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो रही है। जितेंद्र दास ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने तथा शिक्षा को जीवन की सफलता का आधार बनाने के लिए प्रेरित किया। मालाबार ग्रुप के शिक्षक लक्ष्मीकांत दांगी ने बताया कि बच्चों को शिक्षा के साथ फल, अंडा, दूध एवं चना जैसी पौष्टिक सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जितेंद्र दास के जागरूकता अभियान की सराहना की।

### लातेहार के लैब टेक्नीशियन बिनय कुमार सिंह बने एक्सटर्नल एग्जामिनर



**लातेहार।** ब्लड बैंक, लातेहार के लैब टेक्नीशियन बिनय कुमार सिंह को डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (डीएमएलटी) प्रथम वर्ष की परीक्षा के लिए एक्सटर्नल एग्जामिनर नियुक्त किया गया है। वे 9 से 13 जून तक उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ स्थित रामबचन यादव पारामेडिकल कॉलेज, खुरासन, फूलपुर में आयोजित परीक्षा में बाह्य परीक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। इस संबंध में ऑल इंडिया मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन के एकेडमिक बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीरेंद्र कुमार ने पत्र जारी किया है। बिनय कुमार सिंह ने बताया कि डीएमएलटी पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद अभ्यर्थी सरकारी एवं निजी अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब तथा ब्लड बैंक में लैब टेक्नीशियन के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी उन्हें एक्सटर्नल एग्जामिनर के रूप में जिम्मेदारी दी जा चुकी है। उनकी नियुक्ति पर सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. धर्मशीला चौधरी तथा अन्य सहयोगियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बिनय कुमार सिंह वर्तमान में ऑल इंडिया मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष भी हैं।

### महुआडांड़ पुलिस ने नष्ट की अवैध शराब

**महुआडांड़ (लातेहार)।** थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने पूर्व में जब्त की गई अवैध शराब को विधिवत नष्ट किया। यह कार्रवाई वरीय अधिकारियों के निर्देश तथा कानूनी प्रक्रिया के तहत संपन्न हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में महुआडांड़ के अम्बाटोली क्षेत्र में छापेमारी के दौरान बरामद शराब को नियमानुसार नष्ट किया गया। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी एवं अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री अथवा तस्करी की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

## पेसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर मंथन

# ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने पर जोर

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस (पेसा) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त संदीप कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद तथा अन्य अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

सम्मेलन में पेसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्राम सभाओं के सशक्तिकरण, पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था तथा जनजातीय समुदायों के अधिकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि पेसा अधिनियम अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने और जनजातीय समुदायों के अधिकारों की रक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने संबंधित विभागों को ग्राम सभाओं को अधिक प्रभावी7 बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने का निर्देश दिया।

उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य पेसा नियमावली-2025 के कानूनी एवं प्रशासनिक प्रावधानों की स्पष्ट समझ विकसित करना है, ताकि विकास योजनाओं मेंयू ग्रामीणों की प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम में जल, जंगल और जमीन के संरक्षण, सांस्कृतिक पहचान की सुरक्षा, विकास योजनाओं के चयन एवं निगरानी में ग्राम सभाओं की भूमिका तथा लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के साथ संवाद कर उनके सुझाव एवं अनुभव साझा किए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, एलआरडीसी प्रभात कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मेरी मड़की, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भीषण गर्मी में बिजली संकट से परेशान सिमरिया के उपभोक्ता

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली की आंख-मिचौनी से आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। भीषण गर्मी के बीच अनियमित बिजली आपूर्ति ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली कुछ मिनटों के लिए आती है और फिर कई घंटों तक गुल रहती है। इससे घरेलू कार्यों के साथ-साथ व्यवसायिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। आर्थिक रूप से सक्षम लोग इन्वर्टर और जनरेटर के सहारे काम चला रहे हैं, जबकि गरीब परिवारों को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली संकट का असर सरकारी कार्यालयों पर भी देखने को मिल रहा है। अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, थाना और रेफरल अस्पताल में कई कार्य जनरेटर के सहारे संचालित किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर आजसू कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने की।

इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों ने उनके संघर्ष, त्याग और बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

सभा को संबोधित करते हुए अमित पांडेय ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया तथा आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा हेतु अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन आज भी युवाओं और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। कार्यक्रम में पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजस्व अभिलेखों में सुधार की मांग को लेकर भाजपाइयों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वंशी यादव के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर जिले के सातों अंचलों में राजस्व अभिलेखों में पाई गई त्रुटियों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि बालूमाथ, बरवाडीह, महुआडांड़, चंदवा, मनिका, गारू और लातेहार अंचल में हाल सर्वे के दौरान राजस्व अभिलेखों में कई गंभीर त्रुटियां हुई हैं, जिससे ग्रामीणों में व्यापक असंतोष है। इस मुद्दे को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में धरना-प्रदर्शन भी किए जा चुके हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह मामला पूर्व में झारखंड विधानसभा में भी उठाया गया था, जिसके बाद सरकार ने 31 अक्टूबर 2019 को पुनः सर्वे कराने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके वर्षों बीत जाने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

भाजपा नेताओं ने मांग की कि त्रुटिपूर्ण हाल खतियान में सुधार की प्रक्रिया अविलंब शुरू की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो भारतीय जनता पार्टी जनहित में आंदोलन करने को बाध्य होगी।

इस अवसर पर पूर्व विधायक हरीकृष्ण सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, जिला महामंत्री अमलेश कुमार सिंह, छोटू राजा, जिला मंत्री ध्रुव कुमार पांडेय तथा भाजपा नेता एवं अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टोरी रेलवे फाटक पर अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग दिवस पर चला जागरूकता अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग दिवस के अवसर पर मंगलवार को टोरी रेलवे फाटक पर रेलवे प्रशासन की ओर से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य आम लोगों को रेलवे फाटक पार करते समय सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वाहन चालकों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित तरीके से रेलवे फाटक पार करने की जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि फाटक बंद होने की स्थिति में जल्दबाजी में ट्रैक पार करने का प्रयास नहीं करें, क्योंकि इससे गंभीर दुर्घटना हो सकती है। साथ ही रेलवे ट्रैक के पास मोबाइल फोन के उपयोग से बचने और संकेतों का पालन करने की सलाह दी गई। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि छोटी-सी असावधानी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए सुरक्षा नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान पंपलेट वितरित कर लोगों को रेल सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। स्थानीय लोगों ने रेलवे की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होने चाहिए। रेल प्रबंधन ने भी भविष्य में इस तरह के अभियान जारी रखने की बात कही।

## हिंडाल्को व कोयला साइडिंग परियोजना के विरोध में गरजे विधायक प्रकाश राम

- ग्रामीणों की जमीन पर नहीं होने देंगे अन्याय : प्रकाश राम

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** सदर प्रखंड की पेशारार पंचायत अंतर्गत खरचा गांव में मंगलवार को देदरिया एवं भूसूर पंचायत के प्रभावित ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि पवन कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक प्रकाश राम का ग्रामीणों ने फूल-माला एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। वहीं मजदूर सहयोग समिति के सदस्यों ने भी अतिथियों का अभिनंदन किया।

बैठक में हिंडालको बॉक्साइट साइडिंग तथा डीवीसी द्वारा प्रस्तावित नई कोयला साइडिंग परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों ने संभावित विस्थापन, पर्यावरणीय प्रभाव और आजीविका पर पड़ने वाले असर को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं।

अपने संबोधन में विधायक प्रकाश राम ने कहा कि विकास के नाम पर किसी भी ग्रामीण के जल, जंगल, जमीन और अधिकारों से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्थानीय लोगों की सहमति के बिना कोई भी परियोजना लागू नहीं हो सकती। यदि कंपनियां ग्रामीण हितों की अनदेखी करेंगी तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार, उचित मुआवजा एवं पुनर्वास की गारंटी दिए बिना किसी परियोजना को आगे बढ़ाना उचित नहीं है। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी हर लड़ाई में वे उनके साथ खड़े रहेंगे तथा उनकी आवाज सरकार और संबंधित विभागों तक पहुंचाएंगे।

बैठक में ग्रामीणों ने भी अपने विचार रखे और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बाल विवाह समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा : पीडीजे शेष नाथ सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) लातेहार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के दौरान ग्रामीणों, आम नागरिकों एवं स्कूली बच्चों के बीच बाल विवाह निषेध अधिनियम तथा बच्चों के अधिकारों से संबंधित पंपलेट और बुकलेट वितरित किए गए। साथ ही लोगों को बाल विवाह जैसी घटनाओं की सूचना प्रशासन को देने के लिए प्रेरित किया गया। डीएलएसए ने नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना देने की अपील की।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए शेष नाथ सिंह ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल एक कानूनी अपराध है, बल्कि यह बच्चों के भविष्य और उनके अधिकारों पर भी गंभीर प्रहार है।

उन्होंने कहा कि लातेहार जिले को बाल विवाह जैसी कुप्रथा से मुक्त बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसके खिलाफ जागरूक होकर अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने संबंधित विभागों एवं संस्थाओं से समन्वित प्रयासों के माध्यम से अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

अभियान के माध्यम से बाल अधिकारों की रक्षा और बाल विवाह उन्मूलन के प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

## कोल वाहनों की रफ्तार पर लगाम, गिद्धौर में ब्रेकेटिंग व सघन वाहन जांच अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** चतरा-हजारीबाग मुख्य सड़क पर भारी एवं कोयला वाहनों की तेज रफ्तार पर नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मंगलवार को गिद्धौर थाना के समीप ब्रेकेटिंग (स्पीड कंट्रोल बैरियर) की व्यवस्था की गई। थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने बताया कि गति सीमा से अधिक रफ्तार से चलने वाले भारी वाहनों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से थाना गेट के पास यह व्यवस्था की गई है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के समीप जिला परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान करीब दो दर्जन छोटे-बड़े वाहनों का चालान काटा गया। डीटीओ कार्यालय के प्रतिनिधि संतोष कुमार ने बताया कि सभी चालान ऑफलाइन किए गए हैं तथा संबंधित वाहन मालिकों को जिला परिवहन कार्यालय में निर्धारित जुर्माना राशि जमा करनी होगी।

उल्लेखनीय है कि चतरा-हजारीबाग मुख्य सड़क पर कोयला वाहनों का आवागमन लगातार जारी है। इनकी तेज रफ्तार के कारण क्षेत्र में अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता है। स्थानीय लोग लंबे समय से साप्ताहिक बाजार के दिन कोयला वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा प्रत्येक सोमवार को साप्ताहिक बाजार के दौरान चार से पांच घंटे तक कोयला वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जा रही है, जिससे लोगों को काफी राहत मिल रही है।

## पूर्व मुखिया के पुत्र की छत से गिरकर मौत

कुडू (लोहरदगा)। कुडू प्रखंड की पंडरा पंचायत के पूर्व मुखिया स्वर्गीय अमरनाथ महली के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सोमवार रात उनके 28 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार महली की छत से गिरने से मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया है। जानकारी के अनुसार अंकित कुमार महली मोबाइल फोन पर बात करते समय अचानक छत से नीचे गिर गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन एवं आजसू नेता गुडु लाल उन्हें तत्काल कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### उपायुक्त ने किया चाइल्ड केयर संस्थान 'समर्पण' का औचक निरीक्षण

# बच्चों के आवासीय कक्ष और संस्थान में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने मंगलवार को सदर प्रखंड के कुटमु स्थित चाइल्ड केयर संस्थान 'समर्पण' का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बच्चों के आवासीय कक्ष, शयन कक्ष, कार्यालय, परिसर और संस्थान में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यरत कर्मियों की स्थिति तथा बच्चों की देखभाल से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन, संस्थान की अधीक्षक और कर्मियों के साथ बैठक कर बच्चों के ठहराव, काउंसिलिंग, शिक्षा, सुरक्षा, शिक्षकों की उपलब्धता और बेड व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार, अनुरंजन कुमार, बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन कुंती देवी, संस्थान की अधीक्षक पूनम साहू सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## सरना धर्म कोड लागू कराने को लेकर आदिवासी छात्र संघ हुआ लामबंद

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरा।** आदिवासी छात्र संघ केंद्रीय समिति, रांची के तत्वावधान में नवाडीह कला संस्कृति भवन में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिठू उरांव ने की। बैठक में सरना धर्म कोड को लागू कराने के लिए व्यापक आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि अलग धर्म कोड नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में आदिवासियों को अन्य धर्म श्रेणियों में शामिल किया जा रहा है, जिससे उनकी पहचान और अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। संघ ने 8 जुलाई 2026 को रांची में महाआंदोलन का आह्वान किया है। इससे पूर्व हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में महाअधिवेशन आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से भंडरा प्रखंड समिति का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में संजय उरांव को अध्यक्ष, सुखदेव उरांव को उपाध्यक्ष, सूरज उरांव को सचिव, अमप्रकाश उरांव को सह सचिव, विष्णु उरांव को कोषाध्यक्ष तथा राजेश उरांव को सह कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सरना धर्म कोड और आदिवासी अधिकारों की लड़ाई को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## दृष्टिपात

### बड़ा तालाब से अवैध मछली निकासी की वायरल खबर की जांच, नगर परिषद को नहीं मिले प्रमाण



लोहरदगा। शहर के बड़ा तालाब से अवैध रूप से मछली निकासी किए जाने संबंधी वीडियो और खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगर परिषद प्रशासन ने मामले की जांच कराई। प्रारंभिक जांच में मछली निकासी की पुष्टि नहीं हो सकी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया गया था कि बड़ा तालाब से अवैध रूप से मछलियां निकाली जा रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों के बीच चर्चा शुरू हो गई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठने लगी। शिकायत मिलने पर नगर परिषद प्रशासक ने जूनियर इंजीनियर को जांच का निर्देश दिया। इसके तहत नगर परिषद कर्मी रमीज रजा को स्थल निरीक्षण के लिए भेजा गया। उन्होंने करीब आधे घंटे तक तालाब और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तालाब परिसर में किसी प्रकार की मछली निकासी या उससे संबंधित गतिविधि नहीं पाई गई। स्थानीय लोगों से पूछताछ में भी ऐसी किसी घटना की पुष्टि नहीं हुई। नगर परिषद प्रशासन ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली हर सूचना को गंभीरता से लिया जाता है और तथ्यों की पुष्टि के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाती है। यदि भविष्य में किसी प्रकार की अवैध गतिविधि सामने आती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल नगर परिषद की प्रारंभिक जांच में बड़ा तालाब से अवैध मछली निकासी के आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है, हालांकि प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

### हेसल बसारडीह अस्पताल में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर, 173 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार

लोहरदगा। विकास भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल, हेसल बसारडीह में मंगलवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रांची से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। शिविर में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ सह सर्जन डॉ. विजय कुमार, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. एस. कुमार, जनरल फिजिशियन डॉ. डी. खेस, डॉ. प्रेम प्रकाश सिन्हा, डॉ. जगजीवन साहू तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। मेगा हेल्थ कैंप में कुल 173 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। इनमें हड्डी रोग के 56, सामान्य रोग के 53, नेत्र रोग के 24, कान-नाक-गला रोग के 14 तथा दंत रोग के आठ मरीज शामिल रहे। इसके अलावा सात एक्स-रे, तीन ईसीजी तथा 34 मरीजों के 77 लैब टेस्ट भी किए गए। शिविर को सफल बनाने में अस्पताल प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, राजीव रंजन, मुकेश साहू, अरुण राम, वरुण सिंह, फारूक अंसारी, कृष्णा राम, दीलेश लोहरा, जमुना देवी, उर्मिला कुजूर, एएनएम अंशु कुमारी, सीमा उरांव, यशिका तिग्गा, निर्मला कुजूर, सावित्री तिर्की, शांति कुमारी, भजन भगत, सूरजमणि भगत, संचरिया देवी, अनीता देवी, ललिता देवी, सीता देवी, अनीता उरांव एवं एतवा उरांव सहित अन्य कर्मियों का योगदान रहा।

## अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा देता है बिरसा का जीवन : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर मंगलवार को जिलेभर में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त संदीप कुमार मीना और पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने शंख नदी के समीप तथा पुराने समाहरणालय परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन त्याग, तपस्या और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कम उम्र में ही जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए उलगुलान का नेतृत्व कर अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी। उनका जीवन आज भी समाज को अन्याय और शोषण के खिलाफ संघर्ष करने तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का राष्ट्र के प्रति समर्पण अद्वितीय था। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। शोषित और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर उप विकास आयुक्त राज महेश्वरम, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी एवं समाहरणालय कर्मी उपस्थित थे।

## शिक्षा व्यवस्था में सुधार पर उपायुक्त सख्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में मंगलवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की शैक्षणिक स्थिति, बोर्ड परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों की उपस्थिति और विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों की समीक्षा करते हुए प्रदर्शन में निरंतर सुधार के निर्देश दिए। विशेष रूप से इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय के परिणाम पर असंतोष व्यक्त करते हुए कमजोर विषयों में विशेष कक्षाएं संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति की भी समीक्षा की। जिन विद्यालयों में उपस्थिति कम पाई गई या उपस्थिति दर्ज नहीं की गई, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पलाश कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की पढ़ने, लिखने, गणना करने और सीखने की क्षमता से जुड़े आंकड़ों की समीक्षा में भी सुधार की आवश्यकता जताई गई। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में आधार नामांकन, आधार सुधार और अपार आईडी निर्माण की स्थिति की समीक्षा करते हुए जुलाई तक सभी लंबित अपार आईडी तैयार करने का निर्देश दिया गया। जिन विद्यार्थियों का आधार नहीं बना है या उसमें त्रुटियां हैं, उनके लिए विशेष शिविर लगाने को कहा गया। साथ ही विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के प्रभावी संचालन, एसएमएस आधारित मॉनिटरिंग, नियमित विद्यालय निरीक्षण तथा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त राज महेश्वरम, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीओ एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## धरती आबा के आदर्श आज भी समाज को दे रहे नई दिशा : अनिल उरांव

**लोहरदगा।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर लोहरदगा नगर परिषद के चेयरमैन अनिल उरांव ने शंख पिकेट, पुराने समाहरणालय परिसर तथा पुराने नगर पालिका परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर चेयरमैन अनिल उरांव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, त्याग और बलिदान की अमिट गाथा है। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ ऐतिहासिक आंदोलन का नेतृत्व किया तथा आदिवासी समाज को शोषण और अन्याय के विरुद्ध संगठित किया। उनके प्रयासों ने समाज में आत्मसम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों के प्रति जागरूकता को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के अग्रदूत और जननायक थे। उनका जीवन आज भी युवाओं को समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देता है।

### कुडू थाना में जनता दरबार आयोजित, भूमि विवाद के मामलों की रही भरमार

# जनसमस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता : एसपी

- **सीओ की रिपोर्ट के बिना भूमि मामलों में पुलिस हस्तक्षेप नहीं करेगी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू (लोहरदगा)।** आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा पुलिस-प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कुडू थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर आजाद, अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष उरांव, थाना प्रभारी अजित कुमार समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, भरण-पोषण, अनुकंपा नियुक्ति और अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। सबसे अधिक मामले भूमि विवाद से जुड़े रहे। इस पर एसपी ने कहा कि अधिकांश भूमि विवाद पारिवारिक प्रकृति के हैं, जिन्हें आपसी संवाद और समझदारी से सुलझाया जा सकता है। दरबार में जोजरो की प्यारी उरांव, कुडू के बृजकिशोर प्रसाद, लवागाई की जहिमन बीबी, छोटकी चापी के अख्तर अंसारी सहित करीब डेढ़ दर्जन भूमि विवाद के मामले सामने आए। वहीं जिलिंग गांव के चननु महतो द्वारा पुत्र अशोक महतो को संपत्ति से बेदखल करने, एतवा उरांव के पुत्र की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति विवाद तथा अमृता कुमारी द्वारा पति प्रह्लाद प्रजापति पर दूसरी शादी कर भरण-पोषण नहीं देने के आरोप से जुड़े मामलों की भी सुनवाई की गई। इस दौरान आजसू नेता गुडु लाल ने आवेदनों की रिसीविंग नहीं दिए जाने की शिकायत की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने संबंधित कर्मियों को फटकार लगाई और सभी आवेदनों की अनिवार्य रूप से रिसीविंग देने का निर्देश दिया। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और प्रत्येक मामले का निष्पक्ष व त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंचलाधिकारी की रिपोर्ट के बिना भूमि विवाद से जुड़े मामलों में पुलिस हस्तक्षेप नहीं करेगी। आदेश की अवहेलना करने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जनता दरबार में प्रमुख, उपप्रमुख ऐनुल अंसारी, पुअनि सुनील कुमार, राकेश प्रसाद, सअनि संजय कुमार, सुनील सिंहा, मनोज यादव, लवकुश सिंह, सद्दाम अंसारी, रामकुमार ठाकुर, सबिरुद्दीन अंसारी, मेंस एसोसिएशन के मंत्री मुरारी कुमार, अंजू कुमारी, देवराज मोची, उदय यादव, राजू राम, मुखिया ललिता उरांव, गुडु लाल, हफीजुल अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, लोहरदगा**

**PMAY-G अन्तर्गत PMU के लिए नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, लोरहदगा के अन्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर लेखापाल–सह–कम्प्युयटर ऑपरेटर के रिक्त–01 पद (आरक्षित–अ0ज0जा0–01) के विरूद्ध संविदा आधारित नियुक्ति हेतु निर्गत विज्ञापन के आलोक में अभ्यर्थियों को विभागीय पोर्टल https://applyrdd. jharkhand.gov.in पर ऑनलाईन आवेदित आवेदनों के साथ अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं वांछित संलग्न अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर प्राप्त आवेदकों की सूची तैयार की गई है। आवेदकों की सूची को लोहरदगा के NIC वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपनी दावा/ आपत्ति यदि हो तो दिनांक 20.06.2026 के अपराह्न 5.00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास शाखा कार्यालय, लोहरदगा के Email Id drdalohardaga2@gmail.com पर या कार्यालय में लिखित रूप में दे सकते है। निर्धारित तिथि के बाद इस संबंध में कोई दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्राप्त दावा/आपत्ति के निराकरण पश्चात् दक्षता परीक्षा हेतु योग्य अभ्यर्थियों की सूची लोहरदगा के NIC वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा।

उपायुक्त
लोहरदगा

PR 381961 Lohardaga(26-27).D



**कार्यालय : जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा (झारखण्ड)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा गढ़वा जिले में **5 HP Solar PV Water Pumping (Solar Lift Irrigation)** सिस्टमकी आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग एवं 5 वर्ष के रख–रखाव हेतु इच्छुक एवं योग्य फर्म/एजेंसी/संस्था से तकनीकी एवं वित्तीय निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

अनुमानित लागत : 119.99560 लाख
निविदा शुल्क :5000/–
निविदा का प्रकार : खुली निविदा
कार्य अवधि : 12 माह
ईएमडी : 3,00,000/–
चयन प्रक्रिया : QCBS (गुणवत्ता सह लागत आधारित चयन प्रणाली)

- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 24/06/2026 (11:00 पूर्वाह्न)
- निविदा खोलने की तिथि : 24/06/2026 (11:30 पूर्वाह्न)
- निविदा उपलब्धता :
  जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा एवं वेबसाईट atmagarhwa.org.in and garhwa.nic.in

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय निविदा दस्तावेज में वर्णित हैं।
विभाग को किसी भी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 381944 Agriculture(26-27)D



**कार्यालय : जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा (झारखण्ड)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा इच्छुक एवं योग्य फर्म/एजेंसी/संस्था से हाईटेक सरकारी नर्सरी के विकास एवं प्रबंधन हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :
हाईटेक सरकारी नर्सरी का विकास एवं प्रबंधन, गढ़वा जिला।
अनुमानित लागत : 46.50 लाख
निविदा शुल्क : 2000/–
निविदा का प्रकार : खुली निविदा
कार्य अवधि : 12 माह
ईएमडी : 1,00,000/–
चयन प्रक्रिया : QCBS (गुणवत्ता सह लागत आधारित चयन प्रणाली)

- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 24/06/2026 (11:00 पूर्वाह्न)
- निविदा खोलने की तिथि : 24/06/2026 (11:30 पूर्वाह्न)
- निविदा उपलब्धता :
  जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा एवं वेबसाईट atmagarhwa.org.in and garhwa.nic.in

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय निविदा दस्तावेज में वर्णित हैं।
विभाग को किसी भी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। जिला उद्यान पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 381947 Agriculture (26-27)_D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**( लापता लड़की समसी खातुन, उम्र–करीब 16 वर्ष )**



विशुनपुरा थाना सनहा सं0–14/26 दिनांक–03.06.2026 में लापता लड़की समसी खातुन उम्र करीब–16 वर्ष, पिता–इरफान अंसारी, ग्राम–पतिहारी, पोस्ट– पिपरी कला, थाना– बिशुनपुरा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि लापता लड़की समसी खातुन दिनांक–02.06.2026 की रात्री करीब–01:00 बजे अचानक बिना कुछ बताये अपने घर से कहीं चली गई है, तथा अबतक घर वापस नहीं आयी है।

उक्त लापता लड़की का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया :–**
नाम–समसी खातुन, उम्र–करीब 16 वर्ष, चेहरा–गोरा,
लम्बाई–04 फीट 09 इंच, पहनावा– हरा रंग की कुर्ती
जींस एवं हवाई चप्पल पहनी हुई है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 381931 Police(26-27)#D



**जिला ग्रामीण विकास शाखा, चतरा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का सूचना ज्ञापांक 895, दिनांक 15.05.2026 द्वारा जिले के वेबसाईट एवं विभिन्न मुख्य समाचार पत्रों के माध्यम से मनरेगा अन्तर्गत चतरा जिला में संविदा आधारित ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों के विरूद्ध प्रतीक्षा सूची से चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्रों के सत्यापन हेतु दिनांक 23.05.2026 को जिला ग्रामीण विकास शाखा, चतरा के कार्यालय में आमंत्रित किया गया था, जिसमें कुल– 09 (नौ) अभ्यर्थी अनुपस्थित पाये गये तथा अनुपस्थित होने का कारण से भी अवगत नही कराया गया। विदित है कि सूचना में यह स्पष्ट वर्णित था कि उक्त तिथि को अनुपस्थित पाये जाने वाले अभ्यर्थियों के अभ्यर्थिता रद्द समझी जाएगी। ऐसे अनुपस्थित अभ्यर्थियों की विवरणी निम्नवत है:–

**पद का नाम:– ग्राम रोजगार सेवक**

| क्र0 | आवेदन सं0 | अभ्यर्थी का नाम | पिता का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 578217300115 | KISHOR KUMAR | JAGARNATH YADAV |
| 2 | 578217294562 | AFSAR ALI | QUAYAMUDDIN ANSARI |
| 3 | 578217294568 | ASHOK KUMAR DANGI | CHARAN DANGI |
| 4 | 578217300065 | AMIT KUMAR SINGH | JAYRAM SINGH |
| 5 | 578217295103 | NIRMAL KUMAR YADAV | CHANDRA YADAV |
| 6 | 578217297905 | SUMIT KUMAR SINGH | JAYRAM SINGH |
| 7 | 578217294527 | SATISH KUMAR DANGI | WAKIL DANGI |
| 8 | 578217299600 | ANITA KUMARI | GARIB BHUIYAN |
| 9 | 578217300482 | ARVIND KUMAR RAVI | BHUVNESHWAR RAVIDAS |

उक्त के आलोक में उपरोक्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को अनुपस्थित पाये जाने के कारण आपकी अभ्यर्थिता रद्द की जाती है।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
चतरा।

PR 381970 (Rural Development) 26-27 (D)

# बिरसा मुंडा का जीवन स्वाभिमान और स्वतंत्रता की चेतना का प्रतीक है : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर मंगलवार को बिरसा एग्रो पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके संघर्ष और योगदान को याद किया।

उपायुक्त ने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन सामाजिक न्याय, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की चेतना का प्रतीक है। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी समाज को प्रेरित करता है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद उपायुक्त ने बिरसा एग्रो पार्क का निरीक्षण किया और पार्क के विकास, सौंदर्यीकरण तथा बेहतर रखरखाव के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आगंतुकों के लिए पार्क को अधिक सुरक्षित एवं आकर्षक बनाने पर बल दिया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन, अपर समाहर्ता राजीव नीरज, डीसीएलआर राजीव कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।



## भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**सिसई (गुमला)।** भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मंगलवार को सिसई प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित अंबेडकर वाटिका में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित माल्यार्पण कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने भी धरती आबा के संघर्ष, त्याग और बलिदान को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बीडीओ रमेश कुमार यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए आदिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा दी थी। उनका जीवन आज भी समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के विचारों एवं आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधान लिपिक, कल्याण पदाधिकारी, समाजसेवी संजय वर्मा, जयराम उरांव, आदिवासी पड़हा समाज के प्रतिनिधि सहित कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# दृष्टिपात

## चैनपुर में 35 वर्षीय युवक का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र में मंगलवार अहले सुबह एक 35 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान रायडीह थाना क्षेत्र के जादी गांव निवासी अमित एक्का (35) के रूप में की गई है। शव मिलने की सूचना पर बिंदोरा मुखिया सुशील दीपक मिंज घटनास्थल पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी। प्रारंभिक जांच में पुलिस को जानकारी मिली है कि अमित एक्का लंबे समय से लकवा की बीमारी से पीड़ित था। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मामले की सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जन शिकायत निवारण दिवस में 50 से अधिक मामलों की सुनवाई, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**गुमला।** उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे 50 से अधिक लोगों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन उपायुक्त को सौंपे। जनसुनवाई के दौरान मानदेय भुगतान, भूमि मुआवजा, जाति प्रमाण पत्र, बिजली विभाग की शिकायत, बैंक खाता फ्रीज होने, राजस्व अभिलेखों के अद्यतन, पेंशन, आवास, पेयजल और सड़क जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम है तथा प्रत्येक आवेदन का निष्पक्ष और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## धर्मगुरुओं ने लिया टीबी मुक्त भारत का संकल्प



**गुमला।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत माहेश्वरी भवन में धर्मगुरुओं के साथ विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न मंदिरों के 66 धर्मगुरु अपने परिवारजनों के साथ शामिल हुए और टीबी उन्मूलन अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। एनटीईपी के पीपीएम समन्वयक हरिशंकर मिश्रा ने टीबी के लक्षण, जांच, निःशुल्क उपचार तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि समय पर पहचान और नियमित इलाज से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। माहेश्वरी महिला समिति की अध्यक्ष शकुंतला मंत्री ने कहा कि धर्मगुरु समाज को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बताया कि समिति पूर्व में भी टीबी मरीजों के बीच पोषण किट वितरित कर चुकी है और आगे भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे। कार्यक्रम में धर्मगुरुओं ने समाज में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर केशव दास, प्रमोद मिश्र, राजकिशोर पाठक, मृत्युंजय मिश्रा, सुभाष मिश्रा, कुंजबिहारी मिश्रा, रवि दास सहित 66 धर्मगुरु एवं उनके परिवारजन उपस्थित थे।

## सड़क किनारे टहल रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर मौत

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो-बेड़ों सीमा क्षेत्र स्थित असरो पेट्रोल पंप के समीप सोमवार रात हुए सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान करंज थाना क्षेत्र के डूडीया गांव निवासी 52 वर्षीय काशी महतो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार काशी महतो कुछ दिन पूर्व असरो स्थित राजेश ढाबा में काम करने आए थे। सोमवार रात भोजन करने के बाद वह सड़क किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान रांची की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर बेड़ों थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा फरार वाहन और चालक की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इधर, घटना की सूचना गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा एवं सरकारी सहायता देने की मांग की है।

## सिकरी गांव में 58 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**गुमला।** जारी थाना क्षेत्र के सिकरी गांव में 58 वर्षीय मोखतार खान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम ग्रामीणों ने गांव के समीप मोखतार खान को अचेत अवस्था में देखा। सूचना मिलने पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। जारी थाना प्रभारी शनि कुमार ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। परिजनों ने बताया कि मोखतार खान पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# घाघरा में संतुलित उर्वरक उपयोग पर कृषक गोष्ठी



● किसानों को दी गई वैज्ञानिक खेती की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आत्मा कार्यालय में संतुलित उर्वरक उपयोग को लेकर विशेष जागरूकता अभियान सह कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने तथा मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए बीटीएम नीरज सिंह ने कहा कि संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है और फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक एवं असंतुलित रासायनिक खाद के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। कृषि वैज्ञानिक अटल जी ने किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने से लागत कम होती है और बेहतर उत्पादन प्राप्त होता है। कार्यक्रम में आत्मा की जिला उप परियोजना निदेशक तृप्ति तिर्की, एटीएम पूनम बेदिया, किसान मित्र जोसिंदर गोप, अशोक महतो, जयनाथ भगत सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# जिला विज्ञान केंद्र में तीन दिवसीय समर कैंप शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** बच्चों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता विकसित करने के उद्देश्य से जिला विज्ञान केंद्र, गुमला में मंगलवार से तीन दिवसीय समर कैंप की शुरुआत हुई। कैंप के पहले दिन विद्यार्थियों ने आधुनिक विज्ञान और तकनीक की रोचक दुनिया से परिचय प्राप्त किया तथा विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बीपीओ दिलदार सिंह ने कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को समझने और नई संभावनाओं की खोज का माध्यम है। उन्होंने कहा कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों को विज्ञान की जटिल अवधारणाओं को सरल, रोचक और प्रयोगात्मक तरीके से सीखने का अवसर मिलेगा, जिससे भविष्य की उभरती तकनीकों के प्रति उनकी रुचि बढ़ेगी। कैंप के प्रथम दिवस पर विज्ञान केंद्र की अंकिता और बिपाशा ने प्रतिभागियों को इंडस्ट्री जोन का भ्रमण कराया। इस दौरान बच्चों ने थ्रीडी प्रिंटिंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी, लाइन फॉलोइंग रोबोट और इमेज प्रिंटिंग रोबोट जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को नजदीक से देखा और उनकी कार्यप्रणाली को समझा। तकनीकी उपकरणों को देखकर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने विशेषज्ञों से कई जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। विज्ञान केंद्र के प्रतिनिधियों ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा समस्या समाधान की क्षमता को मजबूत बनाना है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को वर्चुअल रियलिटी अनुभव, विज्ञान प्रयोग, साइंस हब भ्रमण, रचनात्मक कला एवं शिल्प गतिविधियों तथा विज्ञान आधारित इंटरैक्टिव सत्रों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। दूसरे दिन बच्चों को साइंस हब का भ्रमण कराया जाएगा, जहां वे विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों और प्रदर्शों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप से समझेंगे। साथ ही ऑडियो-वीडियो माध्यम से सौरमंडल, अंतरिक्ष विज्ञान और अन्य वैज्ञानिक विषयों की जानकारी दी जाएगी। समर कैंप का समापन 11 जून को विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। ज्ञान, प्रयोग, मनोरंजन और नवाचार का यह संगम बच्चों के लिए एक प्रेरणादायी और यादगार अनुभव साबित हो रहा है।

# भरनो विष्णु मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** भरनो बस्ती बाजार टांड़ स्थित श्रीविष्णु मंदिर में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। कार्यक्रम के समापन पर हवन-पूजन, महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। संकीर्तन के दौरान 24 घंटे तक भजन-कीर्तन और हरिनाम के जयघोष से मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजन में भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। आयोजकों ने बताया कि अखंड हरिनाम संकीर्तन का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत करना है। समापन अवसर पर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी आचार्य अवधेश मिश्रा, मंदिर समिति तथा स्थानीय ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बस किराया वृद्धि के खिलाफ मूली पड़हा का प्रदर्शन, चक्का जाम की चेतावनी

**गुमला।** जिले में बस किराया बढ़ाए जाने के विरोध में मूली पड़हा गुमला के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) को ज्ञापन सौंपकर किराया वृद्धि पर पुनर्विचार की मांग की। संगठन ने आरोप लगाया कि बस संचालकों ने मनमाने तरीके से किराया बढ़ाकर आम यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। प्रतिनिधिमंडल ने गुमला जिले के विभिन्न मार्गों पर बढ़ाए गए बस किराए की समीक्षा कर उसे कम करने की मांग की। मूली पड़हा के प्रतिनिधि देवेन्द्र लाल ने कहा कि ईंधन की कीमतों में सीमित वृद्धि हुई है, जबकि कई रूटों पर किराए में असंगत रूप से बढ़ोतरी कर दी गई है। इसका सीधा असर मजदूरों, छात्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों पर पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो संगठन जिलेभर में चक्का जाम आंदोलन करने को बाध्य होगा। वहीं देवान चुइयां कुजूर ने कहा कि आम जनता की आर्थिक स्थिति को नजरअंदाज कर किराया वृद्धि उचित नहीं है।


## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार।

-: आम सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संचालित किया जा रहा है। प्राप्त निर्देशों के आलोक में नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 16.05.2026 से मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रारंभ किया गया है।

अतः नगर पंचायत, लातेहार के सभी नागरिकों से अनुरोध है कि यदि किसी कारणवश उनका मकान, दुकान, प्रतिष्ठान, कार्यालय अथवा अन्य भवन उक्त सर्वेक्षण एवं गणना कार्य से छूट गया हो, तो वे अविलंब कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार से संपर्क कर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं।

सभी संबंधित व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने छूटे हुए मकान, दुकान, प्रतिष्ठान, कार्यालय आदि का दिनांक 14.06.2026 से पूर्व मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य हेतु पंजीकरण/सत्यापन सुनिश्चित कर लें, ताकि जनगणना से संबंधित अभिलेखों में उनका विवरण सम्मिलित किया जा सके।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 381872 Urban Development(26-27)D



## न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी,लातेहार

भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या-36/2026

आम इस्तेहार

आवेदक भोला राम पिता-स्व0 भगवान राम, निवासी ग्राम-हरखा, पो0-मोंगर, थाना+जिला-लातेहार द्वारा रंजीत कुमार पिता-राज कुमार प्रसाद, ग्राम+पो0- लातेहार, थाना+जिला-लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा- 46(1-बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| हरखा | 39 | 506 | 0.15 |
| | | 336 | 0.22 |
| | | 337 | 0.30 |
| | | कुल रकबा- | 0.67 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम-इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 381878 District(26-27).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-05 वर्ष 2026-27

| | | |
|---|---|---|
| 1 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 2 | विज्ञापनदाता का नाम | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी<br>कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 3 | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | दिनांक 18.06.2026 समय 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक 19.06.2026 समय 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 19.06.2026 समय 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 7 | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 8 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 9 | कार्य की विस्तृत विवरणी - | |

Name of Work:- Construction of 200 mm x 165mm x 150.00 M deep High Yield Drilled Tube Well with installation of Extra depth India Mark-II (IS:15500 Part-2/2004) Hand Pump at different places in District Chatra under D.W. & S. Division Chatra for the Year 2026 -27 (Head-DMFT Fund)

| ग्रुप संख्या | योजना की संख्या | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| CH/HYDT-01 | 08 Nos. | 20,52,166/- | 41,500/- | 5,000/- | 01 माह |
| CH/HYDT-02 | 08 Nos. | 20,52,166/- | 41,500/- | 5,000/- | 01 माह |
| CH/HYDT-03 | 08 Nos. | 20,52,166/- | 41,500/- | 5,000/- | 01 माह |
| CH/HYDT-04 | 08 Nos. | 20,52,166/- | 41,500/- | 5,000/- | 01 माह |
| CH/HYDT-05 | 08 Nos. | 20,52,166/- | 41,500/- | 5,000/- | 01 माह |
| CH/HYDT-06 | 06 Nos. | 15,39,125/- | 31,000/- | 5,000/- | 01 माह |

नोट - निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 381979 Drinking Water and Sanitation(26-27)#D



## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय, लातेहार

रिक्ति की सूचना

भर्ती कैम्प -सह- निबंधन कैम्प : 2026

दिनांकः 12/06/2026

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में सुगमता से नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांकः 12.06.2026, दिन : शुक्रवार के पूर्वाहन् 10:30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक जिला खेल स्टेडियम के सामने खुला मैदान में एक दिवसीय भर्ती कैम्प-सह-निबंधन कैम्प : 2026 आयोजित किया जा रहा है।

भर्ती कैम्प 2026 में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :-

| S. no. | Name and add. Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification: Essential | Qualification: Desirable | Experience | Age | Job Location | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Terrier Security Services, Rehla, Palamu | SECURITY GUARD | 350 | 10th | - - | - - | 18-45YRS. | LATEHAR & other District Of Jharkhand | 17000-23000/- |
| 2 | Jaimaa Sharda Automobiles, Medininagar | Customer Advisor | 08 | 10+2 | - | 02 Yrs. | 22+ | LATEHAR /Palamu/ Garhwa/Lohardaga | 14500/- |
| | | Team Leader | 02 | Graduate | | - | 25+ | | |
| 3 | Cosmogyral solutions Pvt. Ltd. M20, Argora Housing Argora, Ranchi | Trainer GDA- Advance | 02 | Graduate with GNM | - | 2 Yrs. | 21-32 | Jhakhand and other State | 15K-25K |
| | | Trainer SET | 01 | Graduate | - | 2 Yrs. | 21-30 | | 12K- 18K |
| | | Mobilizer/Marketing Officer | 01 | Graduate | - | 2 Yrs. | 25-35 | | 12K- 18K |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प 2026 में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायो डाटा(2 कॉपी) एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

दिनांकः 12.06.2026, दिन : शुक्रवार,
समय : पूर्वाहन् 10:30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक
स्थान : जिला खेल स्टेडियम, लातेहार

नोट :- रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर एवं जिला नियोजन कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

|| आपके उज्जवल भविश्य के शुभकामनाओं के साथ ||

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी, लातेहार

PR 381949 Labour Employment and Traning (26-27)_D

**विचार प्रवाह** ईश्वर के साथ समरस होना और उनमें पूर्ण विश्वास 'रखना, जहां भी वे आपको रखें और आपके साथ जो भी करें उसी में संतुष्ट रहना, सब कुछ नम्रता एवं भक्ति से स्वीकार करना, अत्यंत अद्भुत होता है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# डायन हत्याएं बढ़ती गईं ज्यों ज्यों चिकित्सा सुविधा घटी

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

1450 से 1750 के बीच यूरोप में लगभग 40,000 से 50,000 महिलाओं डायन बताकर मौत की तरह डायन-शिकार की प्रथा भारत के 12 पिछड़े राज्यों में विशेष रूप से प्रचलित है जिनमें ज्यादातर कम आय और कम साक्षरता वाले हैं जैसे बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात और आंध्र प्रदेश। इनमें से झारखंड इस कुप्रथा का सबसे बड़ा केंद्र है, जहां विशेष रूप से आदिवासी समुदाय में यह प्रथा गहरी जड़ें जमाए हुए है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार 2001 से 2020 तक झारखंड में 590 लोग, जिनमें अधिकांश महिलाएं थीं, डायन होने के कथित आरोप में हत्या का शिकार हुए। विभिन्न संगठनों का अनुमान है कि पिछले 20 वर्षों में झारखंड में डायन-शिकार के नाम पर 1,800 से अधिक हत्याएं हुईं। इसका अर्थ है कि औसतन हर तीसरे दिन एक महिला इस कुप्रथा की भेंट चढ़ती है। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के आंकड़ों के अनुसार, केवल खूंटी जिले में पिछले तीन वर्षों में 650 महिलाएं और 11 पुरुष डायन-शिकार का शिकार बने। इनमें से कुछ ही मामले पुलिस तक पहुंचे। अधिकांश मामलों में संपत्ति विवाद मुख्य कारण रहा। डायन-शिकार की घटनाएं न केवल अमानवीय हैं, बल्कि ये चिकित्सा की कमी,सामाजिक और आर्थिक अन्याय की कहानियां भी बयां करती हैं। 2022 में खूंटी की एक महिला के पति की मृत्यु के कुछ ही दिन बाद, उसके गोतनी के पति की बीमारी के बाद उचित इलाज के अभाव में मृत्यु हो गई। इसके लिए उसे डायन ठहराया गया। गोतनी और उनके बेटों ने उसके साथ मारपीट की, उसे घर से निकाल दिया और धमकी दी कि यदि वह लौटी तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। यह मामला संपत्ति से जुड़ा था, क्योंकि महिला के पति की मृत्यु के बाद उसकी जमीन पर गोतनी का परिवार कब्जा करना चाहता था। खूंटी थाना क्षेत्र की एक महिला को उसकी वृद्ध सास की बीमारी से मृत्यु के बाद डायन करार दिया गया। उसके देवर, देवरानी और उनके बच्चों ने उसे अपमानित किया, उसकी फसलों को नष्ट कर दिया और उसे मानसिक व आर्थिक रूप से बर्बाद कर दिया। यह मामला कोर्ट में है, और पीड़ित महिला अब समाज को जागरूक करने के लिए काम कर रही है।2021 में खूंटी की एक अन्य महिला की गोतनी की नाबालिग बेटी मिर्गी से पीड़ित थी। परिवार ने समुचित इलाज के अभाव में ओझा का सहारा लिया। बच्ची की मृत्यु के बाद महिला को डायन बताकर बुरी तरह पीटा गया। गांव वालों को समझाया गया कि उसने जादू-टोना कर बच्ची को मार डाला। उसे अपना गांव छोड़कर दूसरी जगह रहना पड़ा पिछले 40 वर्षो के विभिन्न मामलों के अध्ययन से पता चलता है कि ग्रामीण या आदिवासी समाज सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी या नहीं रहने के कारण मजबूरी में झाड़-फूंक करने वालों के पास जाते हैं जो साफ कुछ नहीं बताकर इशारों में किसी बूढ़े-बूढ़ी या पड़ोसी की ओर इशारा करते हैं जिसके बाद संदेह के आधार पर संपति हड़पने के लिए किसी को भी बिना सबूत डायन-बिसाही बताकर प्रताड़ित किया जाता है या मार डाला जाता है। विकास के नाम पर मुफ्त अनाज और चिकित्सा जैसी सुविधाओं में भ्रष्टाचार,राजनीति और फर्जीवाड़े से जहां संपन्न लोगों को सुविधाएं मिल जाती हैं तो सुपात्र ग्रामीण और आदिवासी वंचित रह जाते हैं। सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) की रिपोर्ट बताती है कि 2024 में 45.5 प्रतिशत मृत्यु के समय किसी प्रशिक्षित चिकित्सक या स्वास्थ्य पेशेवर की उपस्थिति नहीं थी, जबकि 2020 में 18 प्रतिशत लोग ही बिना चिकित्सीय देखरेख के मरे थे। आंकड़ों में यह अविश्वसनीय उछाल निस्संदेह चौंकाने वाला है। प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख के बगैर हुई मौतों में शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों का अधिक प्रतिशत बताता है कि स्वास्थ्य सुविधाओं तक ग्रामीण क्षेत्रों की बेहतर पहुंच नहीं हो पाई है। इस रिपोर्ट का एक गंभीर पहलू मृत्यु के कारणों के वैज्ञानिक रिकॉर्ड से जुड़ा है। जब बड़ी संख्या में मौतें चिकित्सकीय निगरानी के बिना होती हैं, तब मृत्यु के वास्तविक कारणों का निर्धारण मुश्किल हो जाता है और इससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य आंकड़ों की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है, जिससे संबंधित नीति निर्माण पर भी असर पड़ता है। पिछले एक दशक में स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं, नए मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों के उन्नयन और स्वास्थ्य बीमा कवरेज के विस्तार को बड़ी उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसके बावजूद अगर लगभग हर दूसरी मौत प्रशिक्षित चिकित्सा सहायता के बगैर हो रही है, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि इन पहलों का लाभ समाज के सबसे कमजोर और दूरस्थ वर्गों तक किस हद तक पहुंच पाया है।अगर विभिन्न राज्यों के आंकड़ों का विश्लेषण करें, तो स्थिति और भी गंभीर दिखती है। बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में 60 फीसदी से अधिक मौतें प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की अनुपस्थिति में हुईं।

# सड़क पर बिखरा साहित्य

आज की बात



डॉ सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

**हमारे देश की सड़कों पर ट्रैफिक रूल्स की कॉपियां भले ही धूल खा रही हों पर इन ट्रकों और ऑटो के पीछे लिखे जीवन के गहरे फलसफे हर आने-जाने वाले की आत्मा को झकझोर कर रख देते हैं। आप किसी भी बड़े शहर के चौराहे पर खड़े हो जाइए आपको यमराज की ड्यूटी और इंसानी मजबूरी का ऐसा लाइव कॉम्बिनेशन कहीं और देखने को नहीं मिलेगा जो इन गाड़ियों के बंपर पर मुफ्त में उपलब्ध रहता है**

सड़कों पर दौड़ते वाहन दर्शनशास्त्र की चलती-फिरती यूनिवर्सिटी होते हैं। जब कोई नौसिखिया ड्राइवर अपनी चमचमाती कार में बैठकर स्टियरिंग थामता है तो उसे लगता है कि वह सड़क का सिकंदर है लेकिन असली ज्ञान तो उस खटारा ट्रक के पीछे लिखा होता है जो धुएं का गुबार छोड़ते हुए कहता है "मालिक की ज़िंदगी, चेले की ऐश... उड़ाओ कैश"। यह लाइन पढ़ते ही कार के गियर में हाथ लगाए बैठे मध्यमवर्गीय इंसान का सारा घमंड वैसे ही पिघल जाता है जैसे चिलचिलाती धूप में कुल्फी पिघलती है। हमारे देश की सड़कों पर ट्रैफिक रूल्स की कॉपियां भले ही धूल खा रही हों पर इन ट्रकों और ऑटो के पीछे लिखे जीवन के गहरे फलसफे हर आने-जाने वाले की आत्मा को झकझोर कर रख देते हैं। आप किसी भी बड़े शहर के चौराहे पर खड़े हो जाइए आपको यमराज की ड्यूटी और इंसानी मजबूरी का ऐसा लाइव कॉम्बिनेशन कहीं और देखने को नहीं मिलेगा जो इन गाड़ियों के बंपर पर मुफ्त में उपलब्ध रहता है। यह इस देश का सबसे सस्ता और टिकाऊ मनोरंजन है जिसे देखने के लिए किसी मल्टीप्लेक्स का टिकट नहीं कटाना पड़ता बस अपनी आंखें खुली रखनी पड़ती हैं।

सड़क पर निकलते ही पहला मुकाबला उस बिरादरी से होता है जो जीवन को एक रेस समझती है और जिनकी गाड़ियों के पीछे लिखा होता है "धीरे चलोगे तो बार-बार मिलोगे, तेज चलोगे तो हरिद्वार मिलोगे"। इस एक लाइन में जीवन और मृत्यु का जो अद्भुत ककहरा सिखाया गया है उसे पढ़कर बड़े-बड़े संतों की समाधि भंग हो सकती है। लोग सुबह-सुबह ऑफिस जाने की जल्दी में अपनी बाइक को हवाई जहाज बनाने की कोशिश करते हैं तभी उनके सामने कोई ऐसा ही ऑटो आ जाता है जिसके पीछे बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा होता है "हँस मत पगली, प्यार हो जाएगा... ब्रेक मत मार, एक्सीडेंट हो जाएगा"। इसे पढ़कर अच्छे-अच्छे रोमियो अपनी गाड़ी की स्पीड चालीस से नीचे कर लेते हैं क्योंकि मोहब्बत और हाईवे दोनों में ही जब ब्रेक फेल होता है तो नुकसान सीधा दिल और बंपर का ही होता है।

भारतीय सड़कों पर ड्राइविंग करना किसी युद्ध के मैदान में उतरने जैसा है जहाँ आपको हर मोड़ पर एक नई चुनौती का सामना करना पड़ता है। यहाँ यमराज किसी कोने में बैठकर चाय की चुस्की ले रहे होते हैं और उनके प्रतिनिधि के रूप में हमारी गाड़ियों के पीछे लिखा होता है "दम है तो पास कर, वरना बर्दाश्त कर"। यह सीधा सा संदेश उस पूरी व्यवस्था पर करारा तमाचा है जो हर वक्त आगे निकलने की अंधी दौड़ में अंधी हो चुकी है। अपनी महबूबा की शादी के गम में देवदास बनने के बजाय ट्रक का ड्राइवर बन गाड़ी पर लिखवाता है "दिल




दिया था जिसको, वो चली गई विप्रो, अब ढूँढ रहा हूँ उसको मेट्रो-मेट्रो"। यह महज़ एक शायरी नहीं बल्कि कॉरपोरेट जगत की उस कड़वी सच्चाई का दस्तावेज़ है जहाँ भावनाएं सैलरी पैकेज के सामने घुटने टेक देती हैं। ऐसी ही एक गाड़ी के पीछे जब लिखा मिलता है "तूने ठुकराया मेरा प्यार, अब देख मेरी कार का गियर" तो समझ आता है कि इश्क में मिला धोखा ही इंसान को बड़ा बिज़नेसमैन या फिर भारी वाहन का मालिक बनाता है।

एक आम आदमी बैंक से लोन लेकर लिखाता है "मालिक की दया, बैंक का कर्जा"। यह लाइन उस अंतहीन चक्रव्यूह को बयां करती है जिसमें फंसा इंसान हर महीने की तारीख आने से पहले ही कांपने लगता है। किश्तों के बोझ तले दबे हुए ड्राइवर्स की गाड़ी के पीछे लिखा होता है "किश्तों पर ज़िंदा हूँ, मालिक का परिंदा हूँ"। यह पंक्तियां किसी बड़े कवि की कविता से कम नहीं हैं जो सीधे समाज के उस हिस्से पर रोशनी डालती हैं जो दिन-रात पसीना बहाकर देश का चक्का चलाता है। पारिवारिक सुख और सामाजिक ताने-बाने को एक साथ समेटे हुए एक लंबा सा ट्रक कहता है "छोटा परिवार, सुखी परिवार... और ये लंबा ट्रक, सबका यार"।

सड़कों पर चलने वाले इन मुसाफिरों का अपनी गाड़ियों से ऐसा रिश्ता होता है कि वे उन्हें महज़ मशीन नहीं बल्कि अपने जिगर का टुकड़ा समझते हैं। लिखा होता है "धीरे चलो, घर पर कोई इंतज़ार कर रहा है शायद बेलन लेकर"। आप अपनी गाड़ी को बहुत संभाल कर चला रहे होते हैं तभी सामने वाले ट्रक पर लिखा होता है "नज़र हटी, दुर्घटना घटी... सब्जी पूरी बंटी"। समय के चक्र और इंसान की औकात को याद दिलाते हुए एक और सूक्ति वाक्य मिलता है "समय बलवान है, इंसान तो बस मेहमान है"। छोटा सा ऑटो रिक्शा जब संकरी गलियों से सांप की तरह बलखाते हुए निकलता है तो उसके पीछे लिखा होता है "ऑटो है छोटा, पर दिल है बड़ा"। युवाओं का दर्द भी गाड़ियों पर बखूबी उभर कर सामने आता है जब वे लिखवाते हैं "चालान से डर नहीं लगता साहब, खाली जेब से लगता है"।

शानदार, महंगी और विदेशी स्पोर्ट्स कार फर्राटा भर रही होती है, जिसे देखकर ऐसा लगता है मानो वह सड़क पर नहीं बल्कि हवा में उड़ रही हो। उस कार का मालिक चश्मा चढ़ाए, स्टीयरिंग पर उंगलियां थिरकाते हुए खुद को दुनिया का शहंशाह समझ रहा होता है। तभी उसके आगे एक बहुत ही पुराना, जंग लगा हुआ और भयंकर काला धुआं छोड़ता हुआ कबाड़ ट्रक आ जाता है, जिसके पीछे बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा होता है "जो हमसे टकराएगा, वो सीधा गैरेज जाएगा"। स्पोर्ट्स कार का घमंडी मालिक उस खटारे को देखकर खीझ जाता है और उसे ओवरटेक करने के लिए लगातार हॉर्न पर हॉर्न बजाने लगता है। वह खिड़की से हाथ बाहर निकालकर चिल्लाता है "ए भाई! साइड हटा अपनी इस बैलगाड़ी को!"लड़का कांपते हुए पूछता है "प्रभु, आप यहाँ ट्रक चला रहे हैं?" यमराज हंसते हुए जवाब देते हैं "अरे भाई!

धरती पर इतना ट्रैफिक और प्रदूषण हो गया है कि भैंसे को सांस लेने में दिक्कत होती है, इसलिए हमने भी लोन पर यह सेकंड हैंड ट्रक उठा लिया है। वैसे तुम्हारी कार का बीमा और तुम्हारी सांसों का परमिट दोनों ही आज इसी वक्त समाप्त हो चुके हैं, चलो अब चुपचाप पीछे वाले केबिन में बैठो, वहाँ पहले से ही तीन ओवरस्पीडिंग वाले आशिक बैठे 'महबूबा की याद में' गियर बदल रहे हैं!"

# इंडिया ब्लॉक की बैठक अभी ही क्यों हुई और क्या हुआ हासिल?

देश की बात



सत्येंद्र प्रताप सिंह

अचानक इंडिया ब्लॉक की यह बैठक क्यों हुई? जबकि छठी आधिकारिक बैठक दो साल पहले 1 जून 2024 को नई दिल्ली में हुई थी। यह बैठक लोकसभा चुनाव संपन्न होने के तुरंत बाद और चुनाव परिणामों की घोषणा से पहले बुलाई गई थी। इंडिया ब्लॉक में शामिल प्रायः सभी क्षेत्रीय दल अक्सर कहते हैं कि यह एकजुटता लोकसभा चुनाव के लिए सिर्फ होती है। फिर तो लोकसभा चुनाव तीन साल बाद 2029 में है। यह बैठक फिर अभी ही क्यों हुई? दरअसल जो व्यक्ति या दल कभी भी इंडिया ब्लॉक को अहमियत नहीं दी, लोकसभा चुनाव में भी किसी अन्य दल के लिए कभी कोई सीट नहीं छोड़ी। उसी के दबाव भरे अनुरोध पर यह बैठक हुई। बंगाल में अपनी सत्ता गंवाने के बाद जब विधायकों व पार्षदों ने झुंड बनाकर दल छोड़ने लगे, तब टीएमसी सुप्रीमों ममता बनर्जी के विशेष अनुरोध पर इंडिया ब्लॉक की यह 7वीं बैठक आयोजित हुई थी। ममता बनर्जी अपने भतीजे सांसद अभिषेक बनर्जी, कल्याण बनर्जी और राज्यसभा में पार्टी के नेता डेरेक ओ ब्रायन के साथ उपस्थित हुई थीं। ममता-अभिषेक के बॉडी लैंग्वेज में भी बहुत फर्क था। वह तल्खी नजर नहीं आई, जिसके लिए वह जानी जाती हैं। छोटे बड़े 23 दलों के नेता सरीक जरूर हुए लेकिन डीएमके और आप की अनुपस्थिति भी झलक रही थी। तमिलनाडु में कांग्रेस द्वारा टीवीके के साथ जाने के बाद एमके स्टॅलिन ने इंडिया ब्लॉक से नाता तोड़ दिया था। आप ने भी सीट शेयरिंग को लेकर साथ छोड़ दिया था। इंडिया ब्लॉक से बीते 3 साल में 3 पार्टियां अलग हो चुकी हैं। इनमें जदयू 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान, आप, दिल्ली और हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान और डीएमके हाल में हुए तमिलनाडु चुनाव के बाद दूर हुई। अगले साल देश के दो प्रमुख राज्यों उत्तर प्रदेश और पंजाब में विधानसभा चुनाव होना है। पंजाब में आप और कांग्रेस के मध्य ही मुख्य मुकाबले की संभावना है। ऐसे में दोनों एक दूसरे के लिए सीट छोड़ने को तैयार नहीं हैं। उत्तर प्रदेश से सपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बैठक में थे। अगले वर्ष विधानसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक की रणनीति या भूमिका क्या होगी? इस पर कोई चर्चा नहीं हुई। स्पष्ट है कि अखिलेश जितनी सीटें देंगे, कांग्रेस को मजबूरन स्वीकार करना पड़ेगा। अखिलेश यादव ने कांग्रेस से अपील की कि वह बड़ा दिल दिखाए और राज्यों में सबसे मजबूत क्षेत्रीय पार्टियों का खुलकर समर्थन करे। संकेत पहले ही दे दिए। उन्होंने कॉकरोच जनता पार्टी से भी बातचीत करने का सुझाव दिया। जबकि राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा को चुनौती देने के लिए विपक्षी दलों के बीच आपसी विश्वास और एकजुटता बहुत जरूरी है। एक तरफ कांग्रेस और इंडिया है और दूसरी तरफ बीजेपी आरएसएस है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल चुनाव में धांधली और चुनावों के दौरान और उसके बाद विपक्षी दलों पर की गई राजनीतिक प्रतिशोध का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि गठबंधन के साथियों को एक-दूसरे की आलोचना करने से बचना चाहिए। बैठक में जो पांच फैसले लिए गए, उसका पहला फैसला ममता बनर्जी के ही सुझाव को बनाया गया। एसआईआर (विशेष गहन संशोधन) और वोटर लिस्ट में कथित हेरफेर के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने (वोट लूट) के खिलाफ भारत के मुख्य न्यायाधीश को जल्द ज्ञापन सौंपा जाएगा। बहरहाल, 2014 के बाद जब भाजपा ने कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दिया था, तब सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मो से लेकर राजनीतिक गलियारे में भी तंज कसे गए थे। कांग्रेस मुक्त भारत यानी कांग्रेस युक्त भाजपा। दरअसल, भाजपा के बाद सिर्फ कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जिसकी उपस्थिति कम या ज्यादा हर राज्य में है। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सभी दलों से सीधे 2029 के आम चुनावों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करते हुए कहा भी कि कांग्रेस ही वह गोंद है जो इंडिया ब्लॉक को आपस में जोड़े हुए है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

## बर्फीले जाम में भी दौड़ेंगे सैन्य वाहन और टैंक



अरविंद रावल

चीन और पाकिस्तान से सटी भारत की दुर्गम, ऊंची-नीची तथा वर्षभर शून्य डिग्री से नीचे तापमान वाली बर्फीली सीमाओं की रक्षा भारतीय सेना आजादी के बाद से अत्यंत कठिन परिस्थितियों में करती आ रही है। सीमित संसाधनों के बावजूद हमारे जवान पूरी मुस्तैदी के साथ देश को बाहरी खतरों से सुरक्षित रखने में निरंतर जुटे हुए हैं। अब तक भारी बर्फबारी के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों की सड़कें महीनों तक बर्फ से ढकी रहती थीं, जिससे सेना को रसद, उपकरण और सैनिकों की आवाजाही में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। यद्यपि सरकार और सेना द्वारा वर्षों से स्थायी एवं सुगम संपर्क मार्ग विकसित करने के प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन अत्यधिक बर्फबारी के कारण ये प्रयास अक्सर प्रभावित हो जाते थे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जब इन चुनौतियों को गंभीरता से समझा, तब उन्होंने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के साथ मिलकर बर्फीले क्षेत्रों में वर्षभर निर्बाध यातायात सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ किया। इसी कड़ी में स्वदेशी जियो-थर्मल हीटिंग पाइप प्रणाली को अपनाने की योजना बनाई गई है। इस तकनीक के अंतर्गत बर्फीली सड़कों के नीचे हीटिंग सिस्टम स्थापित किया जाएगा, जिससे सड़क पर जमी बर्फ स्वतः पिघलती रहेगी और मार्ग सालभर सुचारु बना रहेगा। इससे भारतीय सेना के वाहन, टैंक तथा अन्य सैन्य उपकरण सीमावर्ती क्षेत्रों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। सड़क परिवहन मंत्रालय और बीआरओ द्वारा लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड जैसे बर्फीले राज्यों में इस तकनीक के उपयोग की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सीमावर्ती मार्गों को स्थायी रूप से बर्फ की बाधा से मुक्त करना और सेना की आवाजाही को अधिक सुगम बनाना है। यह पहल न केवल देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगी, बल्कि बर्फीले राज्यों में पर्यटन को भी बढ़ावा देगी। बेहतर सड़क संपर्क से स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और इन क्षेत्रों का समग्र विकास संभव होगा।

राष्ट्रीय नवीन मेल
**धर्म-अध्यात्म**

## हमारी भावना शुद्ध रहे, उद्देश्य पवित्र रहे और हमारे कार्य नैतिक रहें



स्वामी चिन्मयानंद

कार्य करने का सच्चा उत्साह होने पर कर्ता अपने कार्य को स्वतः व्यवस्थित और नियोजित बना लेता है। अपने समुदाय के अन्य लोगों को सुधार करने की शिक्षा देने की अपेक्षा स्वयं परिश्रमपूर्वक और प्रसन्नता के साथ काम करते हुए उनके लिए प्रेरणा के स्रोत बनें। हम यह अवश्य करें। पर्याप्त समय न मिलने की शिकायत न करें। जब तक हम शिकायत करने में समय नष्ट करेंगे, कार्य करने, प्रगति करने और सफलता पाने का समय न मिलेगा। व्यर्थ हाथ-पैर हिलाने में अथवा मानसिक विक्षेप में शक्ति नष्ट न होने दें। मानसिक शक्ति का संचय करें। यह अवश्य करें। इसमें सफलता पाने का यही मार्ग है कि हमारी भावना शुद्ध रहे, उद्देश्य पवित्र रहे और हमारे कार्य नैतिक रहें। हम अपने मन में उपयोगी विचार ही आने दें। हमारा मन प्रेम, दया, क्षमा, करुणा आदि दैवी भावों से परिपूर्ण रहे। अत्यधिक सद्गुणी मनुष्य मानव-सेवा का कार्य प्रभावशाली रूप में कर सकता है। उसी को अपनी पवित्र बाँसुरी बनाकर हरि अपना दिव्य संगीत इस पीढ़ी को सुनायेंगे। शुद्ध रहना अपना सब से बड़ा धर्म है। इसी के बल पर हम अधिक से अधिक लोगों की उपयोगी सेवा कर सकते हैं। एक महान विचारक की उद्घोषणा है कि "सद्गुण मनुष्य को इस पृथ्वी पर कीर्तिवान बनाते हैं, मरने पर वे आदर्श माने जाते हैं और परलोक में उन्हें अमरता प्राप्त होती है।" आजकल अत्यधिक भोग-लिप्सा के तकनीकी युग में भी यह कथन अधिक सत्य न स्वीकार करें तो भी वह किसी प्रकार कम सत्य नहीं है। जब मनुष्यों का कोई संगठन एक साथ काम करता है तो स्वाभाविक रूप में उनमें कुछ सर्प-मानव भी होंगे जो फुस्कारें और काटेंगे भी।

**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से





# पुस्तक पढ़ने की कला से रूबरू कराती 'हाउ टू रीड ए बुक'

पुस्तक की बात



विजय केसरी

वैश्विक स्तर पर पुस्तकें ज्ञान के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती चली आ रही हैं। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्चतर शिक्षा सहित अन्य विधाओं के ज्ञान अर्जन में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पुस्तकें ज्ञान के विस्तार की दिशा में एक मार्गदर्शक के रूप में अपनी महती भूमिका अदा करती रहती हैं। सर्वविदित है कि हम सब अपने-अपने ज्ञान को सुनकर अथवा पढ़कर विस्तार करते हैं। मैं जब कोई बात किसी से सुनता हूं, तो वह व्यक्ति भी कहीं न कहीं किसी से सुनकर अथवा पुस्तक पढ़कर ही अपनी बातों को शेयर कर पाता है। भारतीय संदर्भ में पुस्तक को ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी के रूप में दर्जा प्राप्त है। किंतु आज के बदले संदर्भ में हम सबों को यह समझने की जरूरत है कि एक पुस्तक को आनंद के साथ कैसे पढ़ा जाए? नवोदित लेखक अभिषेक केसरी अपनी पुस्तक 'हाउ टू रीड ए बुक' के माध्यम से यह बताने में पूरी तरह सफल रहे हैं कि पुस्तक आनंद के साथ पढ़ने से ज्ञान के विस्तार की दिशा में गुणात्मक वृद्धि होती है। वे यह भी बताने में सफल रहे हैं कि पुस्तक पढ़ना भी एक कला है। उदाहरण स्वरूप जिस तरह एक सफल जीवन जीना एक कला है, ठीक उसी तरह पुस्तक पढ़ना भी एक कला है। जिस व्यक्ति को पुस्तक पढ़ने की कला आ गई, समझ लीजिए वह व्यक्ति ज्ञान के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ता ही चला जाता है। लेखक ने सवाल खड़ा किया है कि पुस्तकें तो हम सब खरीद कर अपने अपने घरों की लाईब्रेरी में सजा जरूर देते हैं, लेकिन इन पुस्तकों को कितना पढ़ पाते हैं? उन्होंने मन में उठते इन सवालों का जवाब बहुत ही तार्किक और सहजता के साथ 'हाउ टू रीड ए बुक' पुस्तक के माध्यम से पाठकों तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने इस पुस्तक के माध्यम से व्यक्ति के अंदर छुपे पुस्तक पढ़ने के डर को भी दूर भगाने का काम किया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से दर्ज किया है कि पुस्तक से दूरी का मतलब होता है, ज्ञान से दूर भागना। लेखक अभिषेक केसरी की यह अंग्रेजी में लिखी पहली पुस्तक है। इस पुस्तक का प्रकाशन छत्तीसगढ़, बिलासपुर का एक प्रतिष्ठित प्रकाशन ऑथर्स क्लिक पब्लिशिंग ने किया है। इस पुस्तक में कुल 137 पृष्ठ हैं। लेखक ने 'हाउ टू रीड ए बुक' की विषय सूची में तेरह उपशीर्षक के माध्यम से अपनी बातों को बहुत तार्किक ढंग से प्रस्तुत किया है। उन्होंने पुस्तक का नाम कुछ ऐसा रखा है कि एक बार में ही पाठकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहा है। उन्होंने विषय सूची में प्रथम उपशीर्षक रुप में पुस्तकें क्या हैं? को दर्ज किया है। पुस्तक पढ़ने से पहले हर पाठक को यह जानना जरूरी हो जाता है कि पुस्तक क्या है? जब तक हम यह जानेंगे नहीं कि पुस्तक क्या है? इसके महत्व को समझ नहीं पाएंगे। पुस्तक ज्ञान की कुंजी है। दुनिया में जितने भी विद्वान हुए, उन सबों की विद्वता को निखारने में पुस्तकों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तक से मैत्री कर ही वास्तविक रूप से अपने ज्ञान को विस्तार दे सकते हैं। पुस्तक सिर्फ चंद कागज के पन्नों में मुद्रित शब्द ही नहीं है बल्कि ज्ञान का एक अनुपम भंडार हैं। हम मुद्रित शब्दों को जितने मन से ग्रहण करेंगे, वे हमारे ज्ञान को एक नई दिशा प्रदान करेंगे।




लेखक ने दूसरे उपशीर्षक पुस्तक-पठन की जरूरत क्यों है? के माध्यम से एक बड़ी बात कहने की कोशिश की है कि जिस तरह शरीर के विकास के लिए भोजन जरुरी है, उतना ही बौद्धिक व मानसिक विकास के लिए पढ़ना जरूरी है। अगर हम सच्चे अर्थों में भौतिक स्तर पर अपने आप को विकसित करना चाहते हैं, तो पुस्तक पढ़ना जरूरी है। यह सिर्फ चाह नहीं बल्कि बौद्धिक जरूरत हो। तीसरा उपशीर्षक है, सूक्ष्म आदतें, एटॉमिक हैबिट्स। पुस्तक पढ़ने से पूर्व स्वयं को मानसिक रूप से ऐसा बनाएं कि जिस विषय को पढ़ने जा रहे हैं, एक महोत्सव मनाने जैसा पढ़ें। वहीं पढ़ते समय कभी भी पृष्ठ की गिनती नहीं करें, बल्कि आनंद के साथ आगे बढ़ते जाएं। कभी-कभी पढ़ते पढ़ते मन बोर सा हो जाता है, इस बोरियत से घबराएं नहीं, बल्कि उस बोरियत को आनंद के साथ गले लगाएं। चौथा उपशीर्षक, बिंदुओं को जोड़ना, है। पुस्तक पढ़ते समय मन में कई सवाल उठेंगे, जो स्वाभाविक है। लेकिन उठते इन सवालों पर समग्रता के साथ तभी विचार किया जा सकता है,जब पूरी पुस्तक पढ़ी जाए। तब हर एक बिंदु को जोड़कर समझना आसान होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

राजनीति बाजार है, जहां बिकें हैं युद्ध।
सब पाने के शौक में, कुछ भी जहां न शुद्ध।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : डॉ राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर पीएम मोदी ने किया नमन, बोले-

# 'हर पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति का संचार करेगी उनकी गाथा'



एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर उन्हें नमन किया है। पीएम मोदी ने कहा कि मातृभूमि के लिए सर्वस्व त्याग करने की उनकी गाथा देश की हर पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति का संचार करती रहेगी। उन्होंने आगे लिखा, "यह मेरे लिए गहरे व्यक्तिगत सम्मान की बात है कि मुझे झारखंड के राज्यपाल के रूप में पदभार संभालने के पहले ही दिन और हाल ही में भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में उनके पवित्र जन्मस्थान 'उलिहातू' पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिला। भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान और उनके आदर्श सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण और समावेशी विकास की दिशा में देश का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का एक स्थायी स्त्रोत बनी रहेगी।" वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने लिखा, "जनजातीय अस्मिता, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के अमर प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। अंग्रेजी शासन के विरुद्ध उनका अदम्य साहस, आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए उनका संघर्ष और जनजागरण का अभियान भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण अध्याय रहा है। उन्होंने समाज को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी।"

## जल, जंगल और जमीन की रक्षा के संघर्ष को किया याद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए विदेशी हुकूमत के विरुद्ध अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया। उनका पूरा जीवन जनजातीय समाज के स्वाभिमान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा को समर्पित रहा। मातृभूमि के लिए सर्वस्व त्याग करने की उनकी गाथा देश की हर पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति का संचार करती रहेगी।" उपराष्ट्रपति ने बिरसा मुंडा के 'उलगुलान' को भी याद किया। उन्होंने लिखा, "ऐतिहासिक 'उलगुलान' के माध्यम से, उन्होंने दमन के विरुद्ध प्रतिरोध की भावना जगाई और आदिवासी समुदायों को अपने अधिकारों, पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए प्रेरित किया।"

## उपराष्ट्रपति ने बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि




**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक बिरसा मुंडा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी।बिरसा मुंडा को भारत के सबसे प्रमुख आदिवासी नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों में से एक माना जाता है। 1875 में आज के झारखंड में जन्मे बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन और आदिवासी समुदायों पर थोपी गई शोषणकारी जमीन नीतियों के खिलाफ ऐतिहासिक 'उलगुलान' या 'महान विद्रोह' का नेतृत्व किया। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने एक्स पोस्ट में लिखा, "भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर मैं सम्मानित 'धरती आबा' को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिनका जीवन साहस, आत्म-सम्मान और न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। ऐतिहासिक 'उलगुलान' के माध्यम से उन्होंने दमन के खिलाफ प्रतिरोध की भावना जगाई और आदिवासी समुदायों को अपने अधिकारों, पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए प्रेरित किया।" उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा, "यह मेरे लिए गहरे व्यक्तिगत सम्मान की बात है कि मुझे झारखंड के राज्यपाल के रूप में पदभार संभालने के पहले ही दिन और हाल ही में भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में उनके पवित्र जन्मस्थान 'उलिहातू' पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिला।" उल्लेखनीय है कि अपने आंदोलन के जरिए बिरसा मुंडा ने हजारों आदिवासी लोगों को उनके अधिकारों, पहचान और पारंपरिक जमीन के मालिकाना हक के लिए लड़ने के लिए एकजुट किया। हालांकि उनका आंदोलन मुख्य रूप से छोटानागपुर क्षेत्र तक ही सीमित था, लेकिन बिरसा मुंडा की विरासत असम सहित कई राज्यों में भी काफी असरदार है।

मोदी सरकार के 12 साल: केंद्रीय मंत्रियों ने गिनाईं उपलब्धियां

# मोदी बने देश के सबसे लंबे कार्यकाल वाले निर्वाचित पीएम

- सरकार ने गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और किसान हितों पर जोर दिया
- हर महीने 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक घरों को मंजूरी मिली



एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम मोदी ने आजाद भारत में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहने के पंडित जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड को तोड़कर देश के सबसे लंबे कार्यकाल तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने वाले नेता बन गए हैं। 9 जून 2024 को ही उन्होंने एनडीए के तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और आज उनके सत्ता में रहने के 12 साल भी पूरे हो रहे हैं। पीएम मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और आज 9 जून 2026 तक उनके कार्यकाल के 4,398 दिन पूरे हो रहे हैं। इसी कड़ी में, केंद्रीय मंत्रियों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कल्याणकारी योजनाओं, बुनियादी ढांचे, वित्तीय समावेशन और आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में हासिल उपलब्धियों को रेखांकित किया।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रियाएं साझा करते हुए मंत्रियों ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, जनकल्याण और नागरिक-केंद्रित शासन के एक नए युग में प्रवेश किया है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस अवधि में भारत ने सेवा, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं।उन्होंने कहा, "गरीब कल्याण से लेकर महिला सशक्तिकरण तक, किसान कल्याण से लेकर युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने तक, आधुनिक बुनियादी ढांचे से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक, सेवा के इन 12 वर्षों ने हर क्षेत्र में परिवर्तन, प्रगति और आत्मविश्वास की नई कहानी लिखी है।"गोयल ने विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों को दर्शाने वाला एक इन्फोग्राफिक भी साझा किया। उनके अनुसार, देश में हर महीने 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक घरों को मंजूरी दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए 32 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले गए हैं और 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के जरिए ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाया गया है।

### मेट्रो, वंदे भारत व एयरपोर्ट नेटवर्क का विस्तार

इसके अलावा, उन्होंने बताया कि देश के 26 शहरों में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार 1,100 किलोमीटर से अधिक हो चुका है। वर्तमान में 164 वंदे भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं, जबकि हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 164 हो गई है। साथ ही देश में 2.2 लाख से अधिक स्टार्टअप स्थापित हुए हैं।वहीं केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार का मूल मंत्र "जन सेवा से जन शक्ति" रहा है।उन्होंने कहा, "हर पहल का उद्देश्य समावेशन, नवाचार और अवसरों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाना रहा है।" वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री जन धन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके तहत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं और इनमें जमा राशि लगभग 3 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई है।इसके अलावा, उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का जिक्र करते हुए बताया कि शहरी रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को समर्थन देने के लिए 1.15 करोड़ से अधिक सूक्ष्म ऋणों के माध्यम से 18,600 करोड़ रुपए से ज्यादा वितरित किए गए हैं।

आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामला

## लालू परिवार को सजा होगी या रिहाई फैसला 16 जुलाई को

एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनके परिवार के सदस्यों और आईआरसीटीसी होटल घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी अन्य लोगों के खिलाफ आरोप 16 जुलाई के बाद तय करेगी। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रही है। बता दें कि इस मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसले को 16 जुलाई तक के लिए टाल दिया है।

ईडी ने 16 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन शिकायत दायर की है, जिनमें लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, और उनके बेटे व बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव शामिल हैं। ईडी का मामला सीबीआई द्वारा दर्ज आईआरसीटीसी होटल घोटाले से हुई अपराध की कमाई की कथित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। एजेंसी का आरोप है कि 2004 और 2009 के बीच लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान आईआरसीटीसी होटलों के संचालन के लिए कॉन्ट्रैक्ट देने में अनियमितताएं बरती गईं।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक, होटल के रखरखाव के कॉन्ट्रैक्ट तय नियमों का पालन किए बिना राजद प्रमुख लालू यादव के करीबी सहयोगियों से जुड़ी एक निजी कंपनी को दिए गए थे। यह भी आरोप है कि इसके बदले में, लालू प्रसाद यादव के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से जुड़ी एक बेनामी कंपनी के माध्यम से तीन एकड़ कीमती जमीन हासिल की गई थी।

## नीट पेपर लीक मामले में मनीषा की जमानत याचिका खारिज

एजेंसी। नई दिल्ली




राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपी मनीषा वाघमारे की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया।जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान मनीषा वाघमारे की ओर से पेश वकील ने अदालत में दावा किया कि उनकी मुवक्किल एक प्रमाणित एजुकेशन काउंसलर है और उसकी आय का प्रमुख स्त्रोत छात्रों को दी जाने वाली शैक्षणिक काउंसलिंग है। बचाव पक्ष ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जिस बैंक एंट्री को संदिग्ध बता रही है, वह वास्तव में पुश्तैनी संपत्ति से जुड़े एक गिफ्ट डीड के माध्यम से प्राप्त लगभग 3.50 लाख रुपए की राशि थी। बचाव पक्ष ने यह भी तर्क दिया कि मनीषा वाघमारे के बैंक खातों या अन्य वित्तीय रिकॉर्ड में ऐसा कोई आपत्तिजनक या अपराध से जुड़ा साक्ष्य नहीं मिला है, जिसके आधार पर उसे न्यायिक हिरासत में रखा जाना उचित हो। वकील ने अदालत को बताया कि सीबीआई ने उसके घर पर दो बार तलाशी अभियान चलाया, लेकिन वहां से कोई नकदी या आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। वहीं, सीबीआई ने जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया। जांच एजेंसी ने अदालत में कहा कि मनीषा वाघमारे स्वयं को एजुकेशन काउंसलर बताती है, लेकिन वह एक ब्यूटी पार्लर भी संचालित करती है। सीबीआई का आरोप है कि वह नीट परीक्षा से जुड़े प्रश्नों को अवैध रूप से अन्य आरोपियों तक पहुंचाने की कड़ी का हिस्सा थी। सीबीआई के अनुसार, मनीषा ने रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और भौतिकी विषयों के प्रश्न कथित रूप से लोखंडे नामक व्यक्ति को उपलब्ध कराए थे, जो बाद में शुभम नामक आरोपी तक पहुंचे।

## पीओके में मानवाधिकार और फर्जी खबरें फैलाकर अपनी नाकामी छिपा रहा पाकिस्तान: एमईए

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि वह लगातार फर्जी खबरें और वीडियो फैलाकर अपनी नाकामियों को छिपाने और पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मानवाधिकार उल्लंघन के तहत प्रदर्शनकारियों पर हो रही कार्रवाई से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है। मंगलवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत को उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को उसके गलत कामों और मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराएगा। जब उनसे पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर (पीओजेके) में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और प्रदर्शनकारियों पर की जा रही कार्रवाई के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, "हम लगातार पाकिस्तान से फर्जी खबरें और वीडियो आते हुए देख रहे हैं। यह पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान हटाने की एक हताश कोशिश है। पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर में पुलिस की बर्बरता की खबरें सामने आई हैं, जिनमें कई लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को उसके गलत कामों और अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराएगा।"

ऐतिहासिक कार्यकाल — 'नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ना भारतीय लोकतंत्र के विकास को दर्शाता है' : एचडी देवगौड़ा

# लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण है मोदी का रिकॉर्ड

एजेंसी। नई दिल्ली



पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा ने एक विशेष लेख के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस ऐतिहासिक कार्यकाल के महत्व को रेखांकित किया है, जिसमें उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के सर्वाधिक समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस लेख में देवेगौड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जवाहरलाल नेहरू, दोनों के कार्यकालों तथा उनके समय की समकालीन परिस्थितियों की एक तुलनात्मक समीक्षा भी प्रस्तुत की है। 'मोदी इसलिए इतने सफल हैं क्योंकि वे सोच-समझकर फैसले लेते हैं' शीर्षक वाले लेख में एच.डी. देवेगौड़ा ने लिखा है कि नरेंद्र मोदी अब भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। यह जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड से भी आगे है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह इस तथ्य का प्रमाण है कि भारत में लोकतंत्र न केवल कायम रहा, बल्कि लगातार मजबूत भी हुआ है।पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि 1947 में कई समान रूप से प्रतिभाशाली और समर्पित लोगों में से नेहरू को देश का पहला प्रधानमंत्री चुना गया था और यह सब असाधारण परिस्थितियों में हुआ था। असल में जनता पर महात्मा गांधी के नैतिक प्रभाव ने ही इस नियुक्ति को सुनिश्चित किया था।

## 12 वर्षों में बदली भारत की विदेश नीति : एस. जयशंकर



**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए मंगलवार को कहा कि विदेश मंत्रालय और भारत की विदेश नीति में पिछले 12 वर्षों में बदलाव आया है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई पहलों पर प्रकाश डाला। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक्स पर लिखा, "12 साल पहले नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। पिछले 'सेवा के 12 साल' में, विदेश मंत्रालय और भारत की विदेश नीति में बदलाव आया है। पासपोर्ट जारी करने और दस्तावेज के अटेस्टेशन को आम नागरिक के लिए एक आसान अनुभव बनाया गया है।विदेश में खुले दूतावासों और भारतीय समुदाय के लिए वेलफेयर फंड के ज्यादा इस्तेमाल के जरिए भारतीयों को पूरी मदद दी।"उन्होंने कहा कि शिकायत सुलझाने और फीडबैक के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाए। मुश्किल हालात में लोगों को निकालने के जरिए असरदार तरीके से जवाब दिया। यूक्रेन, इजरायल, अफगानिस्तान और सूडान इसके कुछ उदाहरण हैं। भारतीयों को ग्लोबल वर्कप्लेस तक पहुंचने और ग्लोबल वर्कफोर्स का हिस्सा बनने में मदद की। अब तक 21 मोबिलिटी पार्टनरशिप की हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय व्यवसाय को विदेश में मार्केट एक्सेस दिलाने और एक्सपोर्ट बढ़ाने में मदद की। विकास परियोजनाओं के जरिए भारतीय प्रोडक्ट्स और सर्विसेज को नए मार्केट में एंट्री दिलाने में मदद की।

# दृष्टिपात

## जांजगीर जिला जेल में बंद दुष्कर्म के आरोपी ने लगाई फांसी, मचा हड़कंप

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले की जिला जेल खोखरा से बड़ी खबर सामने आई है। दुष्कर्म के मामले में न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे गए आरोपी दुवास केवट ने जेल परिसर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, बलौदा थाना क्षेत्र में दर्ज एक नाबालिग बच्ची के अपहरण और दुष्कर्म मामले में आरोपी दुवास केवट को 8 जून सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जिला जेल खोखरा भेजा गया था। मंगलवार को जेल के बाथरूम में आरोपी का शव कपड़े के फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि 5 मार्च 2026 को एक नाबालिग लड़की घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। परिजनों की शिकायत पर बलौदा थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बहला-फुसलाकर उस नाबालिग को भगाने का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने साइबर तकनीक और अन्य माध्यमों से तलाश कर लड़की को जिला कोरबा से बरामद किया था। जांच के दौरान आरोपी दुवास केवट को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने की बात स्वीकार की थी। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

## नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश में ओमान के तट पर अमेरिका ने डुबोया तेल टैंकर



**नई दिल्ली।** ओमान के मसिराह तट के पास चेतावनियों को लगातार नजरअंदाज करने और नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश में अमेरिका ने सोमवार को पलाऊ ध्वज वाले तेल टैंकर एमटी मैरिवेक्स पर मिसाइल से हमला कर दिया। हालांकि, इस पर सवार सभी 24 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और उन्हें ओमानी अधिकारियों की मदद से बचा लिया गया है।भारत के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह जहाज खाली था और उस पर 24 भारतीय चालक दल के सदस्य सवार थे। सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। यह ब्लैक लिस्टेड जहाज अमेरिकी नौसेना की चेतावनियों को लगातार नजरअंदाज करके नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहा था। यह जहाज विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) से प्रतिबंधित जहाजों की सूची में शामिल था। मिली जानकारी के अनुसार एमटी मैरिवेक्स ने पश्चिम एशिया संघर्ष के चलते पिछले कई दिनों में अमेरिकी नाकेबंदी को पार करने की चार कोशिशें की थी। तीन बार चेतावनी मिलने पर जहाज पीछे हट गया, लेकिन 8 जून को चौथे प्रयास में उसने ओमानी समुद्री क्षेत्र का इस्तेमाल करते हुए नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश की।

## बिहार में कदाचार-मुक्त परीक्षा के लिए वायु सेना से लेकर पुलिस तक मुस्तैद

**पटना।** आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) 2026 पुनर्करीक्षा को पूर्णतः कदाचार-मुक्त, पारदर्शी और अभेद्य सुरक्षा माहौल में संपन्न कराने के लिए बिहार सरकार पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी सिलसिले में आज मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा के सफल संचालन हेतु जीरो टॉलरेंस नीति के तहत विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए।बैठक में मुख्य सचिव ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इस महत्वपूर्ण विषय पर माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा पहले ही उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया जा चुका है। राज्य सरकार हर हाल में इस परीक्षा को बिना किसी त्रुटि या विफलता के सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूरी तरह आश्वस्त और दृढ़ संकल्पित है। नीट (UG) 2026 पुनर्करीक्षा की गोपनीयता और अभेद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डाक विभाग के समन्वय से भारतीय वायु सेना (IAF) के विशेष विमानों द्वारा प्रश्न-पत्रों को सीधे स्टेट हब्स तक सुरक्षित एयरलिफ्ट किया जाएगा। इस ऐतिहासिक तकनीकी एवं रणनीतिक बदलाव से परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न-पत्र पहुँचाने की अवधि घटकर मात्र 2 से 3 घंटे रह जाएगी।

## बिहारियों को राज्य के विकास से जोड़ने के लिए विशेष डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ

**पटना।** बिहार सरकार के सूचना प्रावैधिकी विभाग ने दुनिया भर में रह रहे बिहार के लोगों को राज्य के विकास, नवाचार और निवेश के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से एक विशेष डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया। सूचना प्रावैधिकी मंत्री नीतीश मिश्रा ने मंगलवार को इस पोर्टल का उद्घाटन करते हुए इसे बिहार के समग्र विकास में वैश्विक बिहारी समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार डिजिटल परिवर्तन, नवाचार और निवेश आधारित विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए यह प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से देश-विदेश में रह रहे बिहार मूल के लोग अपनी विशेषज्ञता, अनुभव, नवाचार, सुझाव और निवेश प्रस्ताव सीधे राज्य सरकार तक पहुंचा सकेंगे। नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार की सबसे बड़ी ताकत उसके लोग हैं। आज दुनिया के विभिन्न देशों, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और उद्योग जगत में बिहार के लोग अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

## पाकिस्तान की बर्बादी का जड़ वहां की सेना और आईएसआई : एसपी वैद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शनों, भारत के बढ़ते रक्षा खर्च, ईरान-इजरायल तनाव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल को लेकर अपनी राय रखी। पीओजेके में पाकिस्तान के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों पर एसपी वैद ने आईएएनएस से कहा कि पाकिस्तान पिछले 75 वर्षों से दुनिया के सामने कश्मीर को लेकर झूठा नैरेटिव पेश करता रहा है। जिस क्षेत्र पर पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर रखा है, वहां के लोगों ने अब खुलकर बता दिया है कि वे पाकिस्तान के साथ नहीं रहना चाहते। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन स्थित पाकिस्तानी दूतावास के बाहर और पीओजेके के अंदर हो रहे प्रदर्शनों ने पाकिस्तान के दावों की पोल खोल दी है। जिन लोगों को पहले भारत विरोधी प्रदर्शन करने के लिए इस्तेमाल किया जाता था, आज वही लोग पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। पूर्व डीजीपी ने कहा कि पीओजेके के लोग कोई गलत मांग नहीं कर रहे हैं। वे सिर्फ अपने बुनियादी अधिकार चाहते हैं। वहां महंगाई चरम पर है, आटा और जरूरी सामान बेहद महंगे हो चुके हैं।

## वाराणसी को शराब मुक्त करे प्रशासन होटलों-रेस्टोरेंटों में मांस-मछली पर लगे रोक

**वाराणसी।** पवित्र शहर काशी को पूरी तरह शुद्ध और सात्विक बनाने की मांग तेज हो गई है। नगर निगम द्वारा मीट और मछली की दुकानों को शहर की सीमा से बाहर शिफ्ट करने के फैसले का स्वागत करते हुए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि वाराणसी को शराब मुक्त भी किया जाए और होटल-रेस्टोरेंट में मांस-मछली की सप्लाई पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक तरफ धर्म नगरी की गरिमा बनाए रखने के लिए मीट-मछली की दुकानों को बाहर किया जा रहा है, तो दूसरी तरफ शराब की खुली बिक्री और होटलों में मांसाहारी व्यंजनों की अनुमति कैसे दी जा सकती है? शराब पीकर लोग पवित्र वाराणसी की आस्था और गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने इस मांग को लेकर डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा और कार्यालय के बाहर हल्का प्रदर्शन भी किया। उनके हाथों में बैनर थे, जिन पर लिखा था कि 'वाराणसी को शराब मुक्त करो, होटलों-रेस्टोरेंटों में मांस-मछली बंद करो।'





### अल्गोरिदम का आधिपत्य : पारंपरिक मीडिया का 'राम रचि राखा' बनाम डिजिटल++ का शंखनाद

# बिग टेक की महात्रिमूर्ति व भारतीय मीडिया का अस्तित्ववादी संकट

● **वैश्विक विज्ञापन की बदलती दुनिया में 'प्रेडिक्टिव एडवरटाइजिंग' का युग**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जिस तरह भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ,एआई का उपयोग करके जमीन के नीचे छिपे खनिजों का 'प्रेडिक्टिव मॉडल' बना रहा है, ठीक उसी तरह विज्ञापन की दुनिया में एआई अब यह अनुमान लगा रहा है कि उपभोक्ता के मन में कौन सी इच्छा कब पैदा होगी। कैसे-

- **हाइपर-पर्सनलाइजेशन:** अब विज्ञापन केवल 'टारगेटिंग' तक सीमित नहीं हैं। एआई रीयल-टाइम में उपभोक्ता के मूड, मौसम, स्थानीय घटनाओं और ब्राउज़िंग पैटर्न का विश्लेषण करके सेकंड के हजारवें हिस्से में कस्टमाइज्ड विज्ञापन तैयार करता है।
- **जेनरेटिव एआई का प्रभाव:** विज्ञापन एजेंसियां अब करोड़ों रुपये खर्च करके महीनों में कैंपेन नहीं बनातीं। जेनरेटिव एआई कुछ मिनटों में हजारों विज़ुअल वेरिएंट्स तैयार कर देता है, जिससे विज्ञापन की लागत न्यूनतम और प्रभाव अधिकतम हो गया है।

## 2. इस बदलते परिदृश्य में भारत की स्थिति:

भारत वर्तमान में दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विज्ञापन बाजारों में से एक है।

- **डिजिटल का दबदबा:** भारतीय विज्ञापन बाजार में डिजिटल का हिस्सा 2026 तक 50% से अधिक हो चुका है, जिसने पारंपरिक टेलीविजन और प्रिंट को पीछे छोड़ दिया है।
- **कनेक्टेड टीवी व कॉमर्स मीडिया:** भारत के टियर-2 व टियर-3 शहरों में स्मार्टफोन और स्मार्ट टीवी की पैठ बढ़ने से 'वाइस-सर्च' और स्थानीय भाषाओं में वीडियो विज्ञापनों की बाढ़ आ गई है।

## 3. भारतीय समाचार पत्रों का संकट: 'कन्नी काटने' वाले बनाम 'डिजिटल++' के सूरमा:

भारतीय प्रिंट मीडिया आज दो स्पष्ट धड़ों में बंट चुका है:

**क) पारंपरिक मानसिकता वाले अखबार ('होइहें सोई जो राम रचि राखा')-**

जो अखबार यह सोचकर बैठे हैं कि "डिजिटल पर फालतू खर्च क्यों करें, हमारा पाठक तो सुबह चाय के साथ अखबार ही पढ़ेगा", उनकी हालत अगले 3 से 5 वर्षों में अत्यंत चिंताजनक होने वाली है:

- **अस्तित्व का संकट:** युवा पीढ़ी (जेन डेट व अल्फा) प्रिंट अखबारों को हाथ भी नहीं लगा रही है। पाठक वर्ग के बूढ़े होने के साथ ही इन अखबारों का सर्कुलेशन तेजी से गिरेगा।
- **विज्ञापन राजस्व का सूखा:** एडवरटाइजर्स अब 'इंप्रेशन' और 'क्लिक-थ्रू रेट' (सीटीआर) मांगते हैं। पारंपरिक अखबार यह डेटा देने में असमर्थ हैं। परिणामस्वरूप, उनका विज्ञापन राजस्व केवल सरकारी विज्ञापनों और स्थानीय त्योहारों के डिस्काउंट ऑफर तक सिमट कर रह जाएगा।
- **कागज की बढ़ती लागत:** डिस्ट्रीब्यूशन और न्यूज़प्रिंट की बढ़ती कीमतों के कारण डिजिटल से दूरी बनाने वाले कई क्षेत्रीय पत्र बंद होने की कगार पर पहुंच जाएंगे।

**ख) 'डिजिटल++' मोड वाले आधुनिक मीडिया हाउस-**

जो मीडिया हाउस आज पूरी तरह डिजिटल, सब्सक्रिप्शन मॉडल, न्यूजलेटर, पॉडकास्ट और एआई-संचालित कंटेंट डिलीवरी पर ध्यान दे रहे हैं, उनका भविष्य बेहद उज्ज्वल है:

- **मल्टीपल रेवेन्यू स्ट्रीम:** ये केवल विज्ञापन पर निर्भर नहीं हैं। इनके पास पेवॉल , प्रीमियम सब्सक्रिप्शन और इवेंट्स से कमाई के रास्ते हैं।
- **डेटा का खजाना:** इनके पास अपने पाठकों का 'फर्स्ट-पार्टी डेटा' है। जैसे डीपीआईआईसी केंद्र खनिज खोजने के लिए डेटा का विश्लेषण करेगा, ये मीडिया हाउस इस डेटा का उपयोग करके विज्ञापनदाताओं को सटीक टारगेट ऑडियंस बेचते हैं, जिससे इन्हें ऊंचे दाम मिलते हैं।

## 4. वैश्विक केस स्टडी : न्यूयॉर्क टाइम्स का कायाकल्प:

वैश्विक स्तर पर द न्यूयॉर्क टाइम्स ने खुद को सबसे तेजी से और रणनीतिक रूप से बदला है।

- **रणनीति:** एक समय संकट में घिरे इस मीडिया हाउस ने 'डिजिटल-फर्स्ट' और 'बंडल सब्सक्रिप्शन' (न्यूज़ + कुकिंग + गेम्स/वर्डले + द एथलेटिक) की नीति अपनाई।
- **लाभ:** आज न्यूयॉर्क टाइम्स के पास 1 करोड़ से अधिक डिजिटल सब्सक्राइबर हैं। उनका डिजिटल सब्सक्रिप्शन और डिजिटल एडवरटाइजिंग रेवेन्यू उनके पारंपरिक प्रिंट बिजनेस से कहीं बड़ा हो चुका है, जिससे वे पूरी तरह आत्मनिर्भर और अत्यधिक मुनाफे में हैं।

## 5. बिग टेक की त्रिमूर्ति: मेटा, गूगल व अमेज़न का वित्तीय विश्लेषण:

वैश्विक विज्ञापन बाजार का लगभग 50% से ज्यादा हिस्सा अकेले इन तीन कंपनियों के नियंत्रण में है। इन्हें डिजिटल विज्ञापन की दुनिया का 'ट्रायोपॉली' कहा जाता है।

**वैश्विक विज्ञापन राजस्व -**

- **गूगल (Alphabet):** खोज इंजन, यूट्यूब व नेटवर्क पार्टनर्स के जरिए सालाना लगभग $250+ बिलियन का विज्ञापन राजस्व कमाता है।
- **मेटा (Meta):** फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से वैश्विक स्तर पर लगभग $135+ बिलियन का विज्ञापन राजस्व बटोरता है।
- **अमेज़न (Amazon):** रिटेल मीडिया और स्पॉन्सर्ड प्रोडक्ट्स के जरिए सबसे तेजी से बढ़ते हुए लगभग $50+ बिलियन के विज्ञापन राजस्व तक पहुंच चुका है।

## भारतीय विज्ञापन बाजार में हिस्सेदारी

**भारत के कुल डिजिटल विज्ञापन बाजार, जो लगभग 50,000 करोड़ से अधिक का है, पर इनका लगभग 70% से 75% कब्जा है**

| कंपनी | भारत में अनुमानित बाजार हिस्सेदारी (Digital Share) | मुख्य ताकत |
|---|---|---|
| गूगल इंडिया | लगभग 40% - 45% | सर्च विज्ञापन और यूट्यूब वीडियो (यूट्यूब भारत में मनोरंजन का मुख्य जरिया बन चुका है)। |
| मेटा इंडिया | लगभग 30% - 32% | इंस्टाग्राम रील्स और फेसबुक। भारत मेटा के लिए यूजर बेस के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश है। |
| अमेज़न इंडिया | लगभग 8% - 10% | कॉमर्स विज्ञापन'। लोग जब सीधे सामान खरीदने की नीयत से सर्च करते हैं, तो अमेज़न वहां सबसे सटीक विज्ञापन दिखाता है। |

जिस प्रकार भूविज्ञान में पारंपरिक हथौड़े और फील्ड सर्वे की जगह अब एआई और सुपरकंप्यूटिंग ले रहे हैं, ठीक उसी प्रकार विज्ञापन और मीडिया जगत में भी 'कागज और स्याही' के साम्राज्य को डेटा साइंस और एल्गोरिदम ने बेदखल कर दिया है। जो भारतीय समाचार पत्र इस सत्य को स्वीकार कर 'डिजिटल++' की ओर नहीं बढ़ेंगे, वे इतिहास के पन्नों में उसी तरह दफन हो जाएंगे जैसे कभी लुप्त हो चुके खनिज भंडार।

- 2026 में दुनिया भर का विज्ञापन खर्च 1.04 ट्रिलियन डॉलर
- इसका सबसे ज्यादा हिस्सा जा रहा मेटा,गूगल व अमेजन को
- इन 3 अमेरिकी बिग टेक के खजाने में दुनिया भर के ब्रांड्स कर दिये हैं सरेंडर

# भारत ने पाकिस्तान के हमलों के खिलाफ यूएन और अफगानिस्तान के रुख का किया समर्थन

**एजेंसी । संयुक्त राष्ट्र**



● **यूएनएससी में अफगानिस्तान में पाकिस्तानी हवाई हमलों पर जताई चिंता**

भारत ने पाकिस्तान के हमलों के खिलाफ अफगानिस्तान और संयुक्त राष्ट्र का पुरजोर समर्थन किया है, साथ ही अपने पड़ोसी देश के विरुद्ध इस्लामाबाद द्वारा की जा रही 'अविवेकपूर्ण' हिंसा की कड़ी निंदा भी की है। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा, "पाकिस्तान ने आज अपने बयान में यूएनएएमए (अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन) के इरादों और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। अफगानिस्तान के हालात पर एक चर्चा में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, "हम इस बात पर जोर देना चाहेंगे कि बहुपक्षवाद और संयुक्त राष्ट्र के समर्थन के लिए कोई कोई ऐसा विकल्प नहीं है, जिसे अपनी सुविधा के अनुसार चुना या छोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमले अंतरराष्ट्रीय कानून और इस्लामी एकजुटता के उच्च सिद्धांतों के संदर्भ में दोहरे मापदंडों का स्पष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कहा, "हम यूएनएएमए रिपोर्ट में बताए गए एयरस्ट्राइक, क्रॉस-बॉर्डर फायरिंग और टारगेटेड किलिंग से आम लोगों के मारे जाने पर महासचिव की गहरी चिंता को दोहराते हैं। उन्होंने कहा, "हम महासचिव की उस अपील का समर्थन करते हैं जिसमें अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत जिम्मेदारियों का पालन करने और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई है। उन्होंने आगे कहा, "हम यूएनएएमए की पहले की उन अपीलों का भी समर्थन करते हैं जिनमें जवाबदेही सुनिश्चित करने, घटनाओं को दोबारा होने से रोकने और पीड़ितों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए जांच की मांग की गई थी। यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की रिपोर्ट में बताया गया है कि 26 जनवरी से 31 मार्च के बीच 372 अफगानी नागरिक मारे गए और 392 घायल हुए। इनमें से ज्यादातर आम लोगों की मौत एयर स्ट्राइक से हुई और कुछ क्रॉस-बॉर्डर फायरिंग से भी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक एयर स्ट्राइक 16 मार्च को काबुल के ओमिड ड्रग रिहैबिलिटेशन हॉस्पिटल पर हुई थी, जिसमें कम से कम 269 लोग मारे गए और 122 घायल हुए। मृतकों में ज्यादा लोग मरीज थे। पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ने आरोप लगाया कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव की रिपोर्ट ने अफगानिस्तान की स्थिति की जिम्मेदारी को बाहरी कारकों पर डालने की कोशिश की है। उन्होंने यह भी कहा कि अफगानिस्तान से यूएनएएमए की रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और तालिबान के साथ उसके संवाद की प्रकृति को लेकर गंभीर प्रश्न हैं। इफ्तिखार अहमद ने पाकिस्तान के हमलों को काउंटर-टेररिज्म एक्शन बताया। हालांकि, भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा, "किसी हत्याकांड को सैन्य ऑपरेशन का रूप देने से अपराधी बरी नहीं हो जाता है। आम लोगों को मारना, अपाहिज बनाना और अनाथ बनाना काउंटर टेररिज्म नहीं है। हरीश ने कहा, "भारत यूएनएएमए और उसके मैंडेट के महत्व पर जोर देना चाहता है।

## ऑक्सफोर्ड में आचार्य प्रशांत बताएंगे 'आत्मज्ञान' और 'स्व-शिक्षा' का महत्व



**लंदन ।** काठमांडू में कलिंगा लिटरेरी अवॉर्ड 2026 प्राप्त करने के बाद आचार्य प्रशांत ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में वेदांत और भारतीय दर्शन पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। आईएएनएस न्यूज एजेंसी से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के उपनिषदों का संदेश केवल सांस्कृतिक गौरव का विषय नहीं है, बल्कि वर्तमान वैश्विक चुनौतियों के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है। आचार्य प्रशांत ने कहा कि आधुनिक दुनिया ने विज्ञान, तकनीक और भौतिक विकास में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन इसके साथ ही मानवता गंभीर पर्यावरणीय संकट और मानसिक स्वास्थ्य जैसी समस्याओं का सामना कर रही है।

## द कोरिया के स्थानीय चुनाव में 'बैलेट पेपर' की कमी के मामले ने पकड़ा तूल



**सोल ।** दक्षिण कोरिया में हाल ही में हुए स्थानीय चुनावों के दौरान मतपत्र की भारी कमी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। बड़ी संख्या में युवा सड़क पर उतर आए हैं। इस घटना पर अब प्रधानमंत्री किम मिन-सोक ने गंभीर चिंता जताई है और इसे लोकतंत्र की बुनियादी प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाला मामला बताया है। मंगलवार को युवाओं से जुड़ी एक नीति बैठक की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, "सरकार को इस तरह की समस्या के प्रति अधिक सतर्क रहना चाहिए था और तेजी से समाधान करना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।" उन्होंने इस घटना को "बहुत दुर्भाग्यपूर्ण" बताते हुए अपनी जिम्मेदारी स्वीकार की और कहा कि इससे सरकार की जवाबदेही और बढ़ गई है।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

# समावेशी मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं का एक दशक

**एजेंसी । नई दिल्ली**

जून 2016 में शुरू किया गया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान गर्भवती महिलाओं को, विशेषकर गर्भावस्था की दूसरी और तीसरी तिमाही के दौरान निःशुल्क एवं उत्तम कोटि की प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। प्रत्येक माह की 9 तारीख को निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित की जाने वाली इस पहल का उद्देश्य गर्भावस्था से जुड़े जोखिमों की समय रहते पहचान, समय पर चिकित्सीय हस्तक्षेप तथा सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करना है। 9 जून 2026 को इस अभियान के एक दशक पूर्ण होने तक, 7.50 करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं को नियमित प्रसवपूर्व जांच सेवाओं के अतिरिक्त पीएमएसएमए के अंतर्गत प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हो चुका है। वर्ष 2022 में प्रारंभ किए गए विस्तारित पीएमएसएमए ने उच्च-जोखिम वाली गर्भावस्थाओं के लिए अनुवर्ती या फॉलोअप देखरेख एवं निगरानी को और अधिक सुदृढ़ बनाया है।

### मातृ स्वास्थ्य क्यों महत्वपूर्ण है

हर गर्भावस्था अपने साथ केवल एक परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि समुदाय और राष्ट्र के भविष्य के लिए भी आशा लेकर आती है। इसलिए सुरक्षित गर्भावस्था और स्वस्थ प्रसव सुनिश्चित करना सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा मानव विकास दोनों ही दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि, गर्भावस्था के दौरान अनेक ऐसे जोखिम भी हो सकते हैं, जिनकी समय पर पहचान और उचित उपचार न होने पर जच्चा-बच्चा दोनों के जीवन को खतरा हो सकता है। इस कारण मातृ स्वास्थ्य को किसी देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की मजबूती और समावेशिता के सबसे महत्वपूर्ण संकेतकों में से एक माना जाता है।

### मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) क्या है?

इसे किसी निर्धारित अवधि के दौरान प्रति 1 लाख जीवित जन्म पर होने वाली मां की मृत्यु की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है। मातृ मृत्यु से आशय उस महिला की मृत्यु से है जिसकी मृत्यु गर्भावस्था के दौरान या गर्भावस्था की समाप्ति के 42 दिनों के भीतर गर्भावस्था अथवा उसके प्रबंधन से संबंधित या उसके कारण बढ़ी हुई जटिलताओं से होती है। इसमें दुर्घटनावश या संयोगवश होने वाली मौतों को शामिल नहीं किया जाता। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के शुभारंभ से पहले, भारत के लिए मातृ मृत्यु सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित एक प्रमुख चुनौती बनी हुई थी। वर्ष 2014–16 के दौरान भारत का मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) प्रति 1 लाख जीवित जन्मों पर 130 था। यह स्थिति देशभर में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती थी। इसके अतिरिक्त, भारत ने वर्ष 2030 तक प्रति 1 लाख जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु अनुपात को 70 से कम करने के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने की भी प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के अंतर्गत भी मातृ स्वास्थ्य को एक प्रमुख प्राथमिकता के रूप में चिन्हित किया गया, जिससे इस क्षेत्र में केंद्रित और सतत हस्तक्षेपों की आवश्यकता और अधिक स्पष्ट हुई। इन्हीं परिस्थितियों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) की शुरुआत की।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए)

9 जून 2016 को प्रारंभ किए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को विशेषकर गर्भावस्था की दूसरी और तीसरी तिमाही में, प्रत्येक माह की 9 तारीख को निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क एवं व्यापक प्रसवपूर्व देखभाल से संबंधित सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जोखिमों की समय रहते पहचान, समय पर चिकित्सीय हस्तक्षेप तथा प्रत्येक गर्भवती महिला के लिए सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करना है, चाहे वह देश के किसी भी क्षेत्र में निवास करती हो। पीएमएसएमए के सेवा पैकेज में नैदानिक परीक्षण, प्रयोगशाला जांचें (रक्त एवं मूत्र जांच), अल्ट्रासोनोग्राफी, दवाएं, तथा पोषण, प्रसव योजना और सुरक्षित गर्भावस्था प्रथाओं पर परामर्श शामिल हैं। इसकी मुख्य विशेषताओं में शामिल हैं:

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा अथवा व्यापक आपातकालीन प्रसूति एवं नवजात देखभाल (सीईएमओएनसी) के अंतर्गत कम से कम एक व्यापक एवं अच्छी प्रसवपूर्व जांच।

25 उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था (एचआरपी) की श्रेणियां: एचआईवी, सिफलिस, गंभीर एनीमिया, गर्भावस्था-जनित उच्च रक्तचाप, गर्भकालीन मधुमेह, हाइपोथायरायडिज्म, क्षय रोग, मलेरिया, पूर्व में निम्न सेगमेंट सिजेरियन सेक्शन (एलएससीएस), सेफेलो-पेल्विक डिसप्रोपोर्शन, प्रतिकूल प्रसूति इतिहास, जुड़वाँ या बहुगर्भावस्था, हेपेटाइटिस-बी, भ्रूण की असामान्य हृदय गति, किशोरावस्था में गर्भावस्था, तेज बुखार, प्रजनन मार्ग संक्रमण/यौन संचारित संक्रमण (आरटीआई/एसटीआई), मृत शिशु जन्म का इतिहास, जन्मजात विकृतियाँ, नकारात्मक रक्त समूह, कम आयु में प्रथम गर्भावस्था (अर्ली प्राइमी), अधिक आयु में प्रथम गर्भावस्था (एल्डरली प्राइमी), ग्रैंड मल्टीपेरा, छोटा कद, और अन्य निर्दिष्ट चिकित्सा या प्रसूति संबंधी स्थितियां।




# झारखंड कृषि व्यापार मेला में सीएम हेमंत सोरेन आमंत्रित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री से झारखंड मंत्रालय में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबूबकर सिद्दीक पी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने आगामी 16 से 18 जून तक रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले "झारखंड कृषि व्यापार मेला-2026" के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

# सिमडेगा का आम्रपाली आम पहुंचा लंदन, सीएम ने की पहल की सराहना

- महिला स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक कंपनी की पहल से आम निर्यात की पहली खेप यूनाइटेड किंगडम रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सिमडेगा की उपायुक्त कंचन सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को जिले में बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों और आम के निर्यात की उपलब्धि की जानकारी दी।

उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को बताया कि सिमडेगा जिले के प्रसिद्ध आम्रपाली आम की पहली व्यावसायिक निर्यात खेप यूनाइटेड किंगडम (लंदन) भेजी गई है। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के सहयोग से महिला जागृति एवं बेउरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की गई है। इसे किसानों तथा महिला-नेतृत्व वाले किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मुलाकात के दौरान महिला स्वयं सहायता समूह की प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को सिमडेगा के आम्रपाली आम भेंट किए। इस अवसर पर विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिला प्रशासन, महिला समूहों और किसानों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाना, महिलाओं को नई पहचान प्रदान करना तथा कृषि उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इस तरह की पहल से झारखंड के कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिलेगी तथा किसानों और महिलाओं की आय में वृद्धि होगी।

**विस में बिरसा मुंडा के 126वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित**

# बिरसा मुंडा का जीवन अन्याय के खिलाफ संघर्ष व स्वाभिमान का प्रतीक : रबींद्रनाथ

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 126वें शहादत दिवस पर मंगलवार को झारखंड विधानसभा परिसर में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने शोषण, अन्याय और दमन के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंका तथा स्वाभिमान के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अल्पायु में ही बिरसा मुंडा की नेतृत्व क्षमता ने ब्रिटिश हुकूमत की नींव हिला दी थी। आज ही के दिन उन्होंने रांची जेल में अंतिम सांस ली थी, लेकिन उनके विचार और संघर्ष आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं थे, बल्कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा, आदिवासी अस्मिता, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए भी उन्होंने महत्वपूर्ण संघर्ष किया। उनका जीवन हर पीढ़ी के लिए अपने अधिकारों की रक्षा और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा के सचिव ने भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में विधानसभा के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को स्मरण किया।

# अग्रवाल युवा सभा के प्रतिनिधि मिले राज्यपाल संतोष गंगवार से

- समाज हित, युवा सशक्तिकरण एवं सेवा कार्यों की दी जानकारी
- राज्यपाल ने संगठन के प्रयासों की सराहना की

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अग्रवाल युवा सभा, रांची के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा राज्यपाल को पुष्पगुच्छ, अंग-वस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुलाकात के दौरान संस्था की ओर से समाजहित, युवा सशक्तिकरण, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सेवा कार्यों के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

संस्था के प्रवक्ता अमित बजाज ने बताया कि इस भेंटवार्ता में संगठन की सामाजिक गतिविधियों एवं जनकल्याणकारी प्रयासों पर विस्तार से चर्चा हुई। वहीं अध्यक्ष रोहित सरावगी ने अग्रवाल युवा सभा की उपलब्धियों एवं समाज के प्रति समर्पण को दर्शाने वाली पत्रिका भी राज्यपाल को भेंट की, जिसमें अब तक किए गए विभिन्न सेवा कार्यों का उल्लेख किया गया है।

राज्यपाल ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए युवाओं को समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संगठन के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

पूर्व अध्यक्ष सौरभ बजाज ने कहा कि अग्रवाल युवा सभा, रांची सदैव समाजहित, सेवा एवं युवा नेतृत्व के मार्ग पर अग्रसर रहेगी और समाज के उत्थान के लिए अपने प्रयासों को और अधिक मजबूत करेगी। यह भेंटवार्ता संगठन के सदस्यों एवं समाजजनों के लिए प्रेरणादायक क्षण रहा, जिसने संस्था के सेवा संकल्प को और अधिक सुदृढ़ किया।

# बीएयू में भगवान बिरसा मुंडा को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं बिरसाइत धर्म के प्रवर्तक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कृषि महाविद्यालय परिसर स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प एवं माला अर्पित किया।


## कार्यालय : जिला परिषद्, चतरा

(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in)
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

### (अतिअल्पकालिक ई०निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 04/2026-27 दिनांक: ........................

1. कार्य की विस्तृत विवरणी : डी.एम.एफ.टी.

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Pratappur | Gajwa | Nanai khurd | Construction of PCC Road from Nanai khurd panda tola to bichli dhondha pratappur | 7034200 | 10000 | 141000 | 03 months | 2nd call of NIT 04/26-27 Gr No. 03 |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12/06/2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 13.06.2026 से 20.06.2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 22.06.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 381967 District (26-27)_D — जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा


# पेज एक के शेष

### घरों तक पेयजल.....

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य की जल सहियाओं को समूहवार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में समय-समय पर प्लंबर का वोकेशनल प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित कराएं। जल सहियाओं को खराब चापकलों को बनाने, सौर ऊर्जा वाटर सप्लाई की देखरेख एवं रख-रखाव की जिम्मेदारी दें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जल सहिया के लिए प्रमोशनल कार्यक्रम आयोजित कर अच्छे कार्य करने वाली जल सहियाओं को पुरस्कृत करने का कार्य करें। मुख्यमंत्री सोरेन ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से निर्माणाधीन योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि बड़ी योजनाओं के लिए कांट्रैक्टरों का वाट्सएप ग्रुप बनाकर प्रतिदिन की कार्य प्रगति को अपडेट कराएं और निरंतर इसकी मॉनीटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की योजनाएं बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। इन्हें धरातल पर उतारने के लिए प्रभावी कार्य किए जाएं। साथ ही, हर घर तक पानी पहुंचाने की दिशा में ठोस पहल करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि जल जीवन मिशन योजना का एक बेहतर फ्रेमवर्क बनाएं। उन्होंने कहा कि वित्तीय संतुलन के लिए बैकअप प्लान डेवलप कर कार्यों को गति दें। योजनाओं के पूर्ण होने पर शीघ्र यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट प्राप्त करें। वाटर रिचार्ज के लिए सोकपिट सहित अन्य प्रभावी पहलुओं का आधुनिकीकरण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत राज्य के शत-प्रतिशत ग्रामीण घरों तक दिसंबर 2028 तक पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने के लक्ष्य के साथ विभाग कार्यों को गति प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में जल गुणवत्ता की समस्या पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। ऐसे में शुद्ध पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए पाइपलाइन से जल देने के साथ-साथ अन्य ठोस पहल करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक से उत्पन्न होने वाले संकट को लेकर लोगों को जागरूक किया जाए। साथ ही, प्लॉस्टिक मुक्त गांव बनाने वालों के प्रयास को सरकार/विभाग के स्तर पर पुरस्कृत करने की बातें कही। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव अबू इमरान, अतिरिक्त सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग शशि रंजन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**अनुपयोगी चापकलों की बोरिंग का उपयोग रिचार्ज पीट के रूप में करें :** मुख्यमंत्री ने भू-जल स्तर गिरने के कारण अनुपयोगी हो चुके चापाकलों के बोरिंग का उपयोग रिचार्ज पीट के रूप में करने का निर्देश दिया, ताकि वर्षा जल का संचयन कर भू-जल स्तर को बढ़ाया जा सके। उन्होंने सोकपिट बनवाने के लिए भी लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। इस सोकपिट में बेकार जल (वेस्ट वाटर) संचयन का निर्देश दिया, ताकि भू-जल स्तर को बढ़ाने में मदद मिल सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जल जीवन मिशन, जल गुणवत्ता निगरानी एवं अनुश्रवण, जल सहिया को जल जांच के लिए उपलब्ध कराए गए किट, हर घर जल की प्रगति, वित्तीय कार्य योजना एवं प्रगति, बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना, नलकूप, कल्याण विभाग मद की योजनाएं तथा स्वच्छ भारत मिशन की योजनाएं, व्यक्तिगत शौचालय, ओडीएफ प्लस गांव, ठोस कचरा प्रबंधन, तरल कचरा प्रबंधन, गोबरधन योजना आदि की समीक्षा की। उन्होंने इन योजनाओं एवं कार्यक्रमों प्रभावी संचालन को लेकर कई अहम दिशा निर्देश भी दिए।

### धरती आबा को...

उन्होंने जनजातीय समाज के स्वाभिमान, सामाजिक जागरूकता तथा राष्ट्रीय चेतना को नई दिशा प्रदान की। उनके आदर्श एवं विचार आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि है। लगभग सवा सौ साल के लंबे वक्त में भी आज पूरे देश में आदिवासी समुदाय सहित हर वर्ग के बीच उनको याद किया जा रहा है। निश्चित रूप से ऐसे प्रेरणादायक व्यक्तित्व को सम्मान के साथ याद किया जाना बहुत ही महत्वपूर्ण बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, आदर्श एवं दिखाए रास्ते हमें सदैव प्रेरित करेंगे। उन्होंने जो इतिहास रचा है, उसे लोग सदियों तक याद रखेंगे। आज भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि है, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सभी लोग उन्हें स्मरण कर उनकी समाधि स्थल पर शीश झुकाने आए हैं, आगे भी आते रहेंगे। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन, रांची की मेयर रोशनी खलखो, डिप्टी मेयर नीरज कुमार सहित कई अन्य लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा को पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी।

**भगवान बिरसा ने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए किया था जनांदोलन : अमित शाह**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने धरती आबा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को जनजातीय स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का अमर प्रतीक बताते हुए उनके योगदान को याद किया।अमित शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपने संदेश में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने ऐतिहासिक 'उलगुलान आंदोलन' के माध्यम से अंग्रेजी शासन के विरुद्ध आजादी का शंखनाद किया था। उन्होंने आदिवासी समाज को अपने अधिकारों, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए संगठित किया तथा जल, जंगल और जमीन के संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया।अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि धर्मांतरण के विरुद्ध भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष और जनजातीय गौरव की रक्षा के प्रति उनका समर्पण आज भी करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

### 20 घंटे बाद...

वार्ता के दौरान अनीता देवी ने सड़क सुरक्षा के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए भारी वाहनों की बेलगाम रफ्तार, चालकों से अत्यधिक समय तक ड्यूटी लिए जाने तथा अवैध प्रेशर हॉर्न, ब्लैक फिल्म और अतिरिक्त लाइट के इस्तेमाल पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक है। सहमति के तहत स्कूली समय में भारी वाहनों के परिचालन पर नियंत्रण, निर्धारित गति सीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने, सड़क किनारे 50 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने तथा निगरानी व्यवस्था के लिए 10 स्थानीय युवाओं को गार्ड के रूप में नियुक्त करने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा नवादा में ग्रामीणों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस लेने पर भी सहमति बनी।अनीता देवी ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के साथ-साथ भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की सुरक्षा और अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, अंचल अधिकारी बालेश्वर राम, झाबर पंचायत की मुखिया शीलो देवी के प्रतिनिधि वासुदेव राव, पूर्व मुखिया विक्रांत सिंह, केदार यादव, रामनरेश सोनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### दुष्कर्म पीड़िता के...

अदालत ने महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को राज्य के सभी वन स्टॉप सेंटरों की कमियों को दूर करने तथा उनकी नियमित निगरानी के लिए महिलाओं की अध्यक्षता में समिति गठित करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, रांची स्थित नारी निकेतन (शक्ति सदन) को यौन हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए आश्रय गृह के रूप में उपयोग करने का आदेश दिया गया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि वहां रहने की कोई अधिकतम समय सीमा निर्धारित नहीं होगी और प्रत्येक मामले की परिस्थितियों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। राज्य सरकार को सभी आश्रय गृहों और पुनर्वास केंद्रों की जानकारी व्यापक स्तर पर प्रचारित करने का भी निर्देश दिया गया है।अदालत ने कहा कि ट्रायल कोर्ट मुकदमे के शुरुआती चरण में ही अंतरिम राहत की आवश्यकता पर विचार करे। साथ ही, अंतिम निर्णय के समय, चाहे आरोपी दोषी ठहराया जाए, बरी हो जाए या फरार हो, पीड़िता के लिए अंतिम मुआवजा निर्धारित करना अनिवार्य होगा। खंडपीठ ने निर्देश दिया कि स्वीकृत मुआवजा राशि का भुगतान 30 दिनों के भीतर किया जाए। हाईकोर्ट ने दुष्कर्म मामलों की प्रारंभिक जांच 15 दिनों के भीतर और अंतिम जांच अधिकतम दो माह के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया है। अदालतों को अनावश्यक स्थगन से बचने तथा बीएनएसएस की धारा 346 के तहत निर्धारित समय सीमा का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। साथ ही, डीजीपी को एक विशेष टास्क फोर्स गठित करने का निर्देश दिया गया है, जो प्रत्येक तिमाही में यौन अपराधों से जुड़े मामलों की समीक्षा और निगरानी करेगी। कोर्ट ने कहा कि मीडिया, पुलिस और न्यायालय कर्मियों को पीड़िताओं की पहचान गोपनीय रखने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। पहचान उजागर करने या गोपनीयता भंग करने वालों के खिलाफ कानूनी और विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि पीड़िताओं को प्रशिक्षित अधिवक्ताओं के माध्यम से तत्काल कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाए। वहीं, पॉक्सो अधिनियम से जुड़े मामलों में 24 घंटे के भीतर आश्रय, सुरक्षा और चिकित्सीय सहायता सुनिश्चित की जाए। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया कि यौन अपराध पीड़िताओं का बयान केवल महिला पुलिस अधिकारी द्वारा दर्ज किया जाए। साथ ही, दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियों के लिए कानूनी जागरूकता अभियान चलाने तथा स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि यदि सामाजिक परिस्थितियों के कारण कोई पीड़िता या उसका परिवार स्थान परिवर्तन करना चाहता है, तो राज्य सरकार उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करे। इसके अलावा, महिला हेल्पलाइन 181 को प्राथमिक हेल्पलाइन के रूप में विकसित करने और उसे आपातकालीन सेवा 112 से जोड़ने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करने का निर्देश भी राज्य सरकार को दिया गया है।

### प्रदीप की संपत्ति...

बाद में उनकी हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज हत्याकांड में प्रदीप तिवारी उर्फ महाकाल को मुख्य आरोपित बनाया गया है, लेकिन घटना के बाद से वह पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए महाकाल के भाई और कांड के आरोपित मिंटू तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके अलावा आरोपित के घर से तीन वाहनों को भी जब्त किया जा चुका है।

### छह टीमें लेंगी हिस्सा...

रांची टाइटंस के हेड कोच रतन कुमार, धनबाद डायमंड्स के राहुल शुक्ला, जमशेदपुर स्टीलर्स के एस.पी. गौतम, संथाल स्ट्राइकर्स के शब्बीर हुसैन, कोयलांचल सुपर किंग्स के सनी गुप्ता और छोटानागपुर रॉयल्स के इशांक जग्गी अपनी-अपनी टीमों को खिताब दिलाने की रणनीति बनाने में जुटे हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार

### अति-अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/Dist-Untied-11/2026-27 (1st Call) दिनांक – 09.06.2026

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 16.06.2026 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 03 | परिमाण विपत्र विकी का स्थान | | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 04 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 17.06.2026 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 05 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 17.06.2026 अपराहन 04.00 बजे । |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Conatruction of Rural Water Supply Scheme in Khas Tola Villae Childiri of Chandwa Block Latehar District. | 01 | 628881.00 | 13000 | 1250 | 01 Month |
| 02 | Cosntruction of Rural Water Supply Scheme for Khas Tola Goli Village (Ladhup Panchayat) of Chandwa block Latehar District. | 02 | 894074.00 | 18000 | 1250 | 01 Month |
| 03 | Construction of Rural WSS for Bandh Tola Village Bachra of Block Bariyatu Latehar District. | 03 | 863083.00 | 18000 | 1250 | 01 Month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department Participate in said Tender.
4. उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, लातेहार का पत्रांक– 906 दि0– 29.08.2024 के आलोक में लातेहार जिले में निबंधित सम्वेदक को प्राथमिकता देते हुए कार्य आवंटित किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार

PR 381873 Water Resource (26-27)_D



## कार्यालय : जिला परिषद्, चतरा

(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in)
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

### (अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 16/2026-27 दिनांक: 09.06.2026.

1. कार्य की विस्तृत विवरणी: डी.एम.एफ.टी.

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Chatra | Paradih | Bhagwan Das | Construction of PCC Road from Eidgah Talab to Bhagwandas Road | 909200 | 1250 | 18500 | 02 months |
| 2 | Chatra | Lem | Lem | Construction of Boundry Wall at- Health Sub Centre | 2287700 | 5000 | 46000 | 04 months |
| 3 | Chatra | Seema | Seema | Construction of PCC Road from H/O Jivlal Thakur to Chhabh Saw | 2714100 | 5000 | 54500 | 04 months |
| 4 | Chatra | Dariyatu | Telia Loagada | Construction of PCC Road from P.W.D Road to Nadi | 2980000 | 5000 | 60000 | 04 months |
| 5 | Chatra | Seema | Seema | Construction of PCC Road from H/O Saryu Bhuiyan to H/O Suresh Bhuiyan | 3369200 | 5000 | 67500 | 04 months |
| 6 | Chatra | Lem | Lem | Construction of PCC Road from Pitch Road to Harizan Tola | 3701600 | 5000 | 74500 | 04 months |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16/06/2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 17.06.2026 से 23.06.2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 25.06.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 381951 District(26-27).D

# रोहित-हार्दिक ने फिटनेस टेस्ट पास किया अफगानिस्तान से वनडे सीरीज में खेलेंगे

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत और अफगानिस्तान के बीच शनिवार से शुरू होने वाली 3 वनडे मैचों की सीरीज में रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या भी खेलेंगे हैं। दोनों ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। वे जल्द ही टीम के साथ जुड़ेंगे। हाल ही में हुए IPL के दौरान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझ रहे थे। वहीं हार्दिक पांड्या बैक स्पाज्म की वजह से परेशान थे। दोनों मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए चोटिल हुए थे। रोहित-हार्दिक को वनडे सीरीज के लिए सब्जेक्ट टू फिटनेस के आधार पर टीम में शामिल किया गया था। अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने दोनों को फिटनेस क्लियरेंस दे दी है।

### कोहली पहले ही सीरीज से बाहर हो चुके

विराट कोहली हैमस्ट्रिंग की वजह से टीम से बाहर हो चुके हैं। आईपीएल 2026 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए उनकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आया था। स्क्वाड अनाउंस के समय बीसीसीआई चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने बताया था कि कोहली की रिकवरी का सही समय अभी तय नहीं है। इंग्लैंड वनडे सीरीज तक वह फिट हो सकते हैं, लेकिन यह पक्का नहीं है। कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल को अफगानिस्तान सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है।

## कोहली पहले ही बाहर हो चुके



- अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में खेलेंगे दोनों खिलाड़ी
- भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के उत्कृष्टता केंद्र से मिली फिटनेस मंजूरी
- इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान चोटिल हुए थे रोहित और हार्दिक

# बेल्ट ग्रेडेशन परीक्षा में सफल कराटेकारों को मिला प्रमाण-पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में यूनियन क्लब, थरपखना स्थित कराटे केंद्र में आयोजित बेल्ट ग्रेडेशन परीक्षा में सफल खिलाड़ियों को सोमवार को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रमाण-पत्र वितरण समारोह फेडरेशन के मुख्य कराटे प्रशिक्षक एवं मुख्य तकनीकी निदेशक हांशी मानस सिन्हा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समारोह से पूर्व हांशी मानस सिन्हा ने कराटे खिलाड़ियों को आत्मरक्षा और कराटे की मूलभूत तकनीकों का विशेष प्रशिक्षण दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को कराटे के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास, मानसिक मजबूती और शारीरिक दक्षता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी के सचिव श्वेतांक सेन, कोषाध्यक्ष राम चटर्जी, शिहान संजय मिश्रा, सेंसाई नंद किशोर महतो, परीक्षित पाठक, राहुल कुमार और अश्विन आनंद उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सफल कराटेकारों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। वक्ताओं ने कहा कि कराटे केवल एक खेल नहीं, बल्कि आत्मरक्षा, आत्मअनुशासन और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। समारोह का समापन सफल प्रतिभागियों के सम्मान और उनके बेहतर भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# राज स्पोर्ट्स ने फाइनल मुकाबला पेनाल्टी शूट आउट में जीता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फाइनल मुकाबला शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि मुखिया हरीश चंद्र मुंडा सहित सभी सदस्यों ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर बिरसा मुंडा के फोटो पर माल्यार्पण किया । पंचपरगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग सीजन-3 के फाइनल मुकाबले में राज स्पोर्ट्स ने ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेताजी स्पोर्टिंग को पेनल्टी शूट आउट में 3- 2 से पराजित कर फाइनल मुकाबला जीत लिया है। मैच के दौरान राज स्पोर्ट्स की टीम शुरू से ही आक्रामक अंदाज में खेलती रही और पूरे मुकाबले में अपनी बढ़त बनाए रखी। परन्तु हाफ टाइम के बाद नेताजी स्पोर्टीग़ की टीम ने बढ़िया खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच बराबर कर लिया। राज स्पोर्ट्स की ओर से शिवेश्वर लोहारा ने 1 गोल, रामेश्वर मुंडा ने 1 गोल, प्रशांत ने 1, मुकेश के 1 गोल किया। वहीं नेताजी स्पोर्टीग़ की ओर से सालखन मुर्मू ने 2 छोटू सोरेन ने 1, विशेश्वर उरांव ने 1गोल किया। मुकाबला काफी रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने कई अच्छे आक्रमण किए और गोल करने के अवसर भी बनाए, लेकिन राज स्पोर्ट्स और नेताजी स्पोर्टीग़ दोनों टीमों की मजबूत रक्षापंक्ति और बेहतरीन गोलरक्षण के कारण वे उन मौकों को गोल में तब्दील नहीं कर सके।

# राष्ट्रीय रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में प्रियंका महतो ने जीता कांस्य पदक, झारखंड का बढ़ाया मान

**नवीन मेल संवाददाता**




**गोंडा/रांची।** झारखंड की उभरती महिला पहलवान प्रियंका महतो ने उत्तर प्रदेश के नंदनी नगर, गोंडा में आयोजित अंडर-17 सब जूनियर राष्ट्रीय रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) की प्रशिक्षु प्रियंका ने 40 किलोग्राम बालिका वर्ग में अपनी प्रतिभा और संघर्षशीलता का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता के दौरान प्रियंका महतो ने कई मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना किया और बेहतरीन तकनीक तथा जुझारू खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक झारखंड की झोली में डाला। उनकी इस सफलता से राज्य के खेल जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है। प्रियंका की उपलब्धि पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ, झारखंड खेल विभाग तथा झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, अभिभावक के. रवि कुमार, खेल निदेशक छवि रंजन, मार्गदर्शक भोलानाथ सिंह, महासचिव रजनीश कुमार, विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार सहित राज्य के सभी जिला कुश्ती संघों के पदाधिकारियों और कुश्ती परिवार ने प्रियंका को बधाई दी है। झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार ने कहा कि प्रियंका की यह सफलता राज्य में महिला कुश्ती के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना आसान नहीं होता। यह खिलाड़ी, प्रशिक्षकों और अभिभावकों की मेहनत का परिणाम है। उन्हें विश्वास है कि प्रियंका भविष्य में सीनियर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश और राज्य का नाम रोशन करेंगी। प्रियंका महतो की इस उपलब्धि से झारखंड की युवा महिला पहलवानों का मनोबल बढ़ा है। राज्य सरकार और कुश्ती संघ द्वारा जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देने लगा है।

# एशिया कप विजेता झारखंड के 8 हॉकी खिलाड़ियों का रांची में स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जापान के काकामीगाहारा शहर में आयोजित अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता 2026 में देश का गौरव बढ़ाने वाले झारखंड के आठ खिलाड़ियों का सोमवार को रांची पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। दिल्ली में हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होने के बाद सभी खिलाड़ी अपने गृह राज्य लौटे, जहां बिरसा मुंडा हवाई अड्डा खेल प्रेमियों के उत्साह से गूंज उठा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 29 मई से 6 जून तक आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि भारतीय महिला हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीतकर एशियाई स्तर पर भारत का परचम लहराया। स्वर्ण पदक विजेता भारतीय पुरुष टीम में झारखंड के आशीष तनी पूर्ति और प्रेमचंद शामिल रहे। वहीं कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला टीम में झारखंड की संदीपा कुमारी, पुष्पा मांझी, सुगन सांगा, खिली कुमारी, नीलम टोपनो और श्रुति कुमारी ने अपने उत्कृष्ट खेल से महत्वपूर्ण योगदान दिया। रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर हॉकी झारखंड की अगुवाई में सभी खिलाड़ियों का पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत किया गया। खिलाड़ियों के हाथ धुलवाए गए, उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, अशोक भगत, आश्रिता लकड़ा, दशरथ महतो, हॉकी प्रशिक्षक करुणा पूर्ति, दूलारी टोपनो, मनीष सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और समर्थक मौजूद रहे। खिलाड़ियों के स्वागत के दौरान पूरा हवाई अड्डा परिसर देशभक्ति और खेल भावना से सराबोर दिखाई दिया। "भारत माता की जय" और "हॉकी जिंदाबाद" के नारों से वातावरण गूंज उठा। खिलाड़ियों ने भी मिले सम्मान के लिए झारखंडवासियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में देश के लिए और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प दोहराया।

# रांची एयरपोर्ट पर विश्व विजेता रोशन थापा के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** अहमदाबाद में आयोजित विश्व योगासन चैंपियनशिप 2026 में स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड और देश का नाम रोशन करने वाले अंतरराष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी रोशन थापा का सोमवार को रांची हवाई अड्डे पर भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर खेल प्रेमियों, योगासन संघ के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। विश्व योगासन चैंपियनशिप में 78 देशों के लगभग 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। कड़े मुकाबलों के बीच रोशन थापा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और विश्व स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष मनोज तिवारी, सचिव चंदू कुमार, कोषाध्यक्ष प्रशांत सिंह तथा मुख्य सलाहकार विपिन पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने माल्यार्पण कर रोशन थापा का स्वागत किया और उनकी उपलब्धि पर बधाई दी।

रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से जिला अध्यक्ष डॉ. संतोषी साहू, सचिव डॉ. एस. के. घोषाल, कार्यकारी अध्यक्ष पी. पी. तिवारी, कोषाध्यक्ष राहुल सिंह, आर्य प्रहलाद भगत, रूपेश केसरी, शंकर राणा, चैताली मुखर्जी, पूजा सिंह, राहुल रंजन, सुजीत, प्रदीप साहू, अजय कुमार महतो, अम्या अंशु, उषा शर्मा, मधु शर्मा, ऋतिका जोशी, मनीषा, पवन नंद, राम गंगाधर महतो, शत्रुघ्न मनीषा सिंह, अनिशका, शिवराज बेबी और आरती पांडे सहित अनेक पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

स्वागत समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने रोशन थापा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सफलता राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प, अनुशासन और निरंतर मेहनत के बल पर झारखंड के खिलाड़ी भी विश्व मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस


# सैमसंग ने एआई पावर वाले रोजाना के हेल्थ कंपैनियन के लिए नए गैलेक्सी वॉच फीचर्स लॉन्च किए

*नया अपडेट यूज़र अनुभव को निष्क्रिय ट्रैकिंग से सक्रिय मार्गदर्शन में बदल देता है, जिसमें व्यक्तिगत और सहज दैनिक जानकारी का एक समृद्ध सेट शामिल है*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड ने आज सैमसंग हेल्थ ऐप के लिए एक बड़े अपडेट की घोषणा की है, जो आने वाली गैलेक्सी वॉच को एक सक्रिय और समझदार हेल्थ पार्टनर में बदल देगा। 8 जून से सैमसंग इस ऐप अपडेट को रोल आउट करना शुरू कर देगा ताकि आगामी गैलेक्सी वॉच में मिलने वाले मुख्य हेल्थ फीचर्स की झलक दिखाई जा सके। यह अपडेट रात की नींद से लेकर दिनभर की गतिविधियों तक के जटिल बायोमेट्रिक डेटा को सरल और काम आने वाले सुझावों में बदलकर रोज़ाना के स्वास्थ्य प्रबंधन को बहुत आसान बना देता है।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल एक्सपीरियंस (MX) बिजनेस में डिजिटल हेल्थ टीम के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हेड, होन पाक ने कहा, "सैमसंग हेल्थ ऐप अब गैलेक्सी वॉच द्वारा मापे गए हेल्थ डेटा को एआई आधारित जानकारियों से जोड़ने के लिए विकसित हो रहा है। इससे यूज़र्स अपनी शारीरिक और मानसिक स्थिति को अधिक आसानी से और बेहतर तरीके से समझ सकेंगे। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कनेक्टेड गैलेक्सी इकोसिस्टम और डिजिटल हेल्थ इनोवेशन्स के आधार पर सक्रिय और व्यक्तिगत स्वास्थ्य प्रबंधन के अनुभवों का विस्तार करना जारी रखेगा। यह प्रगति वास्तव में एआई-संचालित हेल्थ प्लेटफॉर्म के लिए सैमसंग के व्यापक दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसे यूज़र्स को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और आगे रहने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नए घोषित हेल्थ फीचर्स सबसे पहले आने वाली गैलेक्सी वॉच पर उपलब्ध होंगे।




### गैलेक्सी वॉच को इंटेलीजेंट हेल्थ पार्टनर में बदलने वाले फीचर्स

**सैमसंग हेल्थ अपडेट इन फीचर्स के साथ आया है:**

- **वाइटल्स:** शरीर के संकेतों की बेहतर समझ - पहले, सैमसंग हेल्थ यूज़र्स के दैनिक एनर्जी स्कोर को मापने में मदद करने के लिए कुछ खास हेल्थ मैट्रिक्स की निगरानी करता था। अब सैमसंग हेल्थ इसमें एक कदम आगे बढ़ रहा है। जब यूज़र्स सुबह जागते हैं, तो नया 'वाइटल्स' फीचर रात के समय के पांच प्रमुख बायो-सिग्नल्स – हार्ट रेट, हार्ट रेट वेरिएबिलिटी, रेस्पिरेटरी रेट, स्किन टेम्परेचर और ब्लड ऑक्सीजन – का उनके वास्तविक रेस्टिंग बेसलाइन के साथ विश्लेषण करता है। यह केवल तभी नोटिफिकेशन भेजता है जब इसे कोई महत्वपूर्ण बदलाव मिलता है। इससे यूज़र्स को यह तय करने में मदद मिलती है कि उन्हें अधिक आराम की आवश्यकता है या वे किसी बीमारी से लड़ रहे हैं, और वे बार-बार आने वाले फालतू अलर्ट्स से परेशान नहीं होते।
- **हार्ट हेल्थ स्कोर:** बेहतर दीर्घकालिक कल्याण - पिछले साल सैमसंग ने वैस्कुलर लोड पेश किया था ताकि यूज़र्स रक्त वाहिकाओं के तनाव की निगरानी कर सकें और स्वास्थ्य के प्रति अधिक सराहनात्मक दृष्टिकोण अपना सकें। आज, वह दृष्टिकोण 'हार्ट हेल्थ स्कोर' के रूप में विकसित हो गया है। यह एकल दैनिक स्कोर पहले वैस्कुलर लोड में मिलने वाली जानकारियों – जैसे कि नींद, तनाव और गतिविधि – को शरीर की बनावट के डेटा के साथ जोड़ता है। इसका परिणाम एक एकीकृत स्कोर के रूप में मिलता है जो साफ तौर पर उन आदतों की पहचान करता है जो यूज़र्स के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं, जिससे उन्हें अपने दिल के स्वास्थ्य के बारे में तुरंत स्पष्ट जानकारी मिल जाती है।
- **डेली कार्डियो लोड:** स्मार्टर कार्डियोवैस्कुलर ट्रेनिंग - जब यूज़र्स यह तय कर रहे होते हैं कि एरोबिक एक्सरसाइज के दौरान उन्हें कितना जोर लगाना है, तब 'डेली कार्डियो लोड' उनके दिल पर पड़ने वाले दबाव को मापता है। दैनिक लोड और अधिकतम ट्रेनिंग क्षमता की गणना करके, यह सही ट्रेनिंग लक्ष्यों और आराम के समय की सिफारिश करता है ताकि यूज़र्स बिना किसी अत्यधिक थकान या चोट के जोखिम के अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।
- **फिटनेस इंडेक्स:** आसान प्रोग्रेस ट्रैकिंग - फिटनेस इंडेक्स यह सुनिश्चित करता है कि आपकी कसरत सही तरीके से काम कर रही है। इसके लिए यह हार्ट रेट, VO2 मैक्स (एरोबिक फिटनेस का एक मुख्य पैमाना) और रोज़ाना के कदमों जैसे मैट्रिक्स का विश्लेषण यूज़र के हमउम्र लोगों के साथ तुलना करके करता है। व्यक्तिगत शारीरिक शक्तियों और कमजोरियों की स्पष्ट पहचान करके, यह अनुकूलित कंटेंट और व्यक्तिगत लक्ष्य प्रदान करता है ताकि यूज़र्स लगातार और सही दिशा में सुधार कर सकें।

### सरल, व्यक्तिगत अनुभव के लिए नया सैमसंग हेल्थ डिज़ाइन

इन सक्रिय जानकारी को ढूंढना आसान बनाने के लिए, सैमसंग हेल्थ ने एक सुव्यवस्थित लेआउट पेश किया है जिसे पांच मुख्य स्तंभों में बांटा गया है: स्लीप, एक्टिविटी, न्यूट्रिशन, माइंडफुलनेस और वाइटल्स। होम स्क्रीन के भीतर, यूज़र्स अब अपने एआई-संचालित एनर्जी स्कोर के साथ-साथ रोज़ाना के वेलनेस टिप्स को आसानी से देख सकते हैं।

# लगातार दो सत्रों तक गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद

**एजेंसी । मुंबई**

लगातार दो सत्रों तक बड़ी गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 394.50 अंक या 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 73,918.76 और निफ्टी 119.10 अंक या 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,424.10 पर था। बाजार में तेजी को बैंकिंग स्टॉक्स ने लीड किया। इस दौरान निफ्टी बैंक 2.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसके अलावा, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी ऑटो, निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग, निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी सर्विसेज सबसे तेजी से बढ़ने वाले सूचकांक थे। दूसरी तरफ, निफ्टी आईटी और निफ्टी मीडिया लाल निशान में बंद हुआ।



लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 809.80 अंक या 1.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,715.45 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 300.15 अंक या 1.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,063.60 पर था। सेंसेक्स पैक में इंडिगो, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, ट्रेंट, मारुति सुजुकी, एचयूएल, कोटक महिंद्रा बैंक, एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट गेनर्स थे।

# एआई खतरा नहीं, बल्कि विकास का एक बड़ा अवसर : एन चंद्रशेखरन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि टेक्नोलॉजी सर्विसेज इंडस्ट्री के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) खतरा नहीं, बल्कि एक बड़ा अवसर है। साथ ही कहा कि कंपनी की एआई से आय पिछली चार तिमाही से लगातार बढ़ रही है। इस दौरान चक्रवृद्धि तिमाही वृद्धि दर (सीक्यूजीआर) में 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। पिछली तिमाही में सालाना आधार पर एआई से आय करीब 2.5 अरब डॉलर थी। टीसीएस की 31वीं सालाना आम बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा कि अगले तीन सालों में कंपनी में एआई एजेंट की संख्या कर्मचारियों के बराबर हो सकती है, जो टीसीएस में काम करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव होगा।



चंद्रशेखरन ने कहा कि कंपनी अपने इतिहास का "सबसे अहम काम" कर रही है, क्योंकि एआई ग्लोबल टेक्नोलॉजी सर्विस इंडस्ट्री को बदल रहा है।

चंद्रशेखरन के मुताबिक, एआई को अपनाने के कारण तीन-चौथाई कंपनियों को लगता है कि अगले दो वर्षों में टेक्नोलॉजी पर खर्च बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि निवेशकों की चिंताओं और हाल ही में पूरे आईटी सेक्टर पर बने दबाव के बावजूद, कंपनी के फंडामेंटल मजबूत बने हुए हैं; इसमें स्थिर मार्जिन, बढ़ती रेवेन्यू और मजबूत डील पाइपलाइन शामिल हैं।

# केंद्र ने कोयला एक्सचेंज नियम, 2026 जारी किए, भारत के ऊर्जा बाजारों को मिलेगी मजबूती

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत की कोयला आपूर्ति श्रृंखला के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केंद्र सरकार ने कोयला एक्सचेंज नियम, 2026 को जारी कर दिया है। इससे विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के तहत ऊर्जा बाजारों को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। यह जानकारी कोयला मंत्रालय की ओर से मंगलवार को दी गई। मंत्रालय ने बयान में कहा कि सरकार देश में कोयला एक्सचेंजों की स्थापना के लिए मार्ग तैयार कर रही है।



हाल ही में पारित खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2025 ने खनिज एक्सचेंज की अवधारणा को लागू किया है और केंद्र सरकार को कोयले और उसके प्रसंस्कृत रूपों सहित खनिजों के पारदर्शी और कुशल व्यापार को बढ़ावा देने का अधिकार दिया है।

इसके तहत कोयला मंत्रालय ने दिसंबर 2025 में कोयला नियंत्रक संगठन (सीसीओ) को कोयला एक्सचेंजों के पंजीकरण और विनियमन के लिए जिम्मेदार प्राधिकरण के रूप में नामित किया है। पात्र संस्थाओं को सीसीओ द्वारा कोयला एक्सचेंज स्थापित करने तथा संचालित करने, बाजार नियम तथा उपनियम बनाने और कोयला व्यापार को सुगम बनाने के लिए अधिकृत किया जाएगा। पंजीकरण 25 वर्षों की अवधि के लिए वैध होंगे। कोयला मंत्रालय के मुताबिक, कोल एक्सचेंज की शुरुआत से कोयला विपणन में एक क्रांतिकारी बदलाव आएगा, क्योंकि यह पारंपरिक "एक से अनेक" बिक्री मॉडल से हटकर एक प्रतिस्पर्धी "अनेक से अनेक" व्यापार मंच की ओर अग्रसर है। इससे पारदर्शी और बाजार-आधारित मूल्य निर्धारण संभव होगा, दक्षता में सुधार होगा और वाणिज्यिक तथा कैप्टिव खनिकों सहित कोयला उत्पादकों को खरीदारों के व्यापक समूह तक आसान पहुंच प्राप्त होगी।